सुप्रभात
रांची, रविवार
06.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 27

06 सावन के झूलों का जिंदगी में बहुत महत्व है



## 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक 49 दिनों की होगी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा

# बूथ से लोगों के साथ जीवंत संबंध विकसित करें कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि : बाबूलाल

### हर दिन दो विधानसभा क्षेत्रों में होगी जनसभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह के मधुबन में भाजपा के जिला परिषद सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और विधायकों की बैठक हुई, जिसमें प्रशिक्षण सत्र को लेकर सभी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस अवसर पर कोडरमा की सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

बैठक में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बूथ ही हमारी गतिविधियों का सक्रिय केंद्र बने। कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बूथ से जीवंत संबंध स्थापित करें। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यवहार और परिश्रम से जनता का दिल जीतेंगे तो जनता पार्टी को जीत दिलायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को समाधान नहीं दे रही, बल्कि जनता को परेशान करने वाले विधेयक लाकर परेशान करने का लगातार प्रयास कर रही है।

### गिरिडीह के मधुबन में भाजपा के जिला परिषद सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू




प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विगत दिनों संपन्न कार्यक्रम, महा जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा की और जिलाध्यक्षों से जानकारी ली। उन्होंने आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, मेरी माटी मेरा देश, विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम को जन भागीदारी के साथ मनाने का आह्वान किया।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि हेमंत सरकार गांव, गरीब, किसान आदिवासी, दलित पिछड़ा महिला विरोधी सरकार है। भाजपा लगातार जन मुद्दों पर सरकार को सदन से सड़क तक घेर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी 17 अगस्त से 4 अक्टूबर तक 81 विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा के माध्यम से जनता को संबोधित करेंगे। बताया कि यह संकल्प यात्रा 17 अगस्त से सिदो कान्हू की जन्मभूमि से प्रारंभ होगी।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, सुनील सिंह, गंगोत्री कुजूर, अपर्णा सेन गुप्ता, विनोद शर्मा, जेपी पटेल, महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, मुनेश्वर साहू, शर्मिला रजक, विवेक भवानी सिंह रीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक सहित विधायक सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, किशुन दास, अनंत ओझा, अमित मंडल, नारायण दास, रणधीर सिंह, नीरा यादव, मनीष जायसवाल,राज सिन्हा, बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो, अमर बाउरी, समरी लाल उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष महादेव दूबे ने किया।

### ट्विटर पर बाबूलाल का कार्यकर्ताओं को संदेश

## भाजपा नेताओं पर कहर बरपा सकते हैं सीएम, घबराएं नहीं

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों को ट्विटर के जरिये एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव नजदीक आ रहा है। इसलिए संभव है कि मुख्यमंत्री अपने प्रतिद्वंदियों के खिलाफ कहर बरपा सकते हैं। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं, समर्थकों और सहयोगियों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा सकते हैं। उनका सरकारी दमन हो सकता है। उन्होंने कहा कि रोज षड्यंत्र एवं साजिश रचने की जानकारी मिल रही है। बाबूलाल ने कहा कि सत्ता के टूल की तरह इस्तेमाल हो रहे ऐसे षड्यंत्रकारियों के मंसूबे पर हमारी पैनी नजर है। सरकारी लठैत गिरोह की तरह काम कर रहे कुछ लोगों की ऐसी किसी भी साजिशपूर्ण कार्रवाई एवं गैर-कानूनी कदम उठाने वालों को हम आम जनता की मदद से बेनकाब करेंगे और कानून से उन्हें सजा दिलायेंगे। इसलिए इनसे घबराना नहीं है। झारखंड की जनता के हित के लिए हर कष्ट सहना है।

## बाबूलाल नहीं चाहते झारखंड में कदाचार मुक्त परीक्षा हो : सुप्रियो

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पास होने पर बीजेपी के विरोध को लेकर जेएमएम ने कड़ी आपत्ति जताई है। जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बीजेपी को इसका विरोध करने का कोई हक नहीं है। बीजेपी बताए कि क्या वह भाजपा शासित गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का विरोध करेगी, जहां यही कानून लागू है। सुप्रियो ने कहा कि बीजेपी और बाबूलाल मरांडी नहीं चाहते कि झारखंड में कदाचार मुक्त परीक्षा हो। उन्होंने बाबूलाल मरांडी से सवाल किया कि क्या पेपर लीक करने वाले आपके रिश्तेदार हैं? पहले और दूसरे जेपीएससी घोटाले में सीबीआई जांच हुई और अध्यक्ष समेत कई लोग जेल गए। पैसे लेकर अपने लोगों को नियुक्त करना, इनके लिए आम बात है।

**इस विधेयक पर अपनी सहमति दें राज्यपाल :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चार अगस्त को सुबह-सुबह राज्यपाल से मिलकर इसका विरोध किया गया। यानी कदाचार, भ्रष्टाचार और बच्चों का भविष्य भांड़ में जाए, लेकिन इनकी काली कमाई जारी रहे। बस ये यही चाहते हैं और राजभवन का बार-बार इस्तेमाल कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की है कि आने वाली नौकरियों में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो, इसलिए इस विधेयक पर सहमति प्रदान करें।

**सुदेश महतो से भी किया सवाल**

उन्होंने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से भी सवाल किया है कि उत्तराखंड और गुजरात सरकार ने गलत काम किया है। अगर उनमें नैतिकता और साहस है, तो इसका जवाब देना चाहिए. सुप्रियो ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपना विपक्ष का नेता नहीं चुन पायी, जबकि इसके लिए दो पंडित भी आए थे। लेकिन वह भी इनकी कुंडली नहीं मिला पाए।

### खबर एक नजर में

### निलंबित आइएएस अधिकारी छविरंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला आठ को

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि छवि रंजन मामले में निर्दोष हैं। उनपर मनी लॉन्ड्रिंग का केस नहीं बनता है। इसका सरकारी वकील शिव कुमार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि छवि रंजन फर्जीवाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में फैसले की तिथि अदालत ने आठ अगस्त निर्धारित की है।

### पूर्व विधायक अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत याचिका दायर कर मांगी जमानत

**रांची।** जेल में बंद पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट में जमानत की अर्जी लगायी है। उन्होंने अपने अधिवक्ता सुनील महतो के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। बता दें कि अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये थे। इस मामले में अमित महतो को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिली थी। इसके बाद 27 जून को उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### प्रशिक्षण निदेशालय में कंप्यूटर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की होगी प्रतिनियुक्ति

**रांची।** प्रशिक्षण निदेशालय में कंप्यूटर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति होगी। इसको लेकर आईजी ट्रेनिंग ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि रांची पुलिस मुख्यालय के प्रशिक्षण निदेशालय में कार्य करने के लिए इंस्पेक्टर रैक से सिपाही (कंप्यूटर प्रशिक्षित) तक के पदाधिकारियों और कर्मियों की आवश्यकता ह। अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच प्रचार प्रसार करते हुए कंप्यूटर प्रशिक्षित इच्छुक पदाधिकारियों और कर्मियों का मनोनयन प्राप्त कर एक सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण निदेशालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### देवघर में कर्मवीर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने बाबा बैद्यनाथ का किया श्रृंगार दर्शन

**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ का श्रृंगार दर्शन कर देश की खुशहाली व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद मांगा। शुक्रवार की शाम को भाजपा प्रदेश संगठन प्रभारी कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय रांची से चलकर सड़क मार्ग से देवघर पहुंचे। देवघर पहुंचने के बाद भाजपा नेताओं का स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन के मुद्दे पर भी अनौपचारिक बातचीत की। मौके पर जिला भाजपा प्रभारी बबलू भगत, जिला उपाध्यक्ष राकेश नरौने सुग्गा, जिला महामंत्री अधिरचंद्र भैया, पंकज सिंह भदौरिया, धनंजय तिवारी, सचिन सुल्तानिया, मिथिलेश सिन्हा, अमनदीप गोलू, बजरंगी साव, कुंदन कुमार, इंद्रदेव सिंह सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए सीआइडी ने जारी की गाइडलाइन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने आम लोगों को क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए गाइडलाइन जारी की है। जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि इन दिनों साइबर अपराधियों द्वारा क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित फ्रॉड किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। इस अपराध को करने के लिए साइबर अपराधी आम लोगों से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में आते हैं। लोगों से दोस्ती और शादी का झांसा देकर अपने बातों में फंसाते हैं। फिर अलग-अलग बैंक खातों में और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट एड्रेस में बैंक या क्रिप्टो वॉलेट से पैसे डालने के लिए कहते हैं।

**क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड से बचने के लिए आम नागरीक से अपील :**

किसी भी अनजान इंटरनेशन, वर्चुअल नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आने पर उनकी बातों में आकर पैसों का आदान प्रदान करने से बचे।

एसएमएस के माध्यम से कोई अनजान लिंक प्राप्त होने पर उस पर क्लिक न करें।

निवेश के नाम पर अनजान बैंक खातों और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में पैसे निवेश करने से बचें।

## अमृत भारत स्टेशन योजना से विकसित होंगे झारखंड के रेलवे स्टेशन, आज पीएम रखेंगे योजना की आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एक और सौगात देने जा रहे हैं। आज रविवार को पीएम अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत कर रहे हैं। इस योजना के पहले चरण में 1309 में से पांच सौ से अधिक रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें झारखंड के कई रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के सैकड़ों रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जाएगा। 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन इसकी आधारशिला रखेंगे। इस योजना में झारखंड के 20 रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना से जुड़ने वाले झारखंड के रेलवे स्टेशनों में, कोडरमा, रामगढ़, घाटशिला रेलवे स्टेशन समेत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में आने वाले कुल 15 स्टेशन शामिल हैं। इस योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर उन्हें स्मार्ट बनाया जाएगा और सुविधाएं बेहतर की जानी है। इस योजना के तहत यात्रियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिसमें फ्री वाई-फाई, कियोस्क की सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा स्टेशन पहुंच मार्ग, सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग रूम, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट या एस्केलेटर, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की सुविधा शामिल है।

**प्रत्येक स्टेशन के कायाकल्प में लागत :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के चन्द्रपुरा 26.50 करोड़, गोमो 32.40 करोड़, कतरास 26.90 करोड़, नगर उंटारी 26.30 करोड़, गढ़वा टाउन 25.50 करोड़, पहाड़पुर 28.10 करोड़, पारसनाथ 30.40 करोड़, हजारीबाग रोड 28.10 करोड़, कोडरमा 30.30 करोड़, लातेहार 24.50 करोड़, डालटनगंज 29.20 करोड़, गढ़वा रोड 24.50 करोड़, बरकाकाना 32.60 करोड़, रेनुकूट 31.70 करोड़, चोपन 30.90 करोड़ की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है।

### झारखंड में जदयू को मजबूती देने के लिए नयी कमेटी के गठन की हुई घोषणा

# झारखंड-बिहार की सभी लोस सीटों पर जीतेगा आइएनडीआइए : अशोक चौधरी

**नवंबर में रांची आयेंगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार!**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में जनता दल यूनाइटेड राजनीतिक रूप से अपने जनाधार को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी को लेकर शनिवार को जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी के साथ प्रदेश के सह प्रभारी मनोज यादव और विजय सिंह ने रांची में कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए नई कमेटी का गठन किया गया है। जिसकी घोषणा जल्दी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में प्रखंडवार बैठक की जाएगी। जिसके लिए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह झारखंड पहुंचेंगे। वहीं नवंबर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी झारखंड आने की उम्मीद है। अशोक चौधरी ने बताया कि नई कमेटी के गठन में यह देखा गया है कि किस प्रकार से युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाए ताकि झारखंड में जनता दल यूनाइटेड आगामी चुनाव को लेकर मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि झारखंड में स्थानीय नीति और नियोजन नीति के लिए जेडीयू का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रशंसा करते हुए कहा कि विपक्षी एकता को मजबूत करने में उनकी सहभागिता बहुत ही बेहतर है। आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार और झारखंड की सभी 54 सीटों पर गठबंधन के दल एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और भाजपा को झारखंड और बिहार से पूरी तरह साफ कर देंगे।

मणिपुर घटना को लेकर अशोक चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही कहती है कि डबल इंजन की सरकार से वह देश और राज्य की व्यवस्था को मजबूत करेगी लेकिन मणिपुर में भाजपा की राज्य में भी सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। उसके बावजूद भी मणिपुर में हिंसा कम नहीं हो रही है।

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर अशोक चौधरी ने कहा कि भाजपा के लोग लोकतंत्र को अपने हिसाब से तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। अपना हित साधने के लिए भाजपा के लोगों ने महज 48 घंटे में ही राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवायी।

### तेजस्विनी कर्मचारी संघ सीएम आवास का करेगा घेराव

**रांची।** झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ अपनी 5 सूत्री मांगों के समर्थन में 7 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष आक्रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह करेंगे। संघ के अध्यक्ष आशीष विजय एवम महामंत्री सौरभ कुमार दुबे ने कहा कि राज्य सरकार आज तक तेजस्विनी परियोजना का अवधि विस्तार करने का कोई निर्णय नहीं लिया जबकि संघ द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री से, मंत्री जोबा मांझी, और विभागीय अधिकारियों से मिलकर दीर्घ कालीन अवधि विस्तार करने, स्थाई समायोजन करने का अनुरोध कई बार किया गया, परंतु आज तक राज्य सरकार ने कोई कारवाई नहीं की। कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि राज्य में कार्यरत सभी संविदा कर्मी, दैनिक भोगी कर्मी, को हम स्थाई समायोजन करेंगे, परंतु अबतक कारवाई नही हुई।

### राज्य में मानसून फिर होगा सक्रिय, अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर शनिवार को कमजोर रहा। इस दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहे लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो छह अगस्त रविवार से राज्य में फिर से मानसून सक्रिय होगा। जहां पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा, गुमला, लोहरदगा समेत अन्य जिलों मे भारी बारिश की संभावना है। वहीं, राज्य के पूर्वी जिलों मे मध्यम दर्जे की बारिश की जानकारी दी गयी है। तापमान की बात करें तो आने वाले पांच दिनों के दौरान तापमान में कमी महसूस की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी। पांच दिनों तक तापमान में गिरावट आयेगी। इस दौरान राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्यिस रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिन तक मौसम में वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी।

# बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक में पदाधिकारियों ने गोतस्करी और लव जिहाद पर जतायी चिंता, रोकने के लिए बनायी कार्य योजना

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक शनिवार से रांची के दिगंबर जैन भवन में शुरू हुई। जिसमें झारखंड में लव जिहाद और गो तस्करी को रोकने के लिए वृहत कार्य योजना बनाई गई। वहीं संगठन मजबूती को लेकर आगामी 6 माह की कार्य योजना तैयार करने के लिए मंत्रणा की गई। बजरंग दल की राष्ट्रीय बैठक का उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद पांडे, बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव सहित देश के सभी प्रदेशों से आए 80 प्रतिनिधि शामिल हुए।

**चुनौतियों से निपटने के लिए संगठन विस्तार पर जोर :** बजरंग दल के राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि बजरंग दल गठन के 40 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। बजरंग दल ने स्थापना काल से अब तक समाज रक्षक के रूप में प्रेरणादायी कार्य किए हैं। चाहे वह हिंदू कन्या रक्षा हो, गो रक्षा हो, मठ-मंदिर रक्षा हो या अन्य कोई दूसरा सामाजिक कार्य बजरंग दल सभी में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण, गो तस्करी, घुसपैठ, धार्मिक यात्रा में हमला आदि हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने के लिए हमें संगठन विस्तार करना होगा।

### झारखंड में बजरंग दल का होगा संगठन विस्तार

बजरंग दल की इस राष्ट्रीय बैठक में 2024 में विहिप के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। वहीं झारखंड में लव जिहाद, गो तस्करी जैसी घटना को रोकने के लिए पंचायत स्तर तक संगठन तैयार करने का निर्णय लिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेंद्र साहू के अनुसार राज्य में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 5000 समितियों का गठन करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा आने वाले समय में बजरंग दल द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

### मेवात में हुई घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि हरियाणा के मेवात में हिंदू धर्म यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर आधुनिक हथियार से गोली चलाना, पेट्रोल बम फेंकना, महिलाओं के साथ क्रूरतम अत्याचार करना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय के अनुकूल वातावरण बनने का कारण ही जिहादियों के मन में उबाल है। आज उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और बांग्लादेश की सीमा क्षेत्र घुसपैठ का बड़ा केंद्र बन गया है। घुसपैठ वाले क्षेत्र में जिहादी हिंसा बढ़ती जा रही है।

### हिंदू समाज के लोग सचेत रहें

आज हिंदू समाज को सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज जनजाति युवतियों से मुस्लिम विवाह कर उनके नाम पर जमीन खरीद रहे हैं और आरक्षण का लाभ ले रहे हैं, जो असंवैधानिक है। समाज में आज साम्यवादी विचारधारा के लोगों के द्वारा युवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, जैन -बौद्ध समाज को टारगेट करते हुए अनेक प्रकार के सामाजिक, सांस्कृति और धार्मिक भावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाला जा रहा है, जिससे समाज भ्रमित हो रहा है।

## संगठित आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर एटीएस ने की छापेमारी, 17 किये गये गिरफ्तार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ झारखंड एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। 15 दिनों के अंदर एटीएस ने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर झारखंड के छह प्रमुख आपराधिक गिरोह के 230 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग गिरोह से जुड़े 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा आपराधिक गिरोह के 130 लोगों का सत्यापन किया गया। वहीं 90 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी, जबकि 91 लोगों को बांड भरवाया गया। आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि आपराधिक गिरोह से जुड़े 338 लोगों की निगरानी के लिए झारखंड के सभी जिलों को प्रस्ताव भेजा गया है।

**गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस किया जा रहा है तैयार**

डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों का डाटाबेस तैयार कर रही है। साथ ही जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को बक्शा नहीं जायेगा।

**इन आपराधिक गिरोहों के ठिकानों पर एटीएस की रेड**

| |
|---|
| अमन श्रीवास्तव |
| अमन साहू |
| अमन सिंह |
| प्रिंस खान |
| कालू लामा |

**इन आपराधिक गिरोहों के दस अपराधी गिरफ्तार**

| |
|---|
| अमन साहू : चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी, दिगंबर प्रजापति और राजन कुमार |
| अमन श्रीवास्तव : ऐजाज अंसारी, मिंकु खान |
| कालू लामा : रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा |
| प्रिंस खान : अफजल अंसारी, दानिश मल्लिक, तनवीर तस्लीम |
| अमन सिंह : बुचन सिंह |
| प्रभाकर पांडेय : हथियार सप्लायर |

**हथियार-पैसे सहित कई सामान बरामद :**

| |
|---|
| 05 पिस्तौल |
| 01 रिवाल्वर |
| 49.83 लाख रूपया |
| 08 राउंड गोली |
| 02 मैगजीन |
| 01 स्कॉर्पियो |
| 02 बाइक |
| 14 मोबाइल फोन |

**ये हैं झारखंड के आठ बड़े आपराधिक गिरोहों के सरगना:**

| | |
|---|---|
| अखिलेश सिंह : | दुमका जेल में बंद |
| अमन साहू : | दुमका जेल में बंद |
| अमन सिंह : | धनबाद जेल में बंद |
| लवकुश शर्मा : | साहेबगंज जेल में बंद |
| विकास तिवारी : | हजारीबाग जेल में बंद |
| अमन श्रीवास्तव : | रांची जेल में बंद |
| डब्लू सिंह : | फरार |
| प्रिंस खान : | फरार |



सुप्रभात
रांची, रविवार
06.08.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 27


06 सावन के झूलों का जिंदगी में बहुत महत्व है

# इमरान को तीन साल की सजा, गिरफ्तार

## तोशाखाना मामला : अयोग्य करार, पांच साल नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान (70) को पाकिस्तान की कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। तोशखाना मामले में उन्हें तीन साल जेल की सजा और एक लाख जुर्माना लगाया गया है। सजा सुनाये जाने के बाद इमरान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर कोट लखपत जेल ले भेज दिया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की गिरफ्तारी की पुष्टि भी कर दी है।

इसके अलावा इस्लामाबाद की ट्रायल कोर्ट ने इमरान के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। यानी अगर हालात यही रहे तो अगले पांच सालों तक इमरान खान चुनाव नहीं लड़ पायेंगे। इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने सत्ता में रहते हुए विदेशों से मिले महंगे सरकारी उपहार बेचकर मुनाफा कमाया है। इस्लामाबाद स्थित जिला एवं सत्र अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने की अदालत ने यह फैसला सुनाया। पीटीआइ के अध्यक्ष के खिलाफ संपत्ति की गलत घोषणा करने के आरोप साबित हुए हैं। सूत्रों के अनुसार बाद में तय किया जायेगा कि उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा जाएगा या कहीं और। तोशाखाना मामले में पिछले साल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) की शिकायत पर दायर किया गया था। आयोग इससे पहले इसी मामले में खान को अयोग्य करार दे चुकी थी। इसीपी ने 21 अक्टूबर, 2022 को खान को 'झूठे बयान और गलत जानकारी' देने के आरोप में सार्वजनिक पद संभालने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

**क्या है तोशखाना मामला :** पाकिस्तान में तोशाखाना कैबिनेट प्रभाग के अंतर्गत



एक विभाग है। बड़े नेताओं, हस्तियों, नौकरशाहों, अधिकारियों और अन्य देशों के द्वारा दिये गये उपहारों को यहां रखा जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### ...तो क्या खत्म हो जायेगा राजनीतिक सफर

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद तमाम सवाल उठ रहे हैं। क्या इमरान की राजनीतिक पारी खत्म होने वाली है। क्या पाकिस्तान की तख्त के बाद अब उनकी जिंदगी जेल के अंधेरी कोठरी में गुजरेगी। तोशाखाना मामले में हेराफेरी उनके साख के साथ-साथ फिर से सत्ता में आने के तमाम मंसूबों पर पानी फेर देगी। उनके पांच साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। समय से सत्ता और कानून के साथ शह-मात का खेल खेलने के बाद आखिरकार पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पाकिस्तान तहरीक ए इस्लाम (पीटीआइ) प्रमुख इमरान खान सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं।

## फिक्स डिपॉजिट तोड़ रघुवर सरकार को जैक ने दिये थे 250 करोड़

# ऑडिट टीम ने अब उठाया सवाल पूछा- कैसे दिये सरकार को पैसे

**खबर मन्त्र ब्रेकिंग**

- ऑडिट टीम ने जैक को कठघरे में खड़ा किया

सुधीर

**रांची।** राज्य की निवर्तमान रघुवर सरकार के समय (वर्ष 2018) में फिक्स डिपाजिट तोड़कर झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने सरकार को 250 करोड़ रुपये दिये थे। अब इस पैसे को लेकर एजी के ऑडिटरों ने सवाल खड़ा किये हैं। ऑडिटरों जैक से पूछा है कि जैक एक स्वायत्तशासी परिषद् है, फिर इसने सरकार को 250 करोड़ रुपये क्यों और कैसे दे दिये? मालूम हो कि तत्कालीन रघुवर सरकार ने राज्य में फंड की कमी बताते हुए राज्य के सभी विभागों समेत जैक से भी पैसे की मांग की थी। अन्य विभागों ने तो सरकार को पैसे नहीं दिये, परंतु जैक ने दबाव में आकर बच्चों से लिये गये पैसे (जो फिक्स डिपाजिट थे) उसे तोड़कर सरकार को दिये। (शेष पेज 11 पर)

### पैसा देने के तुरंत बाद दूसरी बार सेवा का मौका

जैक के जानकार अधिकारी बताते हैं कि जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह ने तत्कालीन वित्त पदाधिकारी राजेश कुमार के साथ मिलकर सरकार को 250 करोड़ उपलब्ध कराये थे। बदले में तत्कालीन सरकार के स्तर पर दोनों अधिकारी उपकृत किये गये थे। जैक अध्यक्ष अरविंद प्रसाद सिंह को दूसरी बार अध्यक्ष पद की शोभा बढ़ाने का मौका मिला। वहीं, वित्त पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे राजेश कुमार को डिग्री बाद में और नौकरी पहले मिल गयी।



### झारखंड की महिला पुलिस ने बढ़ाया मान

**रांची।** कनाडा के विन्नीपेग शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में झारखंड की महिला पुलिस कर्मियों ने भारत का मान बढ़ाया। पावरलिफ्टिंग में झारखंड पुलिस से सेवानिवृत (ऐच्छिक) बेला घोष और सुजाता भगत ने 2 गोल्ड समेत 3 मेडल जीते। बेला घोष ने पावरलिफ्टिंग के बेंच प्रेस और पुश पूल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। (शेष पेज 11 पर)

**डब्लूडब्लूपीजीएस गेम्स में दो गोल्ड मेडल जीते**

# दिल्ली-रांची इंडिगो फ्लाइट की आपात लैंडिंग, सभी सुरक्षित

### बाल-बाल बचे यात्री, दूसरी फ्लाइट से रांची पहुंचाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली से रांची आ रही इंडिगो फ्लाइट को शनिवार की सुबह वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इंडिगो की एक फ्लाइट ने दिल्ली से रांची के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 20 मिनट के अंदर ही फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी आ गयी, जिसके बाद पायलट की सूझबूझ से फ्लाइट को वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे। अचानक आयी खराबी से यत्रियों की सांस अटक गयी। सुरक्षित आपात लैंडिंग के सभी यात्रियों की जान में जान आयी। दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट को ग्राउंडेड कराने के बाद उसमें बैठे 180 यात्रियों को




दूसरे विमान से रांची लाया गया। यात्रियों को लगभग 9:30 बजे रांची पहुंचना था, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी से सभी यात्री लगभग 3 घंटे लेट रांची एयरपोर्ट पहुंचे।

**मच गया हड़कंप :** जिस समय तकनीकी खराबी का पता चला, विमान करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर था। तभी आवाज आयी- इमरजेंसी लैंडिंग करनी होगी। तो यात्रियों में हड़कंप मच गया। (शेष पेज 11 पर)

# चांद की कक्षा में जा पहुंचा अपना चंद्रयान

- 18 दिन बाद चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की होगी कोशिश

एजेंसी



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 सफलता का एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए शनिवार शाम सात बजे चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया। यह भारत के चंद्र खोज मिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है। इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष यान का लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन (एलओआई) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु में सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इसरो ने ट्वीट किया, 'एमओएक्स ए आईएसटीआरएसी यह चंद्रयान-3 है, मैं चंद्र गुरुत्वाकर्षण महसूस कर रहा हूं। ऑनबोर्ड मोटरों की फायरिंग शाम लगभग 7.15 बजे शुरू हुई और अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर गया। ट्वीट में कहा गया- चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स), आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से पेरिल्यून में रेट्रो-बर्निंग का आदेश दिया गया था। अब तक अंतरिक्ष यान 14 जुलाई को लॉन्च होने के बाद से चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर चुका है। चंद्रयान-3 चांद की परिक्रमा करेगा। (शेष पेज 11 पर)

### रांची से गिरिडीह जा रही बस नदी में गिरी, कई के डूबने की आशंका

**रांची।** शनिवार की शाम रांची से गिरिडीह जा रही बस बराकर नदी में गिर गयी। इस घटना में कई लोगों के डूबने की आशंका है। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुट गयी है। बस के गिरते ही पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल है। जानकारी के मुताबिक आलीशान (सम्राट) बस रांची से गिरिडीह जा रही थी। उस पर 30 से अधिक यात्री सवार थे। देर शाम बस जब गिरिडीह-डुमरी पथ पर बराकर नदी पर पहुंची, चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस नदी में जा गिरी। थोड़ी देर में पुलिस भी पहुंच गयी। सूचना पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा भी मौके पर पहुंच गये हैं।

### जम्मू-कश्मीर में तीन जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के तीन जवान शहीद हो गये। वहीं राजौरी में मुठभेड़ में एक आतंकी भी मारा गया है। क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया फिलहाल सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के चार वर्ष पूरे होने की पूर्व संध्या पर सीमा पार से आये आतंकियों ने जवानों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इसमें तीन जवान शहीद हो गये। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर में कुलगाम जिले के हलाण वन क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार की देर शाम करीब साढ़े नौ बजे भूकंप के तेज झटके आये। इसकी तीव्रता 5.8 दर्ज की गयी। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदुकुश में था। भूकंप के झटकों के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल गये। ये झटके दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित आसपास के शहरों में महसूस किये गये। यूपी, और हरियाणा में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किये।

### गांव में बाघ की खबर ने उड़ायी विभाग की नींद

**रामगढ़।** जिले में अक्सर हाथियों की खबर मिलती रही है। लेकिन इस बार बाघ आने की खबर ने वन विभाग की नींद उड़ा दी है। सच्चाई का पता अभी नहीं लग पाया है। रामगढ़ जिले के डीएफओ नितीश कुमार ने अपनी पूरी टीम को बाघ का सुराग ढूंढ़ने में लगा दिया है।

### डिजिटलीकरण प्रगति को पीएम ने सराहा

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में प्रगति पर खुशी प्रकट की। कहा कि गरीबों तक भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

### मोदी ने नेपाल के पीएम प्रचंड से की फोन पर बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार और मजबूती के लिए शनिवार को बातचीत की।

### भाजपा सांसद रामशंकर को दो साल की सजा

**आगरा।** यूपी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है। उन पर निजी कंपनी के अधिकारी से मारपीट करने और बलवा करने के आरोप था। दोषी करार देते हुए अदालत ने सजा सुनायी है।

### छवि रंजन की जमानत पर फैसला आठ को

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भूमि की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका पर शनिवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई अब 8 को होगी।

### बुनियादी ढांचा विकास पर सरकार का फोकस

**भुवनेश्वर।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे का विकास मोदी सरकार का मुख्य फोकस रहा है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# मानसून सत्र पर मुख्यमंत्री ने जतायी संतुष्टि

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कई मायनों में अहम रहा। 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चले इस मानसून सत्र की समाप्ति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संतुष्ट दिखें। उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि 6 दिनों के इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पास हुए हैं और सदस्यों ने अपनी बातों को रखा है। वहीं मीडिया द्वारा इस राहुल गांधी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूछे गये सवालों पर सीएम ने कहा कि न्याय की जीत तो होनी ही थी। स्वाभाविक रूप से देश के सभी नेताओं ने न्यायपालिका पर अपनी बातें रखी हैं। 6 अनुसूचित प्रश्नों के उत्तर तथा पांच तारांकित प्रश्नों के उत्तर विभागों के पास लंबित हैं। (शेष पेज 11 पर)

### काफी अहम रहा सानसून सत्र : स्पीकर

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने मानसून सत्र को अहम बताते हुए कहा कि 6 दिनों के इस सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा जहां अपनी अपनी बातों को रखा गया। वहीं सरकार के द्वारा 8 विधेयक सदन द्वारा पारित किया जाना गौरव की बात है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा अपने कर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना को मूर्त रूप प्रदान किया गया है, जो विधानसभा के प्रत्यायुक्त विधान समिति के सतत प्रयास का प्रतिफल है। विधानसभा समिति की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह राज्य सरकार की सकारात्मक सोच और अपने कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता को भी प्रदर्शित करता है। मानसून सत्र के दौरान राज्य सरकार ने नकल विरोधी विधेयक सहित कई महत्वपूर्ण विधेयक को सदन से पास कराया गया। इस दौरान सदन में मणिपुर की घटना, नियोजन नीति, सुखाड़ और विधि व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक होती रही। 6 दिनों के इस मानसून सत्र के द्वारा सदन में कुल 131 अल्प सूचित प्रश्न और 233 तारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए। 6 अनुसूचित प्रश्नों के उत्तर तथा पांच तारांकित प्रश्नों के उत्तर विभागों के पास लंबित हैं।




## स्पीड न्यूज

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद अनिवार्य



मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला में बच्चों को नैतिकता के पाठ के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी यह संस्था प्रयासरत है। व्यक्तित्व के विकास में बच्चों का एक साथ खेलना उन्हें बहुत कुछ सिखाता है। इस क्षेत्र में भी अनुशासित होना बहुत जरूरी होता है जो बच्चे स्कूल में ही बहुत सारे बच्चों के साथ सीख सकते हैं। यह पाठशाला ऐसे बच्चों का पाठशाला है जहां बच्चों के पास अपना खेलने का सामान नहीं होता वे यहीं आकर जो भी संसाधन है उसके साथ खेल का आनंद लेते हैं। मिशन समृद्धि संस्था समाज के ऐसे बच्चों के लिए उनकी खुशी और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए हमेशा तैयार रहती है। इस नेक कार्य में बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वन्दना श्रीवास्तव, ऋषि कुमार, वीणा गुप्ता शामिल थे।

### उपायुक्त के हुसैनाबाद आगमन पर एनसीपी नेताओं ने किया स्वागत



हुसैनाबाद पलामू। पलामू के नवपदस्थापित उपायुक्त शशिरंजन के पहली बार हुसैनाबाद आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान के नेतृत्व में नेताओ व कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। नेताओं ने मौजूदा अकाल जैसी स्थिति को देखते हुए किसानों व मजदूरों को राहत देने की मांग की। विनय पासवान के साथ प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, महुअरी पंचायत मुखिया पति विमलेश पासवान, लोटनिया पंचायत के मुखिया लाल सिंह, रतन लाल, राजकुमार ठाकुर, रमेश प्रजापति, राजकुमार प्रजापति मौजूद थे।

### छात्र विरोधी विधेयक पारित करने पर अभाविप ने किया सीएम का पुतला दहन



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्य के हेमंत सरकार के खिलाफ छात्र विरोधी विधेयक पारित करने पर छह मुहान चौक पर पुतला दहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह मंत्री प्रभात दुबे ने की। मौके पर प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव ने कहा कि यह कानून केवल वैसे छात्र समुदाय को चिन्हित कर उन्हें परेशान करने के लिए बनाया गया है जो लगातार सरकार के गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। वर्तमान सरकार इस कानून पर पुनर्विचार कर इसमें आवश्यक बदलाव करना चाहिए नहीं तो विद्यार्थी परिषद सड़क से सदन तक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा। विभाग संयोजक गोविंद मेहता ने कहा कि बिना आरोप सिद्ध हुए विद्यार्थी पर कार्रवाई कर देने की घटना रॉलेट एक्ट जैसा प्रतीत होता है। अभाविप इस विधेयक के विरुद्ध आवाज बुलंद करती रहेगी जब तक की इस विधेयक को वापस नहीं ले लिया जाता। मौके पर गीतांजलि कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में महिला महाविद्यालय अध्यक्ष सुरभि कुमारी, कोचिंग संयोजक प्रमुख प्रकाश पांडेय, राहुल कुमार, आकाश वर्मा, उज्जवल पांडे, रोहन सोनी, शिवानंद कुमार, हिमांशु सिंह, सौरभ कुमार, संगीता कुमारी, कोमल कुमारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नि:शुल्क दिव्यांगता निवारण शिविर आज

विश्रामपुर पलामू। महिला मंडल एवं ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के संयुक्त तत्वावधान में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर, राजस्थान के सहयोग से क्षेत्र के दिव्यांगजनों के सेवार्थ शिविर का आयोजन कंपनी के आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, रेहला परिसर में रविवार 6 अगस्त को होगा। ग्रासिम, रेहला के संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता एवं महिला मंडल की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त एवं जन्मजात दिव्यांगों के कल्याणार्थ नि:शुल्क दिव्यांगजन शल्य चिकित्सार्थ जांच-चयन एवं लिम्ब माप शिविर कंपनी के आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिसर गढ़वा रोड़ रेहला, पलामू में रविवार को प्रात: 9 बजे से सांय 4 बजे तक चलेगा। इस शिविर में नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के अनुभवी डॉक्टर्स एवं प्रोस्थेटिक टीम द्वारा रोगियों की जांच करने के साथ उनका मेजरमेंट लिया जायेगा। लगभग 45 दिन बाद फॉलोअप कैंप में इन चयनित दिव्यांगों को अत्याधुनिक आर्टिफिशियल हाथ-पैर भेंट किए जायेंगे। इस शिविर हेतू अभी तक कुल 400 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण हो चुका है।

### राकेश सिंह ने की डीसी से मुलाकात



मेदिनीनगर। मजदूर नेता सह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर पलामू जिले के सर्वांगीण चहुमुखी विकास, एवं शोषित मजदूरों के कानून अधिकार दिलाने,शोषण मुक्ति की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ पुष्पगुच्छ एवं भारतीय संविधान की पुस्तक प्रदान कर अभिनंदन किया। मौके पर नागेंद्र गुप्ता, मोहम्मद यासीन उर्फ गोल्डन, मदन सिंह सहित अन्य शामिल थे।

### विधायक प्रतिनिधि के भाई का ब्रेन हैमरेज से निधन



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर के विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के चचेरे भाई संजीव पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय (35) का निधन शुक्रवार को ब्रेन हेमरेज से हो गया। स्व.संजीव पांडेय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनका पार्थिव शरीर रविवार को बिश्रामपुर पहुंचेगा। इधर इनके निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, संजय पांडेय, बबन राम, अमरेश तिवारी, जिला पार्षद विजय रविदास, प्रमुख रम्भा देवी, प्रथम नप अध्यक्ष देव नारायण सिंह, अजय बाक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### राहुल गांधी की सदस्यता पर आये फैसले से कांग्रेसियों में खुशी



हुसैनाबाद पलामू। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने एवं 2 साल से अधिकतम की सजा सुनाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा फैसले में रोक लगाए जाने पर देश भर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी हैं। वहीं पार्टी कार्यालय में झारखण्ड कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। मौके पर कांग्रेस पार्टी के नवल किशोर पाठक, लल्लू सिंह, अवध बिहारी सिंह, मसरूर अहमद, शंभू सिंह, शैलेश सिंह, रामसुंदर राम, रघुराई यादव, अंबिका सिंह, नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार, उमेश सिंह, अब्दुल जब्बार, यासीन अंसारी, सुनील गोस्वामी, सुरेश सिंह, अखिलेश द्विवेदी, उमेश तिवारी, गुप्तेश्वर, प्रवीण तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### चोरों ने खेल स्टेडियम में चोरी कर सामान फेंका

पाटन पलामू। प्रखंड के आदर्श ग्राम किशुनपुर के खेल स्टेडियम दाढा से किशुनपुर उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिता कुमारी ने स्टेडियम का पांच सेट दरवाजा व दो पानी का टंकी अपने कब्जे में लेकर विद्यालय में लाकर रख दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिता कुमारी ने बताया कि चोरों के द्वारा स्टेडियम में किवाड़ को तोड़कर बाहर फेंक दिया था। सूचना मिलते ही किशुनपुर टीओपी पुलिस वहां पहुंचकर समान को बरामद किया।

# डीसी शशिरंजन ने किया हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का दौरा

तीनों प्रखंडों का किया औचक निरीक्षण
अधिकारियों को दिये निर्देश





**गौतम/अनूप**

**हुसैनाबाद/मोहमदगंज।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अनुमण्डल क्षेत्र में उनके प्रवेश की आहट पर सभी प्रशासनिक पदाधिकारी अलर्ट दिखे, सबसे पहले वे अनुमण्डल कार्यालय पहुंचे जहां पर एसडीएम कमलेश्वर नारायण ने उनका पहली बार अनुमण्डल क्षेत्र में आगमन पर स्वागत किए। इस दौरान डीसी ने अनुमण्डल कार्यालय में विधि व्यवस्था एवं कार्यालय सम्बंधित कई जानकारी लिया। इसके बाद वे अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां पर कर्मियों की उपस्थिति पंजी एवं कई विभागो के कार्यालयो को घूम घूम कर निरीक्षण किया। वहीं सीओ नंदकुमार राम व बीडीओ रतन कुमार सिंह को कई निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्वाचन संबंधित जानकारी लिया एवं उन्होंने शहर के सिंचाई कॉलनी स्थित मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। पुरन्दर बिगहा में बूथ संख्या 114 के मतदाताओं के घर घर जाकर मदातापुनरीक्षण कार्य का भूमिगत कार्यो का जानकारी ली। साथ ही मतदाताओ से कहा कि आपके घर तक बीएलओ आये है की नहीं। इस दौरान मतदाताओ को ब्लैक फोटो को हटा कर रंगीन वोटर कार्ड देने एवं फार्म 6, फार्म 8 भरवाने नए नाम को जोड़ने एवं नाम मे सुधार को लेकर सुपवाइजर अरुण कुमार और बीएलओ की जमकर फटकार लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि डोर टू डोर घूम कर निर्वाचन सम्बंधित कार्यो को कीजिये एवं प्रशिक्षण में बताए गए नियमो को सही तरीके से अनुपालन करें नही तो उन्होंने अनुमण्डल पदाधिकारी से सुपवाइजर एवं बीएलओ को शो कॉज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने चेतावनी देते कहा कि अगले बार बहाना नहीं सुनेंगे। मौके पर सीओ नंदकुमार राम, बीडीओ रतन कुमार सिंह, जीपीएस सूर्यदेव राम, तिवारी समेत कई प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत हैप्पी क्लासरूम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत शिक्षकों हेतु हैप्पी क्लासरुम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह, शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित रिसोर्स पर्सन सुलग्ना आइच एवं रवीना कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर रिसोर्स पर्सन और आगन्तुक अध्यापकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा के बच्चों को प्रसन्नता पूर्वक शिक्षा कैसे दी जा सकती है इस हेतु यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस प्रशिक्षण द्वारा छात्र तो लाभान्वित होंगे ही साथ ही शिक्षक के ज्ञान में भी वृद्धि होती है। छात्र कक्षा में रुचिकर ढंग से अध्ययन करें, यही इस कार्यक्रम की सफलता है। हैप्पी क्लासरुम के इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 59 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्य ने पुनः आभार व्यक्त कर रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिह्न एवं शॉल द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच संचालन शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस कार्यशाला में सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# युवा नेता अभिषेक ने सीएम से मिलकर की निगम कार्यों की जांच की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा जनता को हो रहे परेशानी से अवगत कराया। साथ ही मुख्यमंत्री से मेदिनीनगर में निगम के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सिंह ने कहा कि स्थानीय गांधी उद्यान में हो रहे शुल्क की वसूली तथा शहर में लगाये जा रहे कंक्रीट के डिवाइडर को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपा है। सिंह ने सीएम को बताया कि नगर निकाय के सभी बोर्ड भंग हो चुकें है, लेकिन हमारे मेदिनीनगर नगर निगम में पूर्व के जनप्रतिनिधियों का हस्तक्षेप अभी भी जारी है। नगर निगम स्थित स्टेशन रोड में नवनिर्मित गांधी उद्यान के निर्माण में कई तरह की अनिमियतिता बरती गई है। वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ सरकारी जमीन पर बने उद्यान के माध्यम से निजी फायदा पहुंचाने का काम हो रहा है। पूर्व मेयर और उनके परिवार के सदस्यों के मिलीभगत से व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे नगर निगम के खजाने को नुकसान हो रहा है। साथ ही साथ नगर निगम के विभिन्न सड़कों को वन वे किया जा रहा है, जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंक्रीट के डिवाइडर लगाये जा रहे हैं जो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करने जैसा है। अभिषेक ने सीएम से आग्रह किया है कि जांच कमिटी बैठाई जाए और जो लोग इसमें संलिप्त हैं उनको कठोर से कठोर सजा मिले सीएम ने सिंह को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर एक्शन लिया जाएगा और जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।

# रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे भाजपा कार्यकर्ता : विजयानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि 6 अगस्त को पांकी विधानसभा, पाटन-छतरपुर विधानसभा व डालटनगंज विधानसभा के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि डालटनगंज स्टेशन पर उपस्थित रहेंगे। विश्रामपुर विधानसभा और हरिहरगंज-हुसैनाबाद विस के सभी कार्यकर्तागण गढ़वा रोड या गढ़वा स्टेशन पर उपस्थित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित डालटनगंज, गढ़वा रोड़ (रेहला), गढ़वा एवं नगर उंटारी स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य योजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 6 अगस्त को 11 बजे किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सांसद बीडी राम भी शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण की दिशा में और केन्द्र सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। जिसमें पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चार स्टेशनों क्रमशः डालटनगंज 29.2 करोड़, गढ़वा रोड़ (रेहला) 24.5 करोड़, गढ़वा टाउन 25.5 करोड़ एवं नगर उंटारी 26.3 उक्त चारों स्टेशनों के विकास के लिए कुल 105 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए यह पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे।

## बरसात में पानी खरीदकर पीने को मजबूर है पलामूवासी : आशीष



**मेदिनीनगर।** ज़िले में व्याप्त भीषण पेयजल संकट और सूखाड़ को लेकर युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने जिले के नये उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर उनका स्वागत किया। साथ ही जिले में व्याप्त पेजयल संकट समेत कई समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में पलामू जिले के खास कर मदिनीनगर क्षेत्र में व्याप्त पेय जल संकट से निपटने के लिए सेकेंड फेज पाईपलाइन योजना चालू करने, विधिवत पानी सप्लाई देने, जिले के सभी जल श्रोतो का जीर्णोधर करने तथा नये श्रोतो का निर्माण करने, रेसीडेंशियल और कमर्शियल बिल्डिंगों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को जरूरी करने, कंक्रीट के जगह पेवर ब्लॉक की सड़को का निर्माण करने, रोड नालियों व मकानों में पनसोखा और सोखता को अनिवार्य करने, कोयल नदी में बांध, बराज और बियर बनाने साथ ही साथ पलामू को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने जैसे मांग शामिल है। आशीष ने कहा कि बरसात में निगम वासी पीने के लिए टैंकर से पानी खरीदने को मजबूर है। पेय जल स्वच्छता मंत्री, उपायुक्त, नगर अयुक्त को पत्राचार के माध्यम से इस पर ध्यान आकर्षित कराया है। मौके पर आकाश विश्वकर्मा, प्रभात सिंह, राहुल गुप्ता, गोलू मेहता आदि भी उपस्थित थे।

## क्षेत्र में बिजली से सिंचाई को दुरुस्त करने के लिए विधायक कटिबद्ध : मनीष कुमार सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के जनहित कार्यों का ब्यौरा दिया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड क्षेत्र की लचर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए विधायक ने राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंधक केके वर्मा तथा निदेशक अविनाश कुमार से मिलकर दोनों प्रखंडों की विद्युत आपूर्ति अविलंब सुधार करने की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही भागोडीह से बी मोड ग्रिड को बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी। विधायक ने पार्टी के प्रतिनिधि मंडल को कार्य स्थल पर भेजकर भागोडीह से आने वाली ट्रांसमिशन लाइन के कार्य की प्रगति की जानकारी लिया। इसके अलावा विधायक के पहल पर आंगनबाड़ी केंद्रों के लंबित खाद्यान्न का वितरण तथा शहरी आवास योजना के वैसे लाभूक जिनका भुगतान नहीं हो पाया है। उनके भुगतान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। वहीं विधायक ने विधानसभा में बटाने डैम का वेल्डिंग किए गए गेट के संबंध में सरकार से प्रश्न पूछा है।

### जन कल्याण ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमवीआई लाल बिहारी, सड़क सुरक्षा प्रबंधक विनीत, सहायक प्रधान लिपिक मनोज पासवान शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अवर निरीक्षक बांनडरा, सहायक अवर निरीक्षक साहनी जगमोहन, आरक्षी 1036 संतोष कुमार, सहायक पुलिस बल हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, शीतल प्रजापति, महिला सहायक रिंकी कुमारी शामिल थे। जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा है। सड़क का नियम पालन करने की जरूरत है। मौके पर एमवीआई ने कहा कि जनकल्याण ट्रस्ट का यह प्रयास काफी सराहनीय है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, उपसचिव सह प्रवक्ता अजय तिवारी, केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, वरिष्ठ सदस्य संतोष दुबे, अखिलेश पाठक, पलामू जिला प्रभारी बंटी गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी वंदना देवी, केंद्रीय कमेटी के सदस्य रीना देवी, रूपा देवी, सरोज देवी शामिल थे।

### आवासीय परिसर में कार्यालय स्थापित कराये जाने से आहत हैं लोग

**मेदिनीनगर।** जल संसाधन विभाग के आवासीय परिसर में ग्रामीण योजना प्रमंडल का कार्यालय खोले जाने का संभावना है। इससे आवासीय परिसर में रह रहे कर्मचारी एवं उनके परिजन आहत हैं। आवासीय परिसर में विभाग द्वारा कर्मचारियों को रहने के लिए आवास आवंटित किये गये हैं जिसमें कर्मी पूरे परिवार के साथ रह रहे हैं। इसमें कार्यालय खुल जाने से अपने आप को लोग असुरक्षित महसूस करेंगे। साथ ही भविष्य में होनेवाली होनी अनहोनी की घटनाओं से काफी आहत हैं। कारण कि जब कार्यालय खुलेगा तो वहां पर आमजनों का आवागमन शुरू हो जायेगा। इस मामले को लेकर झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ शाखा पलामू के जिलाध्यक्ष ललन कुमार ने जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र प्रेषित कर मांग किया है कि आवासीय परिसर में अग्रिम योजना प्रमंडल के कार्यालय के लिए किसी आवास को आवंटित नहीं किया जाये। कर्मचारी परिवारों के साथ विभिन्न कठिनाईयां उत्पन्न होंगी।

### प्रमुख और उप प्रमुख ने डीसी को कराया प्रखंड की समस्या से अवगत



**सतबरवा।** प्रखंड प्रमुख रीमा देवी तथा उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने पलामू डीसी से शिष्टाचार मुलाकात किया और प्रखंड क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया। प्रमुख रीमा देवी ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धन रोपनी का कार्य बाधित है अधिकतर किसान। किसानों की स्थिति काफी खराब है। वहीं अन्य बुनियादी सुविधाओं से अवगत कराया गया।वहीं उप प्रमुख यादव ने पलामू डीसी को बताया कि पंचायत समिति सदस्यों की बैठक में लिए गए निर्णय पर अमल नहीं हो पा रहा है जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य बाधित हो रहा है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे से दिल्ली में की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मुलाकात किया। मौके पर बिट्टू पाठक ने अपने कार्यकाल में जमीनी स्तर पर हो रही पार्टी के कार्यों से कांग्रेस प्रभारी को अवगत कराया। बिट्टू पाठक ने बताया कि लोकसभा चुनाव लक्ष्य 2024 को लेकर झारखंड प्रभारी से विशेष वार्ता हुई है। पहली बार जिला स्तर पर मंडल से लेकर पंचायत तक बूथ कमेटी का गठन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय प्रभारीयों की भी अहम भूमिका रही है। संगठन में कुछ लोगों के द्वारा अनुशासनहीनता की जा रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को अनुशासन पर विशेष जोर देने के लिए भी ध्यान देने का आग्रह किया गया है ताकि आने वाला 2024 के चुनाव में पलामू जिला से कांग्रेस पार्टी अपनी जीत दर्ज कर सके जिसके बारे में प्रदेश प्रभारी को अवगत कराया गया है।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने किया बूथ का निरीक्षण



**सतबरवा पलामू।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने शनिवार को पांकी विधानसभा (075) तथा डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र (076) के कई बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वही इसके पूर्व बीडीओ कक्ष में राज किशोर प्रसाद के अलावा पर्यवेक्षक सुरेश ठाकुर, संतोष तिवारी, सूर्यदेव विश्वकर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर नीरज पाठक समेत कई बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को कई निर्देश दिया गया। डीएसओ प्रीति किसको ने बताया कि पूरे जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा उसे हटाने के काम में तेजी चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष आयु से ऊपर वाले व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची के अंकित नाम में मृत व्यक्ति का नाम हटाने का भी कार्य चल रहा है। इस दौरान बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। वहीं उन्होंने प्रखंड के सभी कर्मियों से सरकार के निर्धारित समय के अनुसार प्रखंड कार्यालय में उपस्थित रहने पर भी बल दिया। वही सतबरवा में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति जल्द होने की भी जानकारी दी।

# अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा गढ़वा रोड : संजीव कुमार

## स्टेशन की दूसरी छोर पर 12 मीटर चौड़ा बनेगा फुटओवर ब्रिज, पीएम आज ऑनलाइन रखेंगे आधारशिला

टू, थ्री और फोर व्हीलर गाड़ियों के लिए स्टेशन परिसर में पार्किंग के लिए अलग-अलग बनेंगे स्टैंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** केंद्र सरकार के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन गढ़वा रोड स्टेशन (रेहला) अब सभी नवीनतम आधुनिक सुविधाओं से संपन्न हो जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 11 बजे दिन में स्टेशन के कई नव निर्मित योजनाओं का ऑनलाइन शुभारंभ व कई प्रस्तावित योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। शनिवार को गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के वीआईपी लाउंज में आयोजित प्रेस वार्ता में धनबाद रेल मंडल के वरीय मंडल विद्युत परिचालन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार और एडीएमई विकास शुक्ला ने इसकी जानकारी दी। बताया कि 24.5 करोड़ की लागत से गढ़वा रोड स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराया जाना है। रविवार को पीएम मोदी इसका ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 11 बजे पीएम शुभारंभ करेंगे इसके पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल छात्र- छात्राओं के बीच पुरस्कार भी वितरित किया जाएगा। नोडल पदाधिकारी कुमार ने यह भी बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिले के आलाधिकारियों के अलावे क्षेत्र के विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी सहित स्थानीय सभी जनप्रतिनिधियों व प्रेस मीडिया के लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि एअरपोर्ट की तरह गढ़वा रोड स्टेशन सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेशन परिसर में छः मीटर चौड़ा एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) अभी हाल में बना है लेकिन पुनः दूसरे छोर पर 12 मीटर चौड़ी फुट ओवर ब्रिज बनाया जाना है। ताकि यात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो। वहीं सभी तरह की गाड़ियों के लिए अलग -अलग पार्किंग स्टैंड बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत रेलवे परिसर में साढ़े 10 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण कराया जायेगा। वहीं उसके किनारे सुसज्जित ढंग से पौधे भी लगाकर उसे सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा। इतना ही नहीं सिटी सेंटर के अनुरूप स्टेशन को सभी संसाधनों से लैस किया जाएगा ताकि यात्रियों को स्टेशन परिसर पहुँचते ही अलग अहसास हो। मौके पर मुख्य लोको इंस्पेक्टर एच के सिंह व एस एस सतीश कुमार भी मौजूद थे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन ने की औषधि निदेशक से मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनहनगर।** पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल अमिताभ मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड के औषधि नियंत्रण प्रशासन के निदेशक रितु सहाय से पलामू औषधि नियंत्रण प्रशासन के कार्यालय में मुलाकात की। फेडरेशन ने निदेशक का स्वागत किया। मौके पर सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सुरेंद्र प्रसाद, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय अनुज्ञापन प्राधिकारी अंजनी कुमार, पलामू के ड्रग इंस्पेक्टर चंदन कुमार कश्यप, अमरेश कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर रितु सहाय ने उपस्थित व्यवसायियों को नियम संगत व्यापार करने का सलाह दिया साथ ही नारकोटिक्स ड्रग का इस्तेमाल पर जागरूक रहने एवं इसके रोकथाम पर सभी लोगों को सचेत रहने की अपील की। पलामू जिले के व्यवसायियों को रितु सहाय ने कहा कि दवा व्यापार में प्रशासन की तरफ से सही मार्गदर्शन एवं सहयोग किया जाएगा। मौके पर रमेश शुक्ला एवं मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा एवं दवा प्रबंधन पर आने वाले दिनों बेहतर काम करेंगे। मौके पर सतीश तिवारी, अशोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, रमाकांत पांडेय, अरविंद अग्रवाल, मुंजी अग्रवाल, सुशील कुमार गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, ओमजी अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, गौरी शंकर मिश्रा, संजय अग्रवाल, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, प्रिंस सावरे, भोलू खान, राजेश गुप्ता, गुड्डू सिन्हा, सहायक विवेकानंद सिंह और विनय कुमार उपस्थित थे।

# होटल कारोबारी मिथिलेश झा की स्मृति में 130 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी पूर्वी सिंहभूम, मिथिलेश झा मेमोरियल फाउण्डेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन केनेलाईट होटल साकची में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी पूर्वी घोष, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर रक्तदान शिविर का उदघाटन किया तथा केनेलाईट के संस्थापक स्व. मिथिलेश झा की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। सुबह 10 बजे से अपरान्ह 4.30 बजे तक चले शिविर में स्व. मिथिलेश झा के परिजनों, कर्मचारियों एवं शुभचिंतकों ने कुल 130 यूनिट रक्तदान किया। उदघाटनकर्ता विजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मिथिलेश झा हमारे बहुत करीबी मित्र थे, यह कहकर वे भावुक हो गये। उनके जन्मदिन पर जो रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, वह अपने आप में एक नेक काम और महा दान कार्य है, जिससे कईयों की जान बचायी जा सकती है। मैं मिथिलेश झा मेमोरियल फाउण्डेशन ट्रस्ट को हर सम्भव मैं मदद करने को तत्पर हूं। विनोद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केनेलाईट के संस्थापक मिथिलेश झा एक प्रभावशाली एवं मिलनसार व्यक्ति थे और मेरे बहुत करीबी मित्र थे । उनके जन्मदिन पर रक्तदान करना बहुत बड़ा दान होता है और वह कार्य केनेलाईट के वर्तमान प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है वह सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर केनेलाईट के निदेशक अमलेश झा, कुमार निर्मल दीप और नवीन सिंह के नेतृतव में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें केनेलाईट ग्रुप से जुड़े लोगों के साथ साथ शहर के अनेकों लोगों ने स्व. मिथिलेश झा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ रक्तदान भी किया। रक्तदान शिविर में नवयुवकों का उत्साह देखने लायक था, अनेकों युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर 130 लोगों ने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अपना रक्तदान किया। मुख्य रूप से रक्तदाताओं का हौसला बढाने वालों में लघु उद्योग भारती सरायकेला-खरसवां के संदीप मिश्रा, समीर सिंह, शंभू जयसवाल ने रक्तदान कर रक्तदाताओं का उत्साह बढाया। डॉ आर एन पोद्दार, रुपेश कटियार, राधे श्याम, एच आर जैन, नंद कुमार सिंह, सोमनाथ मिश्रा, सूर्य प्रताप सिंह, श्याम कुमार, डी के घोष, रेड क्रॉस सोसाईटी के सचिव विजय कुमार सिंह, जमशेदपुर ब्लड कैंप के सभी लोगों का सहयोग रहा है मिथिला सांस्कृतिक परिषद जमशेदपुर, अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद जमशेदपुर सहित कई समाजिक संस्थाओं के लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।


होटल कैनेलाइट में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथिगण।

## स्पीड न्यूज

### मिनी बस एसोसिएशन ने पूर्व डीटीओ दिनेश रंजन को दी विदाई



**जमशेदपुर।** मिनी बस एसोसिएशन के साकची कार्यलय में गत शुक्रवार को जिले के पूर्व जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन को दी भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संजय पांडेय ने माला पहना कर उनको सम्मानित किया। एसोसिएशन के महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने स्मृति चिन्ह एवं संस्था के राजेश प्रसाद ने शाल ओढ़ाकर उनको अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण समदर्शी ने दिनेश कुमार के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं संस्था के शिवराम झा (दिलीप) ने कहा कि दिनेश कुमार के 5 वर्षों के उत्कृष्ट कार्य के दौरान परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों से आपसी सामंजस स्थापित करने की सराहना करते हुए उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष संजय सिंह, अमित झा, मनोज सिंह, निसार, विनय सिंह, मो मेराज सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### यूसीएल के सीएमडी ने कोर्ट में उपस्थित होकर ली जमानत

**जमशेदपुर।** धोखाधड़ी के एक मामले में यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया यूसील के चेयरमैन कम एमडी सीके असनानी ने प्रथम श्रेणी के न्यायायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार की अदालत में आत्मसमर्पण कर जमानत ले ली। इस मामले के अन्य आरोपी मैनेजर प्रवीर कुमार पाल एवं पर्चेज मैनेजर बीके चक्रवर्ती को अदालत पहले ही जमानत दे चुकी है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बलाई पांडा ने सीएमडी का पक्ष रखा। अदालत ने सीएमडी को 10-10 हजार के दो मुचलके पर उन्हें जमानत दे दी। यह मामला वर्ष 2022 का है। यूसील अस्पताल के लिए विकास ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूटर दवाइयां सप्लाई करता था। उसे 86 लाख रुपये का दवा सप्लाई का आर्डर मिला था इसमें से यूसील ने 76 लाख का भुगतान भी कर दिया किन्तु सप्लायर ने देरी से दवाइयों की सप्लाई की और उसने 3 लाख रुपये अपनी ओर से कंपनी का माफ कर दिया किंतु बकाया 8 लाख रुपये नहीं मिलने पर विकास ड्रग्स ड्रिस्टीब्यूटर के विकास अग्रवाल ने कोर्ट में सीएमडी समेत अन्य पर केस कर दिया गया।

### बास्को बेसरा के पुत्र की अंत्येष्टि संपन्न

**जमशेदपुर।** चांडिल के शहर बेड़ा में शुक्रवार की देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में मृतक भाजपा नेता बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा उर्फ चीकू का शनिवार को आदिवासी रीति रिवाज से पार्वती घाट आदित्यपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता बास्को बेसरा के शुभचिंतक और परिजन उपस्थित थे। इसके पूर्व शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए आम से लेकर खास तक भाजपा नेता बास्को बेसरा के पैतृक आवास सीतारामपुर स्थित लखनडीह में जुटे और परिवार को ढाढस बढ़ाया। चीकू को घर पहुंचते ही परिजनों की चीख पुकार से गमगीन माहौल हो गया। परिवार के लोग दहाड़ मार मार कर रो रहे थे गांव का माहौल भी गमगीन था। सांत्वना देने पहुंचने वालों में खरसावां विधायक दशरथ गागरा आदिपुर नगर निगम के पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, गणेश महाली, रमेश हांसला, शकुंतला महाली, रितिका मुखी, सनी सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### मो इदरीस अंसारी का निधन

**जमशेदपुर।** आजादनगर निवासी उर्दू कथाकार नियाज अहमद आसी के पिता मो. इदरीस अंसारी का निधन हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। आजादनगर मस्जिद आमिना में बाद नमाज असर नमाज जनाजा पढ़ाई गई और जाकिर नगरवा दी। स्व. अंसारी ने पूरा जीवन अंग्रेजी दवा का उपयोग नहीं किया, मेहनत मुशक्कत करते रहे और शायद उनकी लंबी कब्रिस्तान में सपुर्द खाक किया गया।

# उपेंद्र सिंह हत्याकांड में अखिलेश सहित 9 बरी

## शूटर मोगली और सोनू सिंह दोषी करार

खबर मन्त्र ब्यूरो


दिवंगत उपेंद्र सिंह।


गैंगस्टर अखिलेश सिंह।

**जमशेदपुर।** ट्रांसपोर्टर उपेंद्र सिंह हत्याकांड में शनिवार को एडीजे-1 की अदालत ने गैंगस्टर अखिलेश सिंह समेत 09 आरोपियों को बरी कर दिया, जबकि शूटर मोगली और सोनू सिंह को हत्याकांड में दोषी करार दिया गया।

इन दोनों पर आम्स एक्ट के तहत अदालत पहले ही तीन-तीन साल की सजा सुना चुकी है। एक अन्य शूटर हरीश सिंह फरार है और उस पर अलग से मामला चलेगा। पुलिस ने इस मामले में 26 लोगों को गवाह बनाया था। अदालत में अखिलेश सिंह की पैरवी अधिवक्ता प्रकाश झा और विद्या सिंह कर रहे थे। बता दें कि उपेंद्र सिंह की हत्या 30 नवंबर 2016 को जमशेदपुर नया कोर्ट परिसर स्थित बार एसोसिएशन हॉल में उस वक्त कर दी गई जब वे अपने वकील से मिलने गए थे।

घटना के वक्त हरीश मोबाइल पर अखिलेश सिंह के संपर्क में था और वह उसे पल-पल की खबर दे रहा था। मोगली और सोनू सिंह को घटना स्थल से लोगों ने पकड़ा था तो उसने भी हरीश का नाम लिया था। अखिलेश पर आरोप लगाया गया था कि उसने अपने शूटरों से उपेंद्र सिंह की हत्या करवा दी। मामले में गैंगस्टर अखिलेश सिंह, हरीश सिंह समेत 7 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। अन्य आरोपियों में सोनू सिंह उर्फ विक्की, मोगली उर्फ विनोद सिंह, संजय जोजो, पंकज सिंह,अजय यादव, अविनाश श्रीवास्तव शामिल थे।

# झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के नये कुलपति से मिले डॉ एसके सिंह


डॉ डीके सिंह को गुलदस्ता देकर अभिनंदन करते डॉ एसके सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), रांची के नए कुलपति प्रोफेसर (डॉ) डीके सिंह से शुक्रवार को रांची जाकर बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के चेयरमैन डा एसके सिंह ने भेंट की और गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया। डॉ एसके सिंह के अनुसार प्रो डॉ डीके सिंह के मार्गदर्शन में ही उन्होंने पीएचडी पूरी की थी। बकौल डॉ एसके सिंह, प्रो डॉ डीके सिंह से मिलना मेरे लिए गर्व के क्षण थे। उनके मार्गदर्शन एवं कुशल देखरेख में मैंने केवल ढाई वर्ष में अपनी पीएचडी पूरी कर ली थी। डॉ एसके सिंह के अनुसार प्रो डॉ डीके सिंह एक महान इंसान और शिक्षाविद् हैं, जो हमेशा अपनी नवोन्वेषी और आउट-ऑफ-बॉक्स सोच मानसिकता के माध्यम से संस्थान के प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि वे झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी को भी नयी ऊंचाई प्रदान करेंगे।

## 108 एंबुलेंस चालकों का डीसी ऑफिस पर धरना



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित 108 एम्बूलेंस चालकों ने महीनों से वेतन नहीं मिलने की शिकायत करते हुए 2 अगस्त से हड़ताल पर हैं। सदर अस्पताल के सामने हड़ताल पर बैठे ड्राइवरों को जब न्याय नहीं मिला तो वे शनिवार को डीसी ऑफिस के पास कतार में सभी एम्बूलेंस लगा कर धरना पर बैठ गए। चालकों काकहना है कि जब तक उनहें बकाया वेतन नहीं मिलेगा तब तक एम्बूलेंस नहीं चलायेंगे।

## शेषनगर बना डेंगू का हॉट स्पॉट, चलेगा एंटी लार्वा सर्च अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो


ब्लीचिंग पावडर वितरित करवाते पारितोष।

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर के शेष नगर डेंगू तेजी से पैर पसारने लगा है। डेंगू के मामले में लगातार बढ़ोतरी होने की वजह से लोगों में दहशत है। घरों में महिलाओं और युवा के साथ-साथ कई छोटे बच्चे भी डेंगू से प्रभावित है। कई इलाको में अभी भी पानी भरा हुआ है। मकान मालिक ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसकी वजह से लगातार डेंगू फैल रहा है। जानकारी मिलने पर मौके पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने मुखिया रंजीत सरदार, पंचायत समिति सतवीर सिंह बग्गा, उपमुखिया दिनेश कुमार ने क्षेत्र का दौरा किया और लोगों को जलजमाव से बचने की सलाह दी। साथ ही साथ सभी डेंगू के संभावित हॉटस्पॉट की साफ सफाई करवा कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। और लोगों के बीच ब्लीचिंग पाउडर का वितरण भी किया गया। बस्ती का भ्रमण करने के पश्चात पारितोष सिंह ने बताया कि अकेले शेषनगर बस्ती में 50 घरों में लोग डेंगू से पीड़ित हैं। जिला पार्षद डॉ परितोष सिंह ने सिविल सर्जन से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। सिविल सर्जन ने टीम गठित कर एंटी लार्वा सर्च अभियान का आदेश दिया। डॉक्टर परितोष सिंह ने कहा कि सिर्फ गोविंदपुर शेष नगर में पांच घरों में 9 लोग डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। क्षेत्र के सैकड़ो लोग बीमार हैं अगर जांच की जाएगी तो यह आंकड़ा और बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से भी जागरूक रहकर अपने घरों के साफ-सफाई की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया एवं लोगों को ब्लीचिंग पाउडर दिया गया। आज शिव मंदिर शेष नगर से जिला परिषद एवं पंचायत प्रतिनिधि के सहयोग से घर घर जाकर जागरूकता अभियान चला कर एंटी लार्वा का छिड़काव करवाया जायेगा। मौके पर पंचायत के मुखिया रंजीत सरदार, पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा, उप मुखिया दिनेश कुमार, संदीप कुमार, उदय सिंह निकेश कुमार रंजीत यादव दिवाकर सिंह, विजय कुमार सहित भारी संख्या में स्थानीय लोगों उपस्थित थे।

# जर्मनी के बर्लिन में समर ओलंपिक वर्ल्ड गेम्स के विजेताओं को झामुमो ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** जर्मनी के बर्लिन में 17 जून से 25 जून 2023 को हुए ओलंपिक वर्ल्ड गेम में लौहनगरी के विजेता खिड़ालियों को शनिवार को झामुमो ने अभिनंदन कर समानित किया। इस मौके पर वेट लिफ्टिंग में कांस्य पदक जितने वाली सामिया परवीन को बस्ती वासियों ने स्वागत किया और बधाई दी। उन्हें गुलदस्ता और शॉल देकर एवं माला पहना कर समानित किया गया। प्रतियोगिता में रितेश कुमार को बैडमिंटन में एक गोल्ड एक सिल्वर मेडल मिला, जबकि इंदु प्रकाश को साइकिलिंग गेम में एक गोल्ड एक सिल्वर मेडल मिला वहीं पूनम कुमारी को बेडमिंटन में गोल्ड मेडल मिला। इन सभी को भी झामुमो ने सम्मानित किया। पार्टी ने कोच सतबीर सिंह सोहटा को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर झामुमो नेता बाबर खान व शेख बदरुद्दीन ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने देश के साथ- साथ झारखण्ड राज्य का भी नाम रोशन किया है। हमलोग हेमंत सरकार से अपील करते है कि ऐसे खिलाड़ियों को झारखण्ड में अच्छे ट्रेनिंग सेंटर पर भेजेगी तो ये खिलाडी दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करेंगें। इस मौके पर प्रमोद लाल, पिंटू लाल, सैयद जफर अमीन जैदी, सरफराज हुसैन, फयाज खान, परवेज इराकी एजाजुल हक, बारी अंसारी, शेख अलाउद्दीन शेख अजहरुद्दीन, शेख शर्फुद्दीन, शबुद्दीन, शबाना प्रवीन के साथ कई लोग उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस 9 को दीयों से जगमग होगा सरजामदा

विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज के लोग दीयों से अपने घरों को सजाएंगे



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को जमशेदपुर शहर से सटे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरजामदा में आदिवासी समाज के लोग दीयों से अपने घरों को सजाएंगे। दीयों की रोशनी से पूरा सरजामदा गांव जगमगाएगा। विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आदिवासी समाज के लोग अपनी-अपनी पारंपरिक वेशभूषा में इसमें शामिल होंगे। सारजमदा के पुराना बस्ती स्थित इजीएल मैदान में आदिवासी दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे जहां विभिन्न गांवों के मानकी मुंडा, माझी बाबा एवं ग्रामीण उपस्थित होकर विश्व आदिवासी दिवस के बारे में जानकारी साझा करेंगे। सारजमदा निदिरटोला के मारांग माझी बाबा निमाई बास्के ने कहा कि इस दिन मणिपुर में मारे गए कुकी आदिवासी समुदाय के लिए प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया जाएगा।

# साईकॉम का विजेता बना विद्या भारती चिन्मया स्कूल, टेल्को

खबर मन्त्र ब्यूरो


उद्घाटन समारोह में नृत्य प्रस्तुत करतीं छात्राएं।


विजेता टीम चिन्मया स्कूल के छात्र।

**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में साइंस तथा कॉमर्स विभाग द्वारा संयुक्त रूप से साईं कॉम अंतर विद्यालय उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माउंट लिट्रा जी स्कूल की क्रिएटिव डायरेक्टर तथा डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल एवं गुलमोहर स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य सुनीता सिन्हा थी। स्कूल के सभागार कलाकृति में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं प्रार्थना के साथ किया। कार्यक्रम में शहर के 19 स्कूलों के साइंस तथा कॉमर्स विभाग से कक्षा 9 से 12 वीं कक्षा के करीब 750 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से मॉडल मेकिंग, रैंप एवं प्रश्नोत्तरी इत्यादि का आयोजन शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रैंप वॉक था तथा लोक नृत्य थे जिसका बच्चों ने पूरा आनंद उठाया। इस अवसर पर निर्णायक मंडली के सदस्य के रूप में शहर के स्कूलों के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्रतियोगिता का पहला रनर ट्रॉफी हिलटॉप स्कूल टेल्को को दिया गया जबकि दूसरा रनर ट्रॉफी एमएनपीएस को दिया गया। अधिकतर प्रतियोगिताएं जीतकर विद्या भारती चिन्मया स्कूल टेल्को ने चैंपियनशिप पर कब्जा कर लिया। केपीएस बमामाइंस विद्यालय को बेस्ट डिसिप्लिन स्कूल का अवार्ड प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयर पर्सन फाइनेंस बी चंद्रशेखर सचिव अनीता रामकृष्णा, कोषाध्यक्ष भुवना कृष्णन, प्रिंसिपल गुरप्रीत भामरा, डिप्टी प्रिंसिपल सुपर्णा राय एवं एस्पिरिन के अलावा कोऑर्डिनेटर बेनजीर गुलशन जूनियर कोऑर्डिनेटर मालिनी अशोक एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### यूसीएल के प्रायोजन में नेत्र शिविर का हुआ शुभारंभ


शिविर का उद्घाटन करते यूसीएल के पदाधिकारी।

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम को सहयोग से भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से नेत्र शिविर का आयोजन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में हुआ, जिसका उद्घाटन यूसीआईएल के महाप्रबंधक (नार्थ- प्रोजेक्ट) मनोज कुमार सिंघाई, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह ने संयुक्त रूप से पेशेंट वार्ड का फीता काटकर किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह, यूसीआईएल के पदाधिकारी गिरीश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थें। सिंघाई ने नेत्र शिविर के प्रति खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से सही मायने में सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा किया जा सकता है, जो भी लोग है उनकी आंखों को रौशनी मिले, इससे बेहतर कोई उपहार नहीं। जांच सत्र के दौरान डॉ बी पी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने 52 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की, जिसमें 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिन्द ग्रस्त पाया गया। रविवार को नेत्र रोगियों का ऑपरेशन डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ आनन्द सुश्रुत एवं सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में किया जायेगा। जांच सत्र के दौरान रेड क्रॉस कार्यकर्ता राकेश मिश्र, अशोक कुमार घोषाल, अशोक कुमार सिंह, आशीष कुमार, राधेश्याम कुमार ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्री नाथ पब्लिक स्कूल में को करिकुलर के अंतर्गत विद्यालय के सी सी ए ग्रूप की ओर से 'राखी बनाओ' प्रतियोगिता रखी गई। यह प्रतियोगिता अलग-अलग कक्षाओं के लिए अलग अलग थी। प्रथम वर्ग से तृतीय वर्ग के बच्चे राखी के सुंदर चित्र बनाकर उसमें तरह-तरह के रंग भरे। वही कक्षा चतुर्थ से अष्टम तक के छात्रों ने रंग-बिरंगे राखी बनाएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह ने बताया कि ये राखियां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेना के विभिन्न संकाय में रजिस्ट्री पोस्ट द्वारा भेजे जाएगे। यह हमारेसपनो बच्चों की देश के सैनिकों के लिए रक्षा कवच है। विद्यालय के चित्रांकन शिक्षक भवतोष गोराई ने बच्चों की कलाकृति को देखकर खूब सराहा एवं उत्कृष्ट चित्र एवं राखी के लिए प्रतिभागी का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने अपना योगदान दिया।

### समाजसेवी शहनवाज आलम ने एमजीएम में जरूरतमंदों को कराया भोजन



जमशेदपुर। शनिवार 5 अगस्त को को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से एमजीएम अस्पताल में इलाज करा रहे मरीज के अभिभावक, अटेंडर और रिश्तेदारों के बीच 500 लोगो को दोपहर का भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर पावरोटी, केला, केक व अन्य चीजों का समाज सेवी शहनवाज आलम के हाथों बाटा गया। शहनवाज आलम ने बताया की पिछले वर्षो से इस तरह के समाजिक कार्य को किए जाने की खबर पढ़ता था, मेरे दिल में ख्वाहिश हुई कि मैं भी इस काम से जुडुंगा। आज वो दिन आया की मैं जरूरतमंद के बीच भोजन का वितरण कर रहा हूं, मैं कुश हूं और ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा हर तरह के समाजिक कार्यों में शामिल हो कर काम करता रहूंगा। आज के इस कार्यक्रम में समाज सेवी नवाब, साइड, मोहम्मद रेयान, आरिज जननान, आसिफ अख़्तर, ट्रस्ट के अध्यक्षा मतिनुल हक अंसारी, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, फहद एहसान, शाहिद परवेज, फिरोज आलम, हाजी अयूब अली, शेक निजाम, हाजी फिरोज असलम, नादिर खान, ताहिर हुसैन, मोइनुद्दीन अंसारी खास तौर से उपस्थित।

### ज्ञानदीप स्कूल में छात्राओं के बीच 500 मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक का किया गया वितरण



जमशेदपुर। नाम्या स्माइल फाउंडेशन तथा रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के द्वारा जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा जोहार पीरियड्स अभियान बिरसानगर के ज्ञानदीप स्कूल पहुंचा। जहां शनिवार को ज्ञानदीप स्कूल में एक बार फिर लड़कियों को पीरियड वर्कशॉप के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया गया। इस कार्यशाला में 500 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जहां जोहार पीरियड्स अभियान के तहत स्कूल की छात्राओ के बीच माहवारी की प्रक्रिया को आसानी से समझाने वाली मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक का वितरण किया गया। समाज में आज भी माहवारी पर बात करना उतना सहज नहीं हो पाया है। इसी को ध्यान में रखकर मेंस्ट्रूपीडिया के साथ नाम्या स्माइल फाऊंडेशन हाथ मिलाकर काम कर रही है। वर्कशॉप के दौरान संस्था के सदस्य रेशू रंजन ने मेंस्ट्रूपीडिया कॉमिक बुक एवं जोहार पीरियड्स वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि माहवारी को लेकर आज भी समाज में लोग खुल कर बात करने को तैयार नहीं हैं। इसमें अब बदलाव की जरूरत है। इस बदलाव की शुरूआत माहवारी के प्रति बच्चियों को शिक्षित और जागरूक करके ही की जा सकेगी। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल सिस्टर सालोमी, रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के अध्यक्ष निर्मल कुमार, रिशु रंजन, अमित कुमार समेत संस्था के कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मुरली पब्लिक स्कूल में मना ग्रीन डे



जमशेदपुर। शनिवार को मुरली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ,स्कूल की प्रिंसिपल डॉ नूतन रानी की अध्यक्षता में 'ग्रीन डे' का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। सभी बच्चे विभिन्न प्रकार की सब्जियो, फलों, पक्षियों, जानवरों तथा पेड़ पौधों के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। क्लास प्री- नर्सरी नर्सरी तथा केजी के बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया । साथ ही उन्होंने मजेदार खेलों का आनंद लिया। वर्ग 1 से 10 के बच्चों के लिए भी अलग-अलग तरह के मजेदार खेलों का आयोजन किया गया जिस में भाग लेकर बच्चे बड़े खुश नजर आए। कार्यक्रम में जो बच्चे जीते उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को संदेश दिया गया की किस तरह पृथ्वी पर पेड़ पौधों तथा मौजूद सभी जीव जंतुओं की उपलब्धता महत्वपूर्ण है बच्चों को बताया गया की पेड़ पौधों के कटने से किस तरह पृथ्वी पर प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो रही है और हमारी धरती का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ उनसे शपथ दिलवाया गया कि वे अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएंगे तथा उसकी देखरेख करेंगे। कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ बच्चों की माताएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ली। बच्चों की माताओं के लिए भी खेल का आयोजन किया गया था जिसमें सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शशि कला देवी शिक्षिका सुशीला कुमारी शिक्षिका टीना शिक्षिका मालती साहू शिक्षिका छवि कुमारी शिक्षिका टीना श्रीमान प्रदीप कुमार राय तथा शिक्षिका प्रियंका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

आवश्यक सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि रजौली-चन्दवारा बरही पथ भाया सुभाष चौक,रेलवे स्टेशन से महाराणा प्रताप चौक (पथ की लंबाई-2.90 कि0मी0) में पथ का Rigth of Way(ROW) 100 फीट है। पथ के मध्य भाग से दोनों तरफ 50 फीट-50 फीट जमीन का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है। इसमें बिना पूर्वानुमति के किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैद्य माना जायेगा एवं इसे अतिक्रमण मानते हुए अवैद्य निर्माण को हटाने हेतु झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 के अनुसार नियमसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य है कि पथ में जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों को निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपना-अपना अवैद्य निर्माण पथ की जमीन से हटा लें अन्यथा बाध्य होकर विशेष मुहिम चलाकर अतिक्रमण हटाया जायेगा एवं इसमें आनेवाले व्यय की राशि संबंधित व्यक्ति से वसूल की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता-सह-
राजमार्ग पदाधिकारी
प0नि0वि0,पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 304091 Road (23-24)_D

स्पीड न्यूज

## लगातार आगे बढ़ रहा उज्ज्वला फाउंडेशन : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन अपने निरंतर प्रयासों पर आगे बढ़ रहा है। इसके लिए सांसद जयंत सिन्हा व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल धन्यवाद के पात्र हैं, जो हमेशा फाउंडेशन को मदद करते आ रहे हैं। उक्त बातें सासंद प्रतिनिधि सह फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। प्रजापति ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए विभाग से मिलकर जगह – जगह आंख, मलेरिया जांच तथा दिव्यांगता शिविर लगाया जाएगा। उम्मीद है सांसद, विधायक तथा फाउंडेशन के अथक प्रयास से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। तत्पश्चात लोकसभा और विधानसभा सत्र में जनहित को लेकर उठाए गए मुद्दे के प्रति सांसद और विधायक के प्रति सदस्यों ने आभार जताया। बाद में फाउंडेशन के सदस्यों ने अपना लेखा–जोखा प्रस्तुत करते हुए जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा की। मौके पर सुखदेव प्रसाद सोनी, आशा कुमारी, वीणा कुमारी, डिंपल कुमार, शांति देवी, कौशल्या देवी, पारो देवी, सुनीता देवी, मीनू देवी, सपना देवी, नेहा कुमारी, सावित्री कुमारी, देवंती कुमारी, सुमन कुमारी, गिरिजा देवी, सोनी देवी, रिंकू देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## ए ला एंग्लाइज में फुटबॉल टूर्नामेंट



**भदानीनगर (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में शनिवार को इंटर हाउस वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी 6 सदन टैगोर, बुद्धा, अशोका, नेताजी, बाल्मीकि और आर्यभट्ट ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में पहला मुकाबला टैगोर और बुद्धा के बीच खेला गया जिसमें 3–2 गोल के साथ टैगोर सदन विजय घोषित हुआ। वहीं दूसरे मुकाबले में अशोका और नेताजी के 0–2 की प्रतियोगिता रही जिसमें नेताजी हाउस विजय रहा। तीसरा मुकाबला टैगोर और बाल्मीकि के बीच खेला गया जिसमें 1–0 गोल से टैगोर सदन विजय हासिल की। प्रतियोगिता में छठी कक्षा के लकी कुमार ने पांच गोल किए। जबकि बालिकाओं के फुटबल प्रतियोगिता में पहला मैच टैगोर और आर्यभट्ट सदन के बीच खेला गया। जिसमें आर्यभट्ट हाउस को 2–0 गोल से जीत हासिल की।

## चरही में परिसंपत्ति वितरित

**चरही।** शनिवार को चुरचू प्रखंड के ग्राम पंचायत इंद्रा के सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जिला पशुपालक पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी हजारीबाग के मद से इंद्रा के दो ग्रामीण लाभुकों बिलासा देवी और भूमि प्रसाद को दिया गया।इस मौके पर पंचायत की मुखिया राधिका देवी, उपमुखिया विनोद कुमार, पूर्व मुखिया दशरथ महतो,एमओ राजेश शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो, नीलकंठ महतो,राजकुमार प्रसाद तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## हरली में सड़क निर्माण शुरू

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के हरली में एक करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह सड़क एनएच 522 से बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय होते हुए झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन तक जाएगी। यह सड़क बन जाने से बालिका आवासीय विद्यालय में जल्द शिक्षण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है ' विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है साथ ही चारों तरफ चारदीवारी भी कर दी गई है ' प्रखंड क्षेत्र के लोगों की उम्मीद है की यहाँ सड़क बन जाने से विद्यालय में बच्चियों का जल्द नामांकन हो जायेगा और प्रखंड क्षेत्र की बच्चियां को शिक्षा ग्रहण करने में सुविधा होगी।

## विधायक ने किया मेडकुरी पंचायत का दौरा

**दारू।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय विधायक अमित यादव ने शनिवार को मेडकुरी पंचायत क्षेत्र का दौरा किया ' इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर जगह–जगह उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मेडकुरी पंचायत के मेडकुरी कला और मेडकुरी खुर्द में विधायक ने जाकर वहां के लोगों का हालचाल जाना । इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराया और उनका समाधान करने का आग्रह किया ' विधायक ने कहा की क्षेत्र की समस्या का दूर करने का वह भरपूर प्रयास कर रहे हैं। यहां पर हर घर जल योजना में अनियमितता की शिकायत मिली थी जिसका निरिक्षण करने वह स्वयं पहुंचे हैं। संवेदक द्वारा अच्छी गुणवत्ता के कार्य हो इसका वह भरपूर प्रयास करेंगे, साथ ही पंचायत क्षेत्र की जनता का भी यह कर्तव्य है की इस कार्य को ध्यान देकर अच्छे ढंग से काम कराएं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक प्रतिनिधि बसंत सिंह, मेडकुरी मुखिया भोला तुरी, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, रोहित सिंह, गोपाल देव, कुलेश्वर पंडित, विकास पांडे सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## शिशुओं के लिए छह माह तक मां का दूध सर्वोत्तम आहार : प्रो तिवारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में शनिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में आधुनिक महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना व महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य प्रो.एनके तिवारी ने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए छह माह तक मां का दूध सर्वोत्तम आहार होता है। इसके अनेको प्रकार के पोषक तत्व मौजूद होते हैं। डॉ.विभा राय ने कहा कि नवजात शिशु के लिए मां का दूध ईश्वरीय वरदान है। क्योंकि इसमें बहुत सारे प्रोटीन, विटामिन व कैलिस्यम पाये जाते हैं, जो बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। रजनी कुमारी ने कहा कि स्तनपान कराने से डायबटिज तथा ब्रेस्ट कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए डॉ.एसएस पांडेय ने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए अमृत तुल्य है।

### हजारीबाग में दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाके में चली गोली, अपराधी फरार

# बाल-बाल बचा युवक, छड़ दुकान में छुपकर बचायी जान

**सोनू केशरी**

हजारीबाग। जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। यहां के लोग सकते में हैं कि इस शांत शहर को अचानक हो क्या गया है। शनिवार दोपहर को बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसी घटना घटी जिससे लोग अचंभित हैं। इमली कोठी चौक पर बड़कागांव बादाम निवासी 26 वर्षीय राजेश कुमार अपाचे मोटरसाइकिल से हजारीबाग की ओर आ रहा था। इसी क्रम में राजेश कुमार के ऊपर दो अपराधियों ने दो से तीन राउंड फायरिंग की। बीच शहर के खुली सड़क में राजेश कुमार आगे-आगे और अपराधी हाथ में हथियार लिये पीछे-पीछे भागता रहा। इस बीच अपराधियों ने गोलियां भी चलाई पर राजेश कुमार बाल बाल बच गया। इस बीच राजेश कुमार अपने बचाव के लिए इमली कोठी चौक स्थित मेडिसिन प्वाइंट दवाई की दुकान में घुसा तो अपराधियों ने उसपर वहां भी गोली चला दी। इससे दुकान के संचालक रूपचंद्र अग्रवाल और उनके सुपुत्र राहुल उर्फ गोलू अग्रवाल अपराधियों के फायरिंग से बाल-बाल बचे। इस अफरा-तफरी में दुकान का शीशा भी टूट गया। परंतु वहां भी राजेश कुशल पूर्वक अपनी जान बचाने में सफल रहा और करीब आधा किलोमीटर भागते हुए जैक एंड जिल स्कूल के समीप रूप श्री विनिमय प्राइवेट लिमिटेड छड़ की दुकान में जाकर घुस गया। वहां दुकान के अंदर से घर जाने का रास्ता था। गेट खुला होने के कारण राजेश कुमार उस गेट से घर के अंदर घुसकर अपनी जान बचाई । अपराधियों के इस बेखौफ हरकत से भरे बाजार के दुकानदार इकट्ठा तो हुये, लेकिन अपराधी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। इधर नाराज दुकानदारों ने राजेश कुमार को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। दुकानदारों ने यह कहते हुए राजेश को पीटा कि उसकी वजह से अपराधी ने दुकान में गोली चलायी और इस दौरान दुकान मालिक और उसका बेटा बाल-बाल बच गया। बहरहाल घटना की जानकारी के उपरांत बड़ा बाजार थाना के प्रभारी घनश्याम सिंह मौके पर पहुंचे। राजेश कुमार को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ की जा रही है। खबर लिखे जाने तक अपराधी पुलिस की चंगुल से बाहर थे। पुलिस के द्वारा छड़ दुकान से गोली बरामद कर ली गई है। राजेश ने बताया कि मैं जैसे ही इमली कोठी चौक पहुंचा दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार थे। मेरी ओर धड़ाधड़ गोली की बौछार कर दी। मैं बचते हुए छड़ की दुकान के पास पहुंचा और घर में घुसकर जान बचाई । मैं यहां पर किसी को नहीं जानता हूं। जो मुझे मारने आये थे। वे कौन हैं, मुझे नहीं पता। भागने के क्रम में मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा छड़ की दुकान में पहुंच गया था।

**दुकानदार ने कहा- बाल बाल बचे :** रूप श्री विनिमय प्राइवेट लिमिटेड के संचालक रूपचंद अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापार करें कि इन मसलों पर पड़ें। हम पुलिस से आग्रह करते हैं कि अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये। उन्होंने कहा कि मैं दुकानदारी कर रहा था। इसी क्रम में राजेश भागते हुए प्रतिष्ठान में घुस गया। उसके पीछे एक या दो युवक बंदूक लिये भागते हुए आ रहे थे। राजेश घबराकर हमारे घर के रास्ते की ओर जाकर छिप गया। इसी बीच अपराधियों ने दुकान में दो गोली चला दी। मैं और मेरा सुपुत्र बाल बाल बचे हैं।

### दुकान वाले ने युवक की धुनाई की, पुलिस को सौंपा



पिस्तौल लिए भागता अपराधी ।



इस युवक पर चली गोली।



घटना की जानकारी देते दुकानदार।

### फिल्मी स्टाइल में भागा अपराधी

**प्रत्यक्षदर्शियों** ने बताया कि अपराधी जब गोली चलाकर भाग रहा था, तब उसे कुछ लोग पकड़ने का प्रयास किये। जैसे ही उसने देखा की लोग उसे पकड़ने आ रहे है उसने 500 रुपये का एक बंडल हवा में लहरा दिया। लोग रुपये चुनने में व्यस्त हो गए और अपराधी बाइक पर बैठ फरार हो गया।जिस युवक राजेश पर गोली चली है, उसका भी आपराधिक पृष्ठभूमि रहा है और वह कुछ महीने पहले ही जेल से निकला है। फिलहाल युवक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारी, नहीं तो उग्र होगा आंदोलन : राजेंद्र प्रसाद

**युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास व मारपीट को लेकर गोलबंद हुए धनवार व करियातपुर के ग्रामीण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार एवं करियातपुर पंचायत के ग्रामीणों ने धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में धनवार पंचायत अंतर्गत बडदाग गांव में एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बरही पुलिस प्रशासन पर दिए गए आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित नजर आएं।

इस सम्बंध में धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आवेदन दिए जाने के सप्ताह बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन दबाव में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होती है तो ग्रामीणों के साथ बरही थाना पहुंचकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञात हो कि धनवार निवासी पीड़िता ने बरही थाना में दुष्कर्म करने का प्रयास एवं मारपीट के संबंध में धनवार के दो युवक राहुल अंबेडकर उर्फ रामू रविदास पिता स्वर्गीय प्रभु रविदास, लक्ष्मण रविदास पिता सुरेश रविदास के ऊपर दुष्कर्म का प्रयास कर दुर्व्यवहार करने एवं जान से भी मार देने का धमकी देने के संबंध में आरोप लगाते हुए 30 जुलाई को आवेदन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की फरियाद लगाई थी। इस संबंध में बरही महिला थाना में कांड संख्या 12/23 के तहत मामला दर्ज है। मौके पर धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, धनवार उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा, नरेश कुमार, गुलाम सरवर, चन्दन केसरी, कमलेश कुशवाहा, संजय केसरी, भीम केसरी, कैलाश केसरी, संतोष प्रजापति, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, केसो यादव, सकलदेव यादव, रामसहाय यादव सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पवन के परिजनों से मिले जयंत सिन्हा, कहा- दोषियों को मिले सजा



**रामगढ़।** संसद सत्र में हिस्सा लेकर शनिवार को हजारीबाग लौटने के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा ने रामगढ़ में मृतक पवन यादव के परिजनों से मिले। पवन की मां मुटरी देवी और पिता शरद यादव ने सांसद से गुहार लगाई की इतनी निर्दयता से मेरे पुत्र की हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी सजा मिले। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आरोपी जो भी हो उसको बख्शा नहीं जायेगा । उन्होंने कहा की मैं इस मुद्दे पर एसपी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से वार्ता करूंगा की इस प्रकरण पर गंभीरता के साथ जांच करते हुए कार्रवाई करें । मौके पर पवन यादव की बहन रिंकी कुमारी,अनीता कुमारी,नंदनी देवी, पंकज कुमार, प्रिंस कुमार ,भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा,सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक,रंजीत पांडे,छोटू वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो,महेंद्र प्रजापति,महेश चौधरी, जग्गी,संजय बनारसी, नीरज मंडल आदि उपस्थित थे।

## आपदा पीड़ित परिवारों को जल्द मिले सहायता राशि : उपायुक्त

रामगढ़। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में हुई। डीसी ने कहा कि आपदा पीड़ित परिवारों को सहायता राशि जल्द से जल्द मिले। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित बैठकों में दिए गए निर्देश का अनुपालन सबसे पहले होना चाहिए। उन्होंने वर्तमान में प्राकृतिक आपदाओं जैसे वज्रपात, अतिवृष्टि से मकान क्षति, जंगली जानवरों से झड़प, सड़क दुर्घटना में मृत्यु सहित अन्य आपदाओं में अस्वाभाविक रूप से मृत्यु होने के उपरांत आश्रितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के लिए प्राप्त सूची पर डीडीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आश्रितों एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## 687 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** अग्निवीर जवानों की पहली टुकड़ी को प्रशिक्षण के उपरांत शनिवार को रामगढ़ के पंजाब और सिख रेजीमेंटल सेंटर में कसम परेड कराया गया। इसमें गुरु ग्रंथ साहिब और गीता को साक्षी मानकर अग्निवीर जवानों को देश सेवा की शपथ दिलाई गई।

पंजाब और सिख रेजीमेंटल सेंटर के प्रशिक्षित 687 अग्निवीरों ने देश सेवा की शपथ ली। पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के 185 और सिख रेजीमेंटल सेंटर के 502 अग्निवीर जवानों का शपथ ग्रहण समारोह किलाहारी ग्राउंड में आयोजित किया गया था।

दोनों रेजिमेंटल सेंटर में कर्नल ने पासिंग परेड का निरीक्षण किया। नए जवानों ने एक से बढ़कर एक परेड का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को ब्रिगेडियर ने सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रिगेडियर संजय कुमार कंडपाल ने सभी नए अग्निवीरों को संबोधन में चुनौती का सामना करने के गुर सिखाए।

## दोतल्ला पंचायत में सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब गठित

**एजें**

**खेल, कला, संस्कृति, स्वास्थ्य, शिक्षा व कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की होगी व्यवस्था : सत्यवंती देवी**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में शनिवार को ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर क्लब के सदस्यों के लिए विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में पतरातू प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सुखदेव मरांडी उपस्थित थें। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से 21 सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

जिसमें अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, उपाध्यक्ष कुणाल किशोर सिंह, सचिव विनय कुमार सिंह सहित सदस्यों में राजेश सिंह, रंथी टोप्पो, सुनीता मुर्मू, मनीष बहादुर, सीमा, मधु, ज्योति, रिया, संजो देवी, देवंती देवी, सुबोध कुमार, अंश, संजय, दीपक पन्ना, मनीष बक्सी, समृता देवी, रुपाली, मीनू देवी शामिल हैं। मुखिया सत्यवंती देवी ने सिद्धो-कान्हू क्लब युवा खेल क्लब के चुने गये कार्यकारणी सदस्यों को बधाई देते हुए पूरे कर्मठता एवं ईमानदारी से कार्य करने की बात कही। मुखिया ने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास में उक्त क्लब मील का पत्थर साबित होगी। इसके माध्यम से ग्रामीणों का खेल, कला, संसति स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास के साथ-साथ क्षमता के अनुसार कौशल विकास के माध्यम से रोजगार की भी व्यवस्था की जाएगी।

एक नजर में

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**विष्णुगढ़।** एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पौधारोपण किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में आम, अमरूद , जामुन,अशोक,नीम आदि विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। स्कूल के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि सभी को सुरक्षित रहना है तो हम सब मिलकर एक संकल्प ले की कम से कम एक पौधा प्रत्येक प्राणी अवश्य लगाएं ओर इसे बचाये। इसी में हमलोग की भलाई है क्योंकि अगर हमारे आसपास के क्षेत्र में हरियाली रहेगी तो ही हम निरोग रहेंगे और हमें किसी भी तरह की बीमारी नहीं होगी। इससे हमारे आसपास के क्षेत्र का पर्यावरण स्वच्छ ओर रोगमुक्त रहेगा और हम बीमारियों से दूर स्वस्थ और सुरक्षित रह पाएंगे। इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, रोहित कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, समेत विद्यालय के कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूजन

हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हरटोली ,हजारीबाग में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में विद्यालय कक्षा नवम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाली बहनों ने गुरु पूजन पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया। कार्यक्रम ममुख्य अतिथि शारदा गुप्ता, प्रांत कार्यवाही का समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा परम पवित्र गुरु भगवा ध्वज के प्रति वंदन एवं समर्पण से आप सभी बहनों में राष्ट्रभक्ति का भाव समाहित होगा । मौके पर शारदा गुप्ता ने बच्चों को महर्षि वेदव्यास की जीवनी एवं गुरु की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा विद्यालय में ज्ञान शील चरित्र एवं एकता शिक्षा दी जाती है' राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। गुरु पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय व सभी दीदी जी उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने डीडीसी को सौंपा चेक



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस ने हजारीबाग नगर पालिका के विकास के लिए 29,96,700 रुपया दिया। एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना ने शहर के विकास के लिए यह राशि जिला उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को एक चेक भेंट किया। एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि काफी लंबी दिनों से जिला प्रशासन द्वारा शहर के विकास के लिए उपलब्ध कराने को कहा गया था। यह राशि एनटीपीसी आर एंड आर के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी एवं सीएसआर के उप महाप्रबंधक सतीश कुमार सेनापति एवं वरीय प्रबंधक कमला राम रजक की उपस्थिति में हजारीबाग विकास के लिए राशि उपलब्ध कराया गया । जिला उपविकास आयुक्त ने इस अवसर पर कहा कि एनटीपीसी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। शहर के विकास के लिए और एनटीपीसी ने शहर को समय समय पर इसी तरह का सहयोग देकर शहर को काफी सुंदर बनाने में सहयोग करती है । शहर को समुन्दर बनाने में सहयोग अति सराहनीय है।

## बड़कागांव में विस्थापितों ने किया प्रदर्शन

**बड़कागांव।** कर्णपुरा खनन विस्थापित विकास समिति के द्वारा 13 माइल के पास बाहरी वर्करों को हटाओ स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द रोजगार पर जुड़ने के लिए समिति के संरक्षक विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया। विधायक ने कहा कि 4000 से भी अधिक लोग कंपनियों में काम कर रहे हैं और स्थानीय लोग जिनका जमीन गया विस्थापित और अधिग्रहण क्षेत्र में आते हैं उन्हें कापनी की ओर से सिर्फ आश्वासन और प्रशासन की जोर पर भगा दिया जाता है। उन्हें नौकरियों से वंचित किया जा रहा है अब ऐसा नहीं चलेगा। कंपनी को स्थानीय लोगों को नौकरी देना ही होगा। कंपनी में अलग–अलग राज्यों से आकर नौकरी कर रहे हैं। कंपनी के दलालों और विलेज मोबिलाइजर को रखकर स्थानीय लोगों को कंपनी से किसी भी तरह से लाभ लेने से वंचित कर रहे हैं। कंपनियों द्वारा अलग–अलग समितियों का गठन करा कर आपस में लड़ावाने का काम कर रही है। कंपनी के तरफ से वार्ता के लिए थ्रिवेणी सैनिक के प्रतिनिधि के रूप में एजीएम उत्तम झा सहित अन्य पदाधिकारी आए। 25 अगस्त को कंपनी के द्वारा कितने लोगों को नौकरी दिया जाएगा यह मुझे स्पष्ट रूप से बताना होगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष फयूम अंसारी, सचिव समीम अंसारी, कोषाध्यक्ष राजेश रजक सहित समिति के लोग सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय में खेल प्रतियोगिता



**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार में खेलो झारखंड 2023–24 प्रतियोगिता के तहत खेल का आयोजन किया गया। खेल महाकुम्भ में 100मी, 200 मी 400मी रिले दौड़, लम्बी कूद ऊंची कूद, भाला फेंक और मुख्य खेल में फुटबॉल कबड्डी का आयोजन किया जाएगा।इंटर हाउस प्रतियोगिता में डॉ भीम राव अम्बेडकर सदन सावित्री बाई फुले सदन बिरसा मुंडा सदन और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सदन के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम दिवसीय कार्यक्रम में 100 मी 200मी दौड़, गोला फेंक का आयोजन अंडर–14 और अंडर–17 के बीच किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जितना जरूरी पढाई लिखाई है उतना ही महत्वपूर्ण खेलकूद भी है।कार्यक्रम व खेल आयोजन का संयोजन व संचालन विद्यालय के शारिरिक शिक्षक विजय कुमार दास ने किया। विद्यालय की शिक्षिका रश्मि टोप्पो ने स्कोरर व विद्यालय के वरीय शिक्षक देवेंद्र कुमार,पूनम मुर्मू, अरुण कुमार, सुधा रश्मि, फैयाज आलम, रश्मि द्विवेदी दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी आरती देवी संजू देवी, प्रत्युष बनर्जी ने विभिन्न खेलों में रेफरी की भूमिका निभाया।

## स्वयंसेवको को उचित मानदेय दे सरकार : संतोष



**बरही।** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की प्रखंड कमेटी की बैठक अब्दुल कलाम पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष कुमार एवं संचालन मनोज रविदास ने किया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत एक्टिव पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको की सूची बनाई गई। बैठक में रांची स्थित राजभवन में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको एक महीने से चल रहे धरना प्रदर्शन में अपनी पुरजोर सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। विगत 7 वर्षो से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को पंचायत के हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है फलस्वरुप सरकार द्वारा अभी तक स्वयंसेवकों के हित में कोई पहल नहीं किया गया है। उपाध्यक्ष मनोज रविदास ने कहा कि चुनाव से पूर्व हेमंत सरकार ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक से जो वादा किया था उसे पूरा करें। परिवार के भरण पोषण के लिए झारखंड सरकार पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको को उचित मानदेय देने का कार्य करें। साथ ही साथ उन्होंने सभी पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको से धरना प्रदर्शन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में संतोष कुमार, धनंजय कुमार, मनोज रविदास, परमेश्वर प्रसाद, बजरंगी प्रसाद केशरी, मिथुन कुमार ठाकुर, नकुलदेव यादव, बिनोद कुमार दास, प्रकाश ठाकुर, मंटू कुमार, राजेंद्र रजक, सिकंदर कुमार, प्रदीप दास, राजेश दास, हसबुन निशा, दीपा कुमारी, कल्पना कुमारी, पिंटू रजक, दिवाकर पासवान, अमर कुमार रवि, शत्रुघ्न कुमार, अजय रविदास आदि उपस्थित थे।

# एससीए मद से निःशुल्क कोर्स के लिए आइएचएम रांची भेजे गये 24 युवक-युवती

■ मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य के वित मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा शनिवार को विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) अनाबद्ध निधि से होटल मैनेजमेंट के निःशुल्क कोर्स के लिए आईएचएम, रांची हेतु लोहरदगा जिला के कुल 24 युवक-युवतियों को नगर भवन, लोहरदगा परिसर से रवाना किया गया। इन कोर्सों में डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस, डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग और फ्राफ्टमैनशिप सर्टिफिकेट कोर्स इन फूड प्रोडक्शन एण्ड पेस्ट्री शामिल है।

कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री उरांव ने कहा कि आज रोजगार की कमी है लेकिन स्वरोजगार के अवसर अवश्य उपलब्ध हैं। कोई भी काम बड़ा या छोटा नहीं होता। स्वरोजगार भी जीविकोपार्जन का एक बेहतर माध्यम हो सकता है। बढ़ती हुई जनसंख्या में सभी को नौकरी दे पाना किसी सरकार में संभव नहीं है।

आज जिला प्रशासन, लोहरदगा की ओर से आईएचएम, रांची में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स के लिए युवक-युवतियों को भेजा जा रहा है। यह उनके लिए निःसंदेह बहुत बढ़िया अवसर है। बीते वर्ष भी इस योजना के तहत 36 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के लिए आईएचएम रांची भेजा गया था जो कई बड़े शहरों में अपनी सेवा दे रहे हैं।



चयनित युवक-युवती के साथ मंत्री, उपायुक्त व अन्य।

**युवाओं को बेहतर मौके उपलब्ध कराना उद्देश्य : डॉ वाघमारे प्रसाद**

मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जेएसएलपीएस और एनआरएलएम प्रोजेक्ट के तहत पूर्व से स्वरोजगार के कई कार्यक्रम चल रहे हैं लेकिन इन सब से हटकर कुछ अलग निर्णय लेना जिला प्रशासन के लिए एक चुनौती थी। यहां के युवाओं को होटल मैनेजमेंट के उद्योग से जोड़ने के लिए सर्वप्रथम आईएचएम, रांची और जिला प्रशासन, लोहरदगा के लिए बीच एक एमओयू किया गया, जिसमें यहां के युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए चार कोर्स शामिल किये गये। बीते वर्ष 36 युवक-युवतियों को आईएचएम, रांची में निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाया गया और यह काफी सफल रहा।

## पांच सीएचसी के लिए अत्याधुनिक एंबुलेंस को मंत्री ने किया रवाना



**लोहरदगा।** विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) मद से खरीदे गये किये गये लाईफ सपोर्ट सिस्टम से लैस अत्याधुनिक एंबुलेंस को शनिवार को डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड रांची द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) सदर प्रखंड, कुडू, किस्को, भण्डरा और सेन्हा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये सभी एंबुलेंस चौबीसों घंटें आपातकालीन सेवा के लिए अपने सीएचसी में उपलब्ध रहेंगे। मंत्री ने कहा कि उपायुक्त की सूझबूझ व सोच से ही यह संभव हो पाया है। डॉक्टर होने के नाते वे स्वास्थ्य से जुड़ी सभी चीजों को समझते हैं। इसमें अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

## स्पीड न्यूज

### टांगी से हमला करनेवाला गिरफ्तार, जेल



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के बकरा कोना में एक व्यक्ति ने गांव के दो लोगों को टांगी से मारकर घायल कर दिया। बकरा कोना का फुलजेम्स तिर्की (32) ने गांव के ही दीपक लकड़ा (35) पिता अनिल लकड़ा और जयमन मिंज पिता स्व स्टीफन मिंज को किसी बात पर विवाद होने पर टांगी से मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाने को दी। थाना प्रभारी आशुतोष सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच दोनों घायलों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं आरोपी फुलजेम्स को मौके से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया है। टांगी को जब्त कर लिया।

### चपका के युवक ने लगायी फांसी, मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के चपका निवासी सुभाष उरांव (26) ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की मां गंगी उरांव ने बताया कि सुभाष मोटिया का काम करता था। शुक्रवार को वह घाघरा प्रखंड मुख्यालय से काम करके घर आया और खाना खाकर सो गया। सुबह जब कमरे में गयी तो देखा कि वह फांसी के फंदे से झूल रहा था। सूचना पर पहुंचे थानेदार अमित चौधरी व रामजी बैठा घटनास्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से झूठ बेनकाब सत्य की जीत हुई : राजकेश्वर एक्का



**डुमरी।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश्वर एक्का के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलने व वापस संसद सदस्यता प्राप्त होने पर जश्न मनाया गया। नवाडीह चौक में डुमरी के कांग्रेसियों ने नारेबाजी कर खुशियां मनायी। राजेश्वर ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर रोक न्याय की जीत है। मौके पर अख्तर अली, चंदन केशरी, फिरासत अली उर्फ भोला, मकबूल आलम, प्रदीप मिंज, गोरैटी तिग्गा, नारायण रजक सहित काफी संख्या में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### खेल में करियर स्थापित कर सफलता के शिखर पर चढ़ें खिलाड़ी : चैतु उरांव



**गुमला।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नव युवक संघ सांवरिया के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच नवयुवक क्लब बुरहु बनाम टांगर टोली के बीच हुआ। प्रतियोगिता का समापन 9 अगस्त को होगा। चैतु ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाके में इतना बड़ा टूर्नामेंट किया जाना अपने आप में एक उपलब्धि है। यहां के युवा साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगा। आज खेल भी एक जीविकोपार्जन का साधन बन गया है। इससे हम अपने भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं। हम देखे हैं कि कई ऐसे लोग खेल को कैरियर के रूप में लेकर स्थापित हुए हैं और सफलता के शिखर तक पहुंचे हैं। मौके पर आशिक अंसारी, राजू रंजन महतो, रामनिवास प्रसाद, सुनील उरांव, तरुण गोप, बुद्धेश्वर उरांव, सुनील उरांव, अनिल उरांव, गदिरा उरांव, सुखराम उरांव, सुखदेव उरांव आदि थे।

### जंगली हाथियों का तांडव चैनपुर में जारी, तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के सदान बुकमा में शुक्रवार की रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने आधी रात के करीब सदान बुकमा के गरीब किसान दुखन नगेसिया, लौरेंशिया लकड़ा एवं कमली देवी के घर पर हमला कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी गांव में लगभग दो 2 घंटे तक उत्पात मचाया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। फिलहाल हाथी जारी के सीमावर्ती भूठी जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। पीड़ित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। वहीं कई किसानों ने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीते वर्ष उनके फसलों को जंगली हाथी द्वारा नुकसान पहुंचाया गया था पर अब तक उन्हें मुआवजे की राशि नहीं मिली है।

### विधायक मद से आजाद बस्ती में बनी सड़क जर्जर, मुहल्लेवासी हैं परेशान



**गुमला।** विधायक भूषण तिर्की के मद से आजाद बस्ती स्थित वार्ड नंबर 9 में बनी सड़क जर्जर हो गयी है। मिशन बदलाव सदस्यों के समक्ष मुहल्ले वासियों ने घटिया सड़क निर्माण की शिकायत की है। मिशन बदलाव के सय्यदा खातुन ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कार्य अच्छा नहीं किया गया। जिसके कारण सड़क जल्द ही जर्जर हो गया। विधायक मद से लगभग तीन सौ फीट पीसीसी सड़क का निर्माण मोहमद सद्दाम के घर से मोहम्मद मुश्ताक के घर तक सड़क बनी है। यह सड़क मुहल्ले की लाइफ लाइन है। हजारों लोग इस सड़क का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं।

### पालकोट में बिरहोर आदिवासी समाज के लोगों की उपायुक्त ने सुनी समस्या

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को पालकोट प्रखंड का दौरा किया। जहां उन्होंने जरडेगा ग्राम में रहने वाले बिरहोर आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए एक खास जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी वरीय पदाधिकारी, मुखिया एवं कर्मी मौजूद थे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन नव प्राथमिक विद्यालय बिरहोर कॉलोनी में किया गया। जहां बिरहोर समुदाय के सभी 17 परिवार के सदस्य मौजूद हुए। इस दौरान उपायुक्त ने समुदाय के लोगों से एक एक कर समस्याओं को सुना।

# 36 गोवंशीय पशु के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, भेजे गये जेल

## 10 पशु मिले मृत, गुप्त सूचना पर रायडीह पुलिस ने की कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** रायडीह पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर ट्रक संख्या जेएच 02 बीएम 4221 में लदे 36 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। साथ ही तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार पशु तस्करों में टक चालक कुडू थाना क्षेत्र के उरूमरू बारडीह निवासी अरमान अंसारी, लोहरदगा नगर थान क्षेत्र के ख्वाजा गांव निवासी अमन अंसारी व नरकोपी थाना क्षेत्र के बजरा गांव निवासी तबरेज खान के नाम शामिल है। ट्रक में पशुओं को ठूस कर लादे जाने के कारण दस पशु मृत हालत में पाये गये। इस संबंध में शनिवार को रायडीह थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बैजु उरांव व थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि रायडीह थाना को गुप्त सूचना मिली कि साईटांगर टोली लोदाम जशपुर से ट्रक (जेएच 02 बीएम 4221) में गोवंशीय पशु को अवैध तरीके से लाद कर बुचड़खाना में वध करने लोहरदगा तस्कर लेकर जा रहे हैं।



गिरफ्तार पशु तस्करों के साथ इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य।

सूचना के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक टीम का गठित की गयी। टीम ने थाना गेट के पास वाहन जांच अभियान आरंभ किया। शनिवार सुबह करीब 8:45 बजे ट्रक आता दिखा। पुलिस के रूकने के इशारे और वाहन जांच होता देख चालक थाना गेट से कुछ दूर पहले ही गाड़ी खड़ी कर दिया। वहीं तीन लोग वाहन से उतरकर भागने लगे। वाहन जांच कर रहे पुलिस कर्मियों ने उन्हें खदेड़कर पकड़ा। जिसमें पशु तस्कर अरमान अंसारी, अमन अंसारी व जबरेज खान शामिल हैं। अभियुक्तों ने बताया कि ट्रक में लदा पशु लोहरदगा जिला के नगर थाना क्षेत्र निवासी युनुस अंसारी पिता सफरूद्दीन अंसारी का है। वहीं ट्रक की जांच करने में 36 पशु मिले।

# पेपर प्लेट मशीन यूनिट से आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी महिलाएं : बीके झा

## बगडू में हिंडालको सीएसआर मद से पेपर प्लेट मशीन यूनिट का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र के ग्राम नीचे बगडू में आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देते हुए हिंडालको सीएसआर मद से पेपर प्लेट मशीन यूनिट का उद्घाटन हिंडालको के अध्यक्ष बिजेश कुमार झा ने फीता काटकर एवं मुखिया रानी मिंज ने नारियल फोड़कर किया।

मौके पर श्री झा ने महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों को कहा कि आर्थिक स्वावलंबन के क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु हरसंभव मदद एवं सहयोग दिए जायेंगे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र की तरक्की में मदद करते हुए आज यह पेपर प्लेट मशीन यूनिट का शुभारंभ किया जा रहा है। इस यूनिट से यहां की महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण और हमारा सहयोग से क्षेत्र में आर्थिक स्वावलंबन की गति बढ़ाई जा सकेगी। भविष्य में एक मशीन और प्रदान किये जायेंगे।



यूनिट का उद्घाटन करते अतिथि व मौके पर उपस्थित लोग।

**खास बातें :** इससे पूर्व कार्यक्रम में आदित्य उच्च विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। बगडू मुखिया रानी मिंज ने हिंडालको प्रबंधन का आभार जताया। जिनके सहयोग से साधना महिला मंडल पेपर प्लेट मशीन यूनिट स्थापित कर महिलाओं को सहयोग कर रहा है। संचालन सीएसआर विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। मौके पर सहायक उपाध्यक्ष वासुदेव गंगोपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास सुधीर चौधरी, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, प्रबंधक बगडू राजकुमार सिन्हा, मनोज पांडे, भास्कर सिन्हा, सुनील चौधरी, आशीष कुमार भी थे।

### अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन पलटा



**भंडरा।** लोहरदगा-बेड़ो मुख्य पथ के मसमानो सड़क पर शनिवार को पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिर गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन पिकअप का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। लोहरदगा की ओर से मसमानो जा रही पिकअप (जेएच 01 ईपी 3014) रास्ते में मसमानो में अनियंत्रित होकर पलट गयी। पिकअप मसमानो के मुकेश साहू का है। जानकारी होने पर भंडरा पुलिस घटनास्थल पहुंच पिकअप को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है।

### डाककर्मियों और प्रबुद्धजनों ने निकाला तिरंगा मार्च



**गुमला।** शहर के डाकघर कर्मियों व प्रबुद्ध जनों ने शनिवार को संयुक्त रूप से तिरंगा मार्च निकाला। मार्च डाकघर के समीप से आरंभ हुआ जो शहर के विभिन्न मार्गों में से होते हुए पुनः डाकघर में समाप्त हुआ। डाककर्मी ने कहा कि यह तिरंगा पैदल मार्च पूरे शहर में निकाला गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य घर-घर तिरंगा लगाना है।

### कार्यक्रम की सफलता में जनभागीदारी जरूरी : बीडीओ



**भंडरा।** बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 9 अगस्त से शुरू होने वाले मेरी माटी-मेरा देश अभियान को लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में बैठक हुई। बीडीओ ने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान 09 से 15 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में पांच कार्यक्रम किये जायेंगे। हर गांव से मिट्टी यात्रा शुरू होगी। मिट्टी यात्रा में गांवों से कलश में मिट्टी ली जायेगी। इसके बाद इस मिट्टी को ब्लॉक स्तर पर लाया जायेगा। फिर जिले के सभी प्रखंडों से मिट्टी लेकर कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में इसे ले जाया जायेगा। इस अभियान में वसुधा वंदना कार्यक्रम के तहत पंचायतों में अमृत सरोवर के किनारे अमृत वाटिका बनाया जायेगा। इसमें 75 पौधे लगाये जायेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर पांच प्रण लिये जायेंगे। सभी पंचायत में शिलापट्ट लगाये जायेंगे। इसमें स्थानीय वीरों के नाम अंकित होंगे। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी व ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्देश दिया।

## धनसिंह जलाशय में केज कल्चर की व्यवस्था को देखने पहुंचे उपायुक्त

■ मत्स्य समुदाय के सदस्यों से की मुलाकात, उपायुक्त का केज कल्चर को जिले भर में विस्तृत रूप देने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने एवं पलायन की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल किए जा रहे हैं। इसका एक बेहतरीन उदाहरण धनसिंघ जलाशय है। जहां केज कल्चर की शुरूआत करते हुए मत्स्य उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को सशक्त किया जा रहा है। केज कल्चर की संचालन व्यवस्था को देखने एवं मत्स्य पालकों के अनुभवों को जानने के लिए शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी बसिया स्थिति धनसिंह जलाशय पहुंचे। मत्स्य समुदाय के सदस्यों द्वारा उपायुक्त का सांस्कृतिक रूप से स्वागत किया गया। वहीं उपायुक्त ने समुदाय के लोगों से बात चीत की एवं केज कल्चर की शुरुआती पहले वर्ष के पूर्ण होने पर उनके अनुभवों को जाना। समुदाय के लोगों ने बताया कि केज कल्चर से जुड़े सभी मत्स्य समुदाय के सदस्य अब लखपति किसान की श्रेणी में आने के कगार में है।



## सीमा केसरी बनीं विजेता जाह्नवी गोयल उपविजेता

■ छात्राओं की श्रेणी में रोशनी उरांव बनीं ऋतु राजकुमारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में शनिवार को श्रावण महोत्सव का आयोजन मातृ भारती व बालिका शिक्षा विभाग के बैनर तले हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उषा सिंह और समस्त अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत हिंदी की आचार्या रेणु कुमारी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की बहन प्रेरणा तिग्गा और प्रियंका उरांव ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। चतुर्थ ऋतु रानी प्रतियोगिता का शीर्षक पॉलीथिन हटाओ पर्यावरण बचाओ रखा गया था। इस शीर्षक पर प्रतिभागियों को अधिकतम 3 मिनट में अपनी बात रखनी थी। चतुर्थ ऋतु रानी प्रतियोगिता में सीमा केसरी विजेता और जान्हवी गोयल उपविजेता रही।

## डीइओ ने की झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर में बच्चों से मजदूरी मामले की जांच

■ जांच रिपोर्ट डीसी को सौंपने की बात डीइओ ने कही

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** झारखंड आवासीय विद्यालय चैनपुर में स्कूली छात्राओं से मजदूरी कराने मामले को लेकर शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजुर एवं कस्तूरबा प्रभारी आदित्य राज ने चैनपुर पहुंचकर मामले की जांच की। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने वार्डेन एवं सप्लायर को शोकॉज कर स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच की रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्राओं से पूछा गया जिसमें छात्राओं ने अपनी स्वेच्छा से ही सर पर चावल ढो कर लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कच्चा रास्ता है रास्ते में किसी व्यक्ति का व्यक्तिगत जमीन पड़ता है जो गाड़ी को अंदर आने के लिए अलाउड नहीं कर रहा है।



### क्लब ने लगाये पौधे

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला ने शनिवार को डीएसपी रोड स्थित श्री दादी मंदिर मुरली बगीचा के प्रांगण में पौधा रोपण किया तथा सार्वजनिक कुआं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला गया। मौके पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, सचिव अशोक जयसवाल, गुलाबचंद प्रसाद, बनवारी लाल अग्रवाल, विशाल कुमार, प्रमोद गाड़ोदिया, अनुराधा प्रसाद उपस्थित थे।

### सर्पदंश पीड़ित गंभीर

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के नौडीहा बरटोली निवासी 34 वर्षीय नरेंद्र भगत को एक जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे रात्रि लगभग 10 बजे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन ने बताया कि खेती बारी को लेकर खेत में गया था। वही देर संध्या सांप ने उसके बाएं पैर पर काट लिया। जिसके बाद आनन-फानन में घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

## चुनावी पाठशाला कर स्कूली बच्चे किये गये जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** देश के प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चला, चुनावी पाठशाला के अंतर्गत शनिवार को भंडरा कस्तूरवा बालिका आवासीय विद्यालय में चुनावी पाठशाला आयोजित की गयी। मौके पर बीडीओ रंजित कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने बच्चों को बताया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का सदुपयोग करेगा। इसलिए प्रत्येक युवा को चाहिए जिनकी 18 वर्ष से अधिक आयु के ऊपर है को अपना या परिवार वोट कार्ड बनवायें। इस बार विशेष अभियान के अंतर्गत लिए जिन युवाओं के वोट नहीं बन पाये उनके लिए यह मौका दिया जा रहा है कि वह अपना अपना वोट कार्ड बनवायें।

# मार्केट से सभी सब्जी विक्रेताओं की सब्जी, बटखारा व पैसे की हुई चोरी

■ चोरी की घटना से सब्जी विक्रेता हुए हताश, पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

■ बड़ाईक मुहल्ला में लगातार हो रही है चोरी की घटना : रमेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** बड़ाईक मुहल्ला टंगरा में संचालित सब्जी मार्केट से शुक्रवार की रात चोरों ने कई सब्जी विक्रेताओं के मार्केट शेड में रखे सब्जी, बटखारा व पैसे की चोरी कर ली। चोरों ने ताला तोड़कर सब्जी मार्केट के सभी सब्जी दुकानों से सब्जी चुरा ली। जिसे सब्जी विक्रेता काफी परेशान दिखे। चोरों ने मोहन महतो के 3000 कैश व बैटरी, कृष्णा महतो का 600 रुपये, बैटरी व बटखारा, पानपति देवी का 1000 रुपये, बैटरी, 11 किलो टमाटर, राधा देवी 10 किलो टमाटर व बटखारा, उमेश्वरी देवी का 3000 रुपये, बैटरी, बटखारा व 10 किलो टमाटर, लक्ष्मी देवी का 1000 रुपये व बटखारा की चोरी कर ली। वहीं सुनील साहू, जितनी देवी, संगीता देवी, विजय वाड़ा, सूरजमुखी देवी, अर्जुन साहू, पूनम देवी, तेतरी देवी, वीणा देवी, माया कुजूर, गायत्री देवी, प्रमिला देवी, अनुज प्रजापति का बटखारा एवं पैसों की चोरी कर ली। इस चोरी से शहर वासी काफी चिंतित हैं।



घटना की जानकारी कांग्रेस नेता को देते सब्जी विक्रेता।

**खास बातें**

छोटी-छोटी पूंजी जुगाड़ कर रोजगार करने वाले सब्जी विक्रेता से उनके जीवन यापन की सामग्री ही चोर चोरी कर ले गये। घटना को लेकर सब्जी विक्रेता कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार के समक्ष अपनी समस्या रखी। रमेश कुमार ने कहा कि बड़ाईक मुहल्ले में पिछले कई दिनों से चोरी की घटना हो रही है। पुलिस गश्ती नहीं होने के कारण चोरों का हौसला बढ़ गया है। गरीबों से चोरों ने उनका रोजगार छीनने का काम किया है। इधर, घटना की सूचना पर गुमला पुलिस सब्जी मार्केट पहुंचकर सब्जी विक्रेताओं से चोरी की घटना की जानकारी ली।

# सभी वनस्पतियां औषधीय गुणों से युक्त होती हैं : शिव शंकर सिंह

■ लोहरदगा में जड़ी-बूटी सप्ताह के तहत औषधीय पौधे की जानकारी दे रही पतंजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर की वंदना सभा में पतंजलि योग समिति के संरक्षक शिव शंकर सिंह द्वारा वंदना सभा में मां सरस्वती भारत माता एवं ओम के समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्पा अर्चन किया गया।

शिव शंकर सिंह ने कहा कि प्रायः सभी वनस्पतियां औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। इनकी जानकारी प्राप्त करना तथा इनका उचित प्रयोग हम सबके लिए आवश्यक है। हमारे पास पड़ोस में तुलसी, भूमि आंवला, एलोवेरा सदाबहार, पारिजात, पुदीन हरा, गिलोय, मीठी नीम, नीम आदि ऐसे पौधे हैं जिनका हम प्रयोग करके अनेक रोगों से मुक्त हो सकते हैं।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

**खास बातें :** बताया कि सदाबहार शुगर रोग की एक अचूक दवा है। भूमि आंवला बच्चों के पेट दर्द अपच के समय प्रयोग करने पर उनकी पेट की पीड़ा का निवारण हो सकता है। पुदीन हरा बच्चों के दस्त होने पर उल्टी होने पर उसका सरबत पिलाने से उन्हें लाभ प्राप्त होता है। बुखार सर्दी जुकाम इत्यादि होने पर गिलोय काली मिर्च पारिजात के पत्तों का काढ़ा बनाकर देने से आराम मिलता है। उन्होंने छोटी-छोटी पास पड़ोस में उपलब्ध होने वाले औषधीय पौधों की सूची तैयार करने तथा उनका चित्र बनाकर लाने हेतु कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों के अंतर्गत इन गुणों के विकास हेतु एक प्रतिस्पर्धा सोमवार को आयोजित करने का निवेदन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से भैया बहनों के अंतर्गत पौधों के संरक्षण एवं उनके दिव्य गुणों का ज्ञान प्राप्त होता है।

स्पीड न्यूज

## कमांडर से गिरकर युवक की मौत

**मेराल।** थाना मुख्यालय के पोस्ट ऑफिस के समीप एनएच 75 पर चलती हुई कमांडर से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी ब्रह्मदेव पासवान का 35 वर्षीय पुत्र संजय पासवान शनिवार को गढ़वा से श्री बंशीधर नगर जाने वाली कमांडर पर मेराल आने के लिए चढ़ा था। वह अपने गंतव्य से करीब 30 मीटर पहले ही पोस्ट ऑफिस के सामने कमांडर से नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल संजय को मेराल सीएचसी में भेजवाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संजय के पॉकेट में मिर्गी का दवा था। लोग कयास लगा रहे थे कि वह मिर्गी का मरीज था तथा गढ़वा से दवा लेकर कमांडर से घर आ रहा था इसी क्रम में वह कमांडर से नीचे गिर गया। घटना के बाद भाग रही कमांडर जीप को पुलिस ने पीछा कर थाना ले आई है। पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया साथ ही घटना की छानबीन में जुट गई है।

## मेराल थाना परिसर में लगाये गये औषधीय पौधे

**मेराल।** थाना परिसर में शनिवार को औषधीय, सुगंधित व फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्राकृतिक जड़ी-बूटी के उपयोग से शरीर को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। पतंजलि योग समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए औषीय, सुगंधित एवं फलदार पौधों का रोपण थाना प्रभारी नीतीश कुमार, मुखिया रामसागर महतो, एएसआई संतोष कुमार, मुन्ना चौधरी के साथ पुलिस के जवानों द्वारा आंवला, एलोवेरा, तुलसी, गिलोय, नीम, करंज, मधु मालती आदि के करीब डेढ़ दर्जन पौधे लगाए गए।

## कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की

**चतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के नेतृत्व में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नेता राहुल गांधी जी को मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाए जाने की खुशी में नेताओं और कार्यकताओं ने चतरा केसरी चौक पर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आभार प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा बद्रीराम नसरुद्दीन अंसारी संजय जायसवाल युवा जिला अध्यक्ष मोतीलाल पासवान जिला महासचिव मोहम्मद इकबाल मिथिलेश प्रसाद जिला महासचिव राजवीर जावेद पप्पू राजा रामाधीन यादव नंदकिशोर साव संजय प्रसाद राहुल गुप्ता जाबिर हुसैन डब्लू हलम संतोष गुप्ता संतोष केसरी अर्जुन साह कार्यालय प्रभारी कॉलेज अजीमुद्दीन ख्वाजा मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह हर्षित चित्रांश उमेश केसरी वाली आलम संतोष कुमार साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## कांवरियों का जत्था बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

**टंडवा।** सावन में देश के कोने-कोने से कांवरियों का जत्था देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं। शनिवार को टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिंगलात आम्रपाली परियोजना से कावरियों का जत्था में वाहन मालिक रविंदर कुमार उर्फ रवि वर्मा, संजीत यादव, कुलदीप वर्मा, अवधेश यादव, डब्लू वर्मा ने बाबा बैजनाथ के दर्शन के लिए बाबा धाम के लिए रवाना हुवे। सभी श्रद्धालु राजगीर के मलमास मेला का भ्रमण करने की बात कही। उसके बाद सुल्तानगंज से जल उठा कर बाबा धाम पहुंचकर भोलेनाथ के दरबार में मत्था टेकेंगे व जलाभिषेक कर क्षेत्र में आए दिन वाहन संबंधित विपत्ति आते रहता है उससे निजात दिलाने के एवं आम्रपाली में वाहन संघ द्वारा चल रहे आंदोलन को वाहन मालिकों के हित में वार्ता हो इसके लिए बाबा से प्रार्थना कर आशीर्वाद लेंगे। ज्ञात हो कि इसके पूर्व में भी प्रखंड क्षेत्र से कई श्रद्धालु बाबा धाम के दरबार में पहुंचकर जलाभिषेक किया है।

# पर्यटन स्थल के रूप में अब तेजी से विकसित होगा गुरु सिंधु, पहला कदम पूरा : मिथिलेश

### लगभग 6 करोड़ की लागत से दो पुलों का होगा निर्माण, गुरु सिंधु पर्यटन स्थल की कनेक्टिविटी होगी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में चिनिया व रमकंडा प्रखंड में पांच करोड़, 82 लाख, 200 रुपए की लागत से दो नए पुल का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस पुल के निर्माण की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले के चिनियां प्रखंड अंतर्गत गुरु सिंधु राजबांस मुख्यपथ से गुरु सिंधु जलप्रपात होते हुए चपकली रोड में ढेंगुरा नदी पर तीन करोड़, 13 लाख, 11 हजार, 800 रुपए की लागत से 5133 मीटर तथा रमकंडा प्रखंड में गोबरदाहा मुख्य पथ से कुशवार, तेतरडीह होते हुए होमिया पथ में तेतरडीह नाला पर दो करोड़, 68 लाख, 88 हजार, 400 रुपए की लागत से 3422 मीटर लंबा पुल का निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि चिनियां के ढेंगुरा में पुल निर्माण से गुरु सिंु पर्यटन स्थल तक हो रहे सड़क निर्माण की



कनेक्टिविटी पूरी हो जाएगी। गुरु सिंधु को बेहतर पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में पहला कदम पूरा हो गया है। अब उसे और बेहतर बनाने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चिनिया जैसे आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र पूरी तरह से बेहतर सड़क से जुड़ जाएगा। वर्षों से पिछड़ा चिनिया क्षेत्र का और बेहतर विकास होगा। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी एवं गुरु सिंधु पर्यटन स्थल के विकास से क्षेत्र की आर्थिक में भी सुधार होगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रमकंडा भी जिले का पिछड़ा, आदिवासी एवं आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र है। तेतरडीह नाला पर पुल के निर्माण से रमकंडा एवं रंका प्रखंड के करीब आधा दर्जन गांवों की लगभग 20 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। वर्षों से यह क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। बलीगढ़ पंचायत में नौ करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस पुल के निर्माण नहीं होने से उसकी कनेक्टिविटी पूरी नहीं हो पा रही थी। अब इस पुल एवं सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही उनके जीवन स्तर में भी सधुार होगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा का पिछड़ा से पिछड़ा क्षेत्र भी आज तक जहां विकास की रोशनी नहीं पहुंची थी, अब ऐसे पिछड़े क्षेत्र का भी कोना - कोना विकास की रोशनी से जगमगाएगा।

## कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के नेतृत्व में कोडरमा कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिले के नवपदस्थापित उपायुक्त मेघा भारद्वाज से उनके कार्यालय पर उपस्थित होकर शिष्टाचार मुलाकात किया। कांग्रेस जनों ने गुलदस्ता एवं बुके देकर का स्वागत किया। वहीं सहाय ने गांधी काव्य पुस्तक भेंट किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश सचिव सहित जिला 20 सूत्री सदस्य अनवरूल हक, कोडरमा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, सतगावां प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह,



मरकच्चो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा, डोमचांच आदि ने उपायुक्त से मिलकर यह विश्वास जताया की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महागठबंधन सरकार जनहित में कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। उसे जिला एवं प्रखंड में समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने हेतु कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी जिला प्रशासन के साथ हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

## बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को किया जायेगा सम्मानित : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश का अनुपालन करते हुए जिले में स्वतंत्रता दिवस को मनाए जाने को लेकर बैठक का अयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अलावे बैठक के दौरान



**'मेरी मिट्टी मेरा देश' अभियान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक**
जिले में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाली अभियान मेरी मिट्टी मेरा देश के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में शामिल अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरुआत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्धेश्य से शुरू किया गया है।

उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस की विभिन्न तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

## पॉक्सो एक्ट पर आयोजित कार्यक्रम में पीडीजे, एसपी व डीसी हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार तत्वावधान में, एवं जिला जज राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, सचिव प्रज्ञा वाजपेयी ने पॉक्सो और जे जे एक्ट के तहत कार्यक्रम सिविल कोर्ट के सभागार में आयोजित की। सचिव ने अभिनंदन संबोधन में सभी अतिथियों का सवागत जिला विधिक सेवा प्राधिकार आयोजित की गई।



डिस्ट्रिक्ट मल्टी स्टेक होल्डर। पोक्सो, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम का संक्षिप्त नाम है। पोक्सो एक्ट-2012 के अंतर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए, पोक्सो एक्ट-2012 बनाय गया।18 साल से कम उम्र के बच्चों से किसी भी तरह का यौन व्यवहार इस कानून के दायरे में आ जाता है और लड़की को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है। इस कानून के तहत पंजीकृत होने वाले मामलों की सुनवाई विशेष अदालत में होती है।

कार्यकम का शुभारम्भ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता, एस डी पी ओ, टंडवा शंभू कुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा के द्वारा दिप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात इनॉग्रेशन सेशन का सुभ आरंभ करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने यह कहते हुए किया कि बढ़ते हुए बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न की वजह से पोक्सो एक्ट 2012 लागू हुआ। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने पोक्सो एक्ट की 4,5,6,की धारा बताया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने कहा जिन बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न होता हैं उनकी मानसिक स्थिति विकृत हो जाती है।उसका सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक हैं उनका संरक्षण किया जाय। राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पोक्सो एक्ट के सभी अधिनियमों के बारे के विस्तृत जानकारी दी।एवं सभी उपस्थित संवेदनशील से कार्य करे तथा उपस्थित होल्डरों से वातार्लाप किया एवं पोस्को एक्ट के सभी नियमो का पालन किया जाय।

डॉ अरविंद केशरी, मेडिकल ऑफिसर, सदर अस्पताल, चतरा ने यौन उत्पीड़न के बच्चों का कैसे मेडिकल एग्जामिनेशन होता है की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद ने बताया की यौन उत्पीडन के बच्चों का संरक्षण कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतिया राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनय लाल, अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. उमर, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अदनान आकिब, न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) मुक्ति भगत एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी टंडवा शम्भू कुमार सिंह, पैनल अधिवक्तागण, डा अरविंद केशरी, डीईओ दिनेश कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमानी कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के सहायक शिक्षक रविकांत प्रसाद, समेत अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कम पेट्रोल दिये जाने पर ग्राहक ने किया हंगामा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के सबसे पुराने सामन्तों पेट्रोल पंप में कम पेट्रोल देने को लेकर ग्राहक द्वारा हंगामा के बाद पेट्रोल देकर मामला शांत कराया गया। इधर पेट्रोल पंप पर हंगामा के बाद ग्राहकों की भीड़ जमा हो गई। सभी ग्राहक असमंजस में थे की पेट्रोल भराए अथवा नहीं। पंप कर्मियों की करतूत ने सबको सकते में डाल दिया। मिली जानकारी अनुसार चुटीयारो निवासी अर्जुन साव शनिवार को पूर्वाहन 11 बजे सामन्तो पेट्रोल पंप से आठ सौ रुपया का पेट्रोल अपने मोटरसाइकिल में डलवाया। इस दौरान उन्हें पेट्रोल कम दिए जाने का शक होने पर अपने मोटरसाइकिल की टंकी से एक एक लीटर का बोतल में पेट्रोल निकालना शुरू किया तो मात्र पांच बोतल ही पेट्रोल निकला। उसने वापस पेट्रोल पंप पहुंचने के बाद कम पेट्रोल दिए जाने की शिकायत को लेकर हंगामा शुरू किया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर भीड़ लगने लगी, जिसके बाद पेट्रोल पंप के सहायक प्रबंधक मनीष कुमार और पंप कर्मी पिंटू राणा ने उसे पेट्रोल देने के लिए तैयार हो गया।

## बीएड प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शनिवार को चतरा महाविद्यालय चतरा के बी.एड. संभाग में सत्र 2021-23 के बी.एड. प्रशिक्षुओं को सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं द्वारा भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन विकास कुमार तथा सरिता सिंह ने किया तथा वेलकम स्पीच असिस्टेंट प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आए हुए रजत मानिक बाखला (डी.एस.पी. बेड़ो) ने बीएड प्रशिक्षुओं को उनके कोर्स पूर्ण होने पर बधाई दी एवं कहा कि एक शिक्षक का कर्तव्य केवल बच्चों को शिक्षण देना नहीं बल्कि भावी पीढ़ी का निर्माण करना तथा छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना होता है। चतरा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य आर.पी. रॉय ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा की चरित्र निर्माण पर जोर दिया जाना चाहिए क्योंकि आज के समय में बालक चरित्र निर्माण और अनुशासन से दूर होते जा रहे हैं। तो उनमें आत्मीयता, चरित्र निर्माण, अनुशासन होना चाहिए जो कि आने वाली पीढ़ी में बहुत ही ज्यादा जरूरी है। बी.एड.




संभाग के अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह प्रशिक्षु के साथ बिताए गए दो वर्ष के खट्टी-मीठी यादों को साझा करते हुए कहा कि जीवन में सब कुछ नकल कर सकते हैं लेकिन संस्कार, चरित्र और ज्ञान कभी नकल नहीं कर सकते इसलिए समाज के एक अच्छे नेतृत्व करता बने सामूहिकता में विश्वास रखें तथा सबको साथ लेकर चलें तो बहुत दूर तक जाएंगे और जीवन में ऊंचाइयों को छुएंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आए हुए चतरा महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य टी. एन. सर ने प्रशिक्षुओं को भविष्य के जीवन के लिए बधाइयां दी। गणित विभागाध्यक्ष डॉ पाठक सर ने कहा कि अपने शिक्षक के पद की गरिमा के अनुरूप कार्य करें तथा भविष्य में अच्छे स्थानों पर जाए। असिस्टेंट प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों में पढ़ने की रुचि और सीखने की भूख को बढ़ाएं असिस्टेंट प्रोफेसर शोभा कुजूर ने कहा कि बच्चों के सहयोगी बने यह छात्रों के जीवन में बहुत मायने रखता है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुमताज अंसारी ने कहा अपने भविष्य को मजबूत करें एवं जी तोड़ मेहनत करें अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मनीष दयाल ने कहा कि जो आपने प्रशिक्षण लिया है उससे जहां भी जाएं आप यश और कीर्ति फैलाएं। इस कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर कंचन सोय मुर्मू अमित कुमार सिंह इतिहास विभागाध्यक्ष विवेक आशीष बाखला, मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष मुकेश कुमार, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष टीएन राम तथा सत्र 2022 -24 के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे कार्यक्रम का सजावट रूपेश कुमार और उसकी टीम ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन ग्लोरिया ग्लोरिया ग्रेस होरो ने किया।

एक नजर में

## तालाब की मिट्टी डालकर सड़क को कर दिया कीचड़ में तब्दील



संजय कुमार राणा

**पत्थलगडा (चतरा)।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत के बाजोबार में तालाब बनाने वाले ठेकेदार व संवेदकों ने सड़क पर कच्चा मिट्टी भरकर छोड़ दिया था, वहां बारिश होने के कारण सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई। ऐसे में इस सड़क पर चलने वाले हर कोई गिरकर चोटिल और जख्मी हो रहे थें। जिसकी जानकारी पत्थलगड़ा जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी को मिला तो वह स्वयं तत्काल बाजोबार सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। बनी तलाब की मिट्टी को निकाल सड़क पर छोड़ दिया गया था उस विषय कि जानकारी जिला विकास आयुक्त चतरा एवं लघु शिक्षा के सचिव को सूचना दिया गया। जिसके बाद जीप सदस्य के द्वारा ठिकेदार को सख्त निर्देश दिया गया कि हर हाल में सड़क पर मोरम गिर जाना चाहिए। वहीं पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी को भी इसकी जानकारी तत्काल दी गई। पत्थलगड़ा जीप सदस्य भगत जी ने ठेकेदार को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर मोरम आज ही गिरना चाहिए, अन्यथा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। भगत जी के द्वारा दी गई सख्त निर्देश के बाद ठिकेदार द्वारा तुरंत ही सड़क पर मोरम डाल दिया जा रहा है। मौके पर सड़क निरीक्षण करने पहुंचे जीप सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी के साथ-साथ पत्थलगड़ा प्रखंड के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## डॉ कुलदेव ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को दी सांत्वना



मृतक के परिजनों से मिलते डॉ कुलदेव चौधरी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के सोहबरिया गांव निवासी उदय चौधरी के 20 वर्षीय इकलौते पुत्र नवल चौधरी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। सड़क जाम करने वाले को प्रशासन ने समझाया और आश्वस्त किया कि जो भी नियम के तहत प्रावधान होगा मृतक के परिजनों को जरूर मिलेगा। मृतक अपने सोहबरिया गांव से कुछ निजी कार्य से गढ़वा जा रहा था। तभी पढुआ मोड़ पर मेराल की तरफ से जा रही विशाल बस ने नवल कुमार चौारी के मोटरसाइकिल को धक्का मार दी और दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों से मिलने पहुंचे महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डा कुलदेव चौधरी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा वैसे तो अनहोनी को कोई नहीं जानता है और किसी के साथ घटना घट सकती है। लेकिन एकलौते पुत्र को चले जाने से पूरा परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। इन्हें जान तो वापस नहीं किया जा सकता है लेकिन सरकार नए मोटर अधिनियम के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दे सकती है। स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ध्यानाकृष्ट कराते हुए कहा कि यथासम्भव सहयोग करने की जरूरत है और नियम संगत पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का विनम्र आग्रह किया है। वहीं जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार चौधरी ने परिजनों को समझाते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज खड़ा है। मौके पर वीआईपी के प्रदेश महासचिव सह गढ़वा विधानसभा प्रभारी बचनदेव चौधरी, वीआईपी के गढ़वा जिलाध्यक्ष सरोज चौधरी, सचिव सुनील कुमार चौधरी, मानदेव चौधरी, राजबली चौधरी, मेघनाथ चौधरी, लालजी चौधरी, कमला देवी, बिगनी देवी, मूर्ति देवी, बिफन चौधरी आदि शामिल थे।

## विधायक शशिभूषण ने पांकी की जनता को किया शर्मसार

### 2024 में मिलेगा सबक : धीरज




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता के द्वारा दिए गए अमर्यादित बयान की निंदा करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि एक माननीय की हैसियत से भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता को सतर्कता बरतते हुए बयानबाजी करनी चाहिए। उन्होंने असंसदीय भाषा का प्रयोग कर अपना तथा अपनी पार्टी का चाल, चरित्र और संस्कार को उजागर किया है। उनके इस आपत्तिजनक बयान को सुनकर पांकी विधानसभा की जनता खुद में लज्जित महसूस कर रही है।

2019 के विस चुनाव में ऐसे चरित्रहीन व्यक्ति को वोट देने पर अफ़सोस कर रही है। आगामी चुनाव में पाकी विधानसभा के लोग उन्हें सबक सिखायेंगे। श्री दुबे ने मीडिया के मायम से विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से आग्रह किया है कि ऐसे अमर्यादित भाषा का प्रयोग तथा गाली-गलौज करने वाले सदस्यों को विधानसभा से बर्खास्त करें। अन्यथा इनके बोली-वचन का दुष्प्रभाव झारखंड की जनता पर पड़ेगा और देश-विदेश में झारखंड की छवि धूमिल होगी।

## स्पीड न्यूज

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित स्व. मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को विद्यालय के छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 के छात्राओं ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मेहंदी का कलाकृति बनाया। सबसे बढ़िया कलाकृति बनाने वाले छात्रा को प्राइज देकर सम्मानित किया गया। जिस में पहले स्थान पर प्रिया कुमारी कक्षा आठ की छात्रा दूसरे स्थान पर प्रीति कुमारी कक्षा सात की छात्रा एवं तीसरे स्थान पर पम्मी कुमारी कक्षा आठ की छात्रा रही। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक ने बताया कि बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ बौद्धिक विकास के लिए समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की ओर से किया जाता है। जिसमें विद्यालय के बच्चे भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय की सानिया कुमारी, कंचन कुमारी प्रीति कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रिचा कुमारी, नीतू कुमारी सहित कई छात्राओं ने भाग लिया।

### बोलेरो की चपेट में आने से बच्ची घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर नवादा ग्राम के समीप शुक्रवार को अज्ञात बोलेरो के चपेट मे आने से एक पांच वर्षीय बच्ची घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरस्वतीया कुमारी 5 वर्ष पिता करण भुइयां ग्राम नवादा थाना हेरहंज निवासी अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और फरार हो गया। दुर्घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में घायल बच्ची का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मोदी सरनेम केस में सजा पर रोक को कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**चंदवा।** मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट की सजा पर रोक लगाने के फैसले का कांग्रेसियों ने स्वागत किया है। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देर जरुर होती है लेकिन अंततः सच्चाई और न्याय की जीत होती है। महागठबंधन की आवाज अब फिर संसद में गूंजेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करने वालों में रामयश पाठक, हरि नंदन दुबे, मोफील खान, संजय दुबे, लखन जायसवाल, बाबर खान, निर्मल भारती, राम शर्मा, सरवर अंसारी, अरुण भारती, दामोदर उपाध्याय, बालजी उरांव व कई लोग शामिल हैं।

### चालीसवां मनाने को लेकर बैठक

**महुआडांड़।** महुआडांड़ में मुहर्रम के चालीसवें मनाने को लेकर पहला बैठक दीपाटोली में जामा मस्जिद के खजांची शाहिद कमाल के घर में शहजाद आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में चालीसवें के ताल्लुक से मोहम्मद फहीम खान, नूरल अंसारी, शहीद खान, बशारत अली, इकबाल अहमद, अलाउद्दीन अंसारी, सफी अहमद, वाहिद अंसारी फैज अंसारी, खुर्शीद आलम, आरिफ आलम, तनवीर उर्फ रिंकू, शबीब खान लाडले खान समेत अन्य लोगों के द्वारा अपना-अपना मशवरा दिया गया। सभी का सलाह मशवरा सुनने के बाद जामा मस्जिद के सदर इमरान अली ने कहा कि अगर चालीसवां मनाने का निर्णय लिया गया है तो पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए आज पहली बार बैठक किया गया है। वहीं अगला बैठक आने वाले शुक्रवार को जामा मस्जिद के मदरसे के प्रांगन में रखा गया है। इसमें सभी लोग शामिल होकर अपना-अपना मशवरा देंगे। इससे पूर्व महुआडांड़ की विभिन्न मोहल्लों में अपना-अपना मीटिंग कर खलीफा का चयन कर लेंगे ताकि कार्य को सुचारू रूप से चलाया जा सके। मौके पर इमरान आलम,जावेद, मुन्ना खान मोहम्मद रजा आमिर सुहैल, सद्दाम, शेफ, शहीद, अनवर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### टायर ब्लास्ट से मिस्त्री की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित साहू पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट करने से मिस्त्री की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो. खलील 35 वर्ष पिता मो. इकबाली ग्राम सलैया इमामगंज जिला गया बिहार निवासी बालूमाथ में रहकर गैरेज चलाता था। शुक्रवार की देर रात एक ट्रक के टायर में हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट हो गया और टायर में लगा हुआ रिम छिटककर खलील को जा लगा। जिससे खलील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र मृत घोषित कर दिया।

### बैटरी चोरी करने वाले दो चोर धराये

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर विद्यालय से बैटरी की चोरी करने वाले चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गणेशपुर से चोरों द्वारा आईटीसी लैब से छह पीस बैटरी की चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को बालूमाथ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 105/23 के तहत मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान के क्रम में चोरी की घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से चोरी किया हुआ बैटरी भी बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों में कमलेश यादव 19 वर्ष पिता त्रिवेणी यादव और बिजेंदर उरांव 18 वर्ष पिता भुनेश्वर उरांव दोनो ग्राम कारीमाटी, गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी शामिल हैं।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों का किया जायेगा पुनर्विकास, लातेहार का नाम भी शामिल

# 24.5 करोड़ की लागत से लातेहार स्टेशन का किया जायेगा पुनर्विकास

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रेलवे स्टेशन में स्टेशन मैनेजर कार्यालय में शनिवार को सीनियर डीएफएम राहुल कुमार राय ने प्रेस वार्ता किया। वार्ता के दौरान बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 1309 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास किया जायेगा। इस योजना के तहत लातेहार रेलवे स्टेशन का भी 24.5 करोड़ की लागत से पुनर्विकास का कार्य किया जायेगा। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास किया जा रहा है। भारतीय विविधता की भव्यता को प्रदर्शित करते हुए, ये पुनर्विकसित स्टेशन नई अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन और प्रतिस्थापन से सुसज्जित होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नियोजित सुविधाओं में अवांछित संरचनाओ हटाकर रेलवे स्टेशन तक सुगम पहुंच, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बेहतर परिसंचरण क्षेत्र उन्नत पार्किंग स्थान, दिव्यांगजन अनुकूल बुनियादी ढांचा, हरित उर्जा के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल भवन आदि समेत स्टेशनों का सिटी सेंटर के रूप में विकास, शहर के दोनों किनारों का एकीकरण, स्टेशन भवनों का सुधार/पुनर्विकास, अच्छी तरह से डिजाइन की गई आधुनिक यात्री सुविधाओं का प्रावधान, अच्छी तरह से डिजाइन किया गया ट्रैफिक सर्कुलेशन और इंटर मोडल एकीकरण, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए समान और अच्छी तरह से डिजाइन किए गए साइनेज, मास्टर प्लान में उपयुक्त संपत्ति विकास का प्रावधान, भूनिर्माण, स्थानीय कला और संस्कृति शामिल है। वहीं श्री राय ने आगे बताया कि रविवार छह अगस्त को पूर्वाह्न नौ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास योजना का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। लातेहार रेलवे स्टेशन में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। मौके पर अभय कुमार यातायात निरीक्षक, सुनील सागित्रा एडीईएल, स्टेशन प्रबंधक बलवंत सिंह समेत मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते रेलवे अधिकारी।

### बेरोजगार युवाओं के लिए काला कानून लायी है सरकार : आशुतोष



छात्राओं को विधेयक की जानकारी देते भाजपाई।

**बरवाडीह।** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। उक्त बातें भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशुतोष सिंह चेरो ने छिपादोहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं के बीच जाकर कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस विधेयक के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार ने राज्य के छात्र-छात्राओं के हितों की अनदेखी कर उनके भविष्य को नौकरी की जगह सलाखों में भेजने का काम कर रही है। यह काला कानून है। इसमें जांच की जगह, सीधे एफआईआर होगा। इस बिल के जरिए युवाओं को सीधे जेल में डालने का प्रावधान है। इसलिए पूरे प्रदेश के युवा इसके विरोध में सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में संशोधन हेतु पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता शिक्षक संस्थानों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चला रहें है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि भाई अजय सोनी भी उपस्थित थे।

## अपने हक व अधिकार के प्रति सजग नहीं हैं पंचायत प्रतिनिधि : रवींद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह सड़क सुरक्षा परिषद के केंद्रीय सदस्य ने चंदवा में की प्रेस वार्ता



प्रेस वार्ता में जानकारी देते रवींद्र तिवारी।

**चंदवा।** अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह सड़क सुरक्षा परिषद के केंद्रीय सदस्य रविंद्र तिवारी ने शनिवार को चंदवा के पथ निर्माण विश्रामागार में प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि यहां के पंचायत प्रतिनिधि अपने हक व अधिकार के प्रति सजग नहीं है, जिस कारण उन्हें शोषण का शिकार होना पड़ रहा है व प्रशासन और राज्य सरकार के नौकर की तरह काम करना पड़ रहा है। जिस प्रकार लोकतंत्र में सांसद और विधायक को अधिकार प्राप्त है, उसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को भी अधिकार मिले हैं, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि इससे अनभिज्ञ है। परिषद का प्रयास है कि ग्राम पंचायत इतना सशक्त हो जाए कि उसे किसी से मांगने की जरूरत ना हो। जब तक ग्राम पंचायत सजग नहीं होगा, तब तक ग्राम स्वराज्य का सपना साकार नहीं हो सकता है। इन्होंने टोरी में आरओबी निर्माण में हो रही देरी को लेकर भी राज्य सरकार की नीति व नीयत पर सवाल खड़ा किया, कहा कि आरओबी को लेकर जमीन अधिग्रहण में राज्य सरकार का रवैया उदासीन है, जिस कारण टोरी में आरओबी निर्माण नही हो पा रही है। टोरी आरओबी से प्रभावित रैयतों को मुआवजा का उचित निर्धारण नही हुआ है।

जिस कारण रैयत जमीन देने को तैयार नही हैं। राज्य सरकार रैयतों के मुआवजे का उचित निर्धारण कर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को गति दे। इस दौरान उन्होंने आरओबी व सड़क निर्माण को गति देने को लेकर पहल करने की भी बात कही।

### चंदवा को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर निकाली किसान रैली





प्रदर्शन करते अभाकिस के लोग।

➲ चंदवा पूर्वी क्षेत्र से जंगली हाथियों को दूर भगाने व जमीन संबंधित त्रुटियों में सुधार की उठायी गई मांग

**चंदवा।** इस बार मानसून में कम बारिश होने के कारण क्षेत्र में उत्पन्न हुई उखाड़ की समस्या को देखते हुए चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले शनिवार को किसान रैली निकाली गई। किसान रैली की शुरूआत टोरी रेलवे फाटक के पास से हुई जो सुभाष चौक, मुख्य बाजार इंदिरा चौक होते प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जहां सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता प्रमोद साहू, इंदुभूषण पाठक, अनिल साहू, मो. अल्लाउद्दीन पप्पू ने कहा कि विगत 2 वर्षों से चंदवा में अल्प वर्षा के कारण किसान सुखाड़ की मार झेल रहे हैं। इस वर्ष भी कम बारिश होने के कारण किसानों को अब तक भारी क्षति उठानी पड़ी है। प्रखंड में अब तक महज 10 से 15 फीसदी ही धान की रोपनी हो पाई है। सरकार चंदवा प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर तत्काल सुखाड़ वराहत कार्य शुरू करने की मांग की। इस दौरान आभाकिस ने मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम प्रखंड कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में चंदवा प्रखंड में तत्काल सुखाड़ राहत योजना चालू कर पलायन को रोकने, चंदवा पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र में विगत 2 वर्षों से चल रहे जंगली हाथियों के उत्पाद से निजात दिलाने, हाल सर्वे मूवी जमीन संबंधी त्रुटियों मैं सुधार को लेकर अभिलंब मिनी सर्वे कराने, प्रखंड के सभी गांव में पहुंच पथ का निर्माण कराने की मांग की गई है। किसान रैली में इंदुभूषण रजक, सुरेश बासपति, राजकुमारी देवी, बाबूलाल गंझू, रामप्यारी देवी समेत दर्जनों की संख्या में किसान शामिल थे।

### सड़क निर्माण को लेकर अभियंता की टीम ने लिया जायजा



सिताही नदी पर बना लकड़ी का वैकल्पिक पुल।

➲ सड़क के अभाव में मरीज को चारपाई व पीठ पर लाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद रेस हुई प्रशासन व सरकार

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बोदा पंचायत के लुकुईया तेतरिया टांड में पहुंच पथ नहीं होने व सिताही नदी पर पूल के नही होने के कारण ग्रामीणों द्वारा मरीज को चारपाई व पीठ पर लादकर अस्पताल के लिए लाने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद सरकार व प्रशासन हरकत में आ गई है। वरिया अधिकारियों के निदेर्शानुसार शनिवार की सुबह जिला से अभियंताओं की टीम तेतरियाटांड गांव पहुंची, जहां पंचायत की मुखिया ललिता देवी की मौजूदगी में सिताही नदी पर पूल निर्माण व लुकुईया से तेतरिया टांड तक सड़क निर्माण को लेकर औचक निरीक्षण किया। मुखिया ललिता देवी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में अभियंताओं की टीम ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना व सड़क एवं पुल निर्माण को लेकर मापी लिया है। इंजीनियरों की टीम के द्वारा सड़क निर्माण को लेकर जायजा लिए जाने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद की किरण जागी है। विभागीय सूत्रों की माने तो खबर को प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। जिसके बाद पूल व सड़क निर्माण की कवायद शुरू हो गई है।

### भाजयुमो ने सरकार के प्रतियोगी परीक्षा विधेयक के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान



हस्ताक्षर अभियान में शामिल भाजयुमो के कार्यकर्ता।

➲ प्रतियोगी परीक्षा विधेयक छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा : अंकित राज

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर दिन शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज उर्फ गोलू के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा लाया गया झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 कानून के पारित होने के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ भाजयुमो के कार्यकताओं ने इस कानून का विरोध किया। मौके पर भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज उर्फ गोलू ने बताया कि 3 अगस्त को विधानसभा में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 कानून लाया गया है जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के विज्ञापन के खिलाफ छात्र कोई भी आंदोलन नहीं कर सकते हैं अगर आंदोलन करते हैं तो उन्हें 10 साल सजा का परिवहन किया गया है और भविष्य में कभी परीक्षा में भाग नहीं लेंगे ऐसा कानून बनाया गया है जो छात्रों के लिए एक काला कानून है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा लाए गए ऐसे छात्र विरोधी काला कानून का भारतीय जनता युवा मोर्चा कड़ी निंदा करता है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद,भाजपा मंडल महामंत्री मनदीप कुमार, ओबीसी मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार,युवा मोर्चा महामंत्री चंदन कुमार गुप्ता, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी बगिंद्र पासवान, मंडल उपाध्यक्ष अमन कुमार,मंडल कार्यसमिति सदस्य विकास कुमार पांडे, समेत कई लोग उपस्थित थे।

आक्रोश : छह दिनों से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में रहने को मजबूर बाजार के लोग

## जनप्रतिनिधियों को भी पाठ पढ़ा रहे हैं विद्युत विभाग के अधिकारी

### पानी के लिए होना पड़ रहा परेशान



खराब ट्रांसफार्मर।

ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बाजार सहित कई मोहल्ले में बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। बिजली नहीं होने के कारण लोगों को सुबह से ही पानी के लिए हैंडपंप पर लाइन लगाना पड़ रहा है। निजी बोरिंग भी बिजली नहीं होने के कारण नहीं चल पा रही है। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। लोगों का व्यवसाय भी ठप पड़ गया है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह मुख्य बाजार आदर्श नगर का ट्रांसफार्मर पिछले 6 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। इससे बाजार के साथ साथ चार वार्ड के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। वहीं स्थानीय लोगों के साथ साथ जनप्रतिनिधि भी इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित कर ट्रांसफार्मर बदलने की मांग कर चुके है। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधियों की बातों को अनदेखा कर उन्हें रोज नए नए पाठ पढ़ा रही है। ऐसे में लोगों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

#### सांप घुस जाने से जागकर गुजारी रात

बारिश के मौसम में बिजली नहीं होने के कारण कई मुहल्ले में जहरीले सांपों का खतरा बना हुआ है। कई बार लोग सांपों से बाल-बाल बचे है। शुक्रवार की रात वार्ड नंबर दस के एक घर में सांप घुस जाने के कारण परिवार के सदस्यों को रात भर जागकर गुजारना पड़ा। जिससे लोगों में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी आक्रोश देखा जा रहा है। इधर विद्युत विभाग के जिला कार्यपालक अभियंता लातेहार से जब भी ट्रांसफार्मर बदलने के विषय में बात की जा रही है तो उनके द्वारा सिर्फ एक ही जवाब मिल रहा है प्रयास किया जा रहा है।

### सहारा में अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई जमा करने वाले निवेशकों को अभी तक नहीं किया जा रहा है भुगतान

➲ लोगों का आरोप : स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं एजेंट नही कर रहे हैं कोई सहयोग, अपनी जमा राशि पाने के लिए हम भटक रहे हैं दर दर, तो वे कर रहे हैं देशाटन

**क्या कहते हैं शाखा प्रबंधक**

वहीं इस संबंध में सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक महुआडांड निवासी बिरेन्द्र प्रसाद ने दूरभाष पर बताया कि अभी पेमेंट शुरू नही हुआ है। जब शुरू होगा तो निवशकों को दिलाया जायेगा।

**महुआडांड़।** सहारा में निवेशकों को अभी तक रिफंड मिलना प्रारंभ नही हो पाया है। जिससे अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले निवेशकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सहारा में अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई जमा करने वाले लोगों का कहना है कि सहारा के स्थानीय शाखा प्रबंधक विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एजेंट जब्बार अंसारी, रामजी प्रसाद, दया किशोर, सुमन, हीरालाल,हजरत अंसारी, रविन्द्र ठाकुर आदि एजेंटों के कहने पर उन्होने अपनी जिंदगी भर के गाढ़ी कमाई को लगा दिया। वहीं जमा किए हुए कई वर्ष गुजर गये हम पैसे के अभाव में दर दर ठोकर खा रहें हैं। वहीं शाखा प्रबंधक एवं एजेंट करोड़ो की चल अचल सम्पति अर्जित कर मौज कर रहें हैं। हमे उनके द्वारा कोई सहयोग नही किया जा रहा है। शाखा प्रबंधक एवं एजेंट कार्यालय मे बहुत ही कम बैठते हैं। कार्यालय भी ससमय नही खुलता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार से लोगों ने एजेंटों की संपति की जांच कराने की मांग भी कि है, जिससे अवैध रूप से अर्जित उनकी चल अचल सम्पति का खुलासा हो सके। गौरतलब हो कि केंद्र सरकार के सूचना अनुसार निवेशकों को पहली किस्त जारी कर दि गई है। लेकिन महुआडांड़ के एक भी निवेशकों को अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

## एक नजर में

### बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी।

**बारियातू।** सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने शनिवार को मतदान केंद्र संख्या 35 उच्च विद्यालय फुलसु का डोर टू डोर निरीक्षण किया। जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कुमारी ने बताया कि डोर टू डोर, हाउस टू रोल व रोल टु हाउस के तहत मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। एक जनवरी 2024 एक अप्रैल 2024, एक जुलाई 2024 व एक अक्टुबर 2024 को जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वैसे सभी युवक एवं युवतियों अपने पोषक क्षेत्र के संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची जोड़वाने की अपील किया। साथ ही बताया कि मतदान केंद्र संख्या 43 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीरबीर में पर्वेक्षक चंदन कुमार के द्वारा हाउस टु रोल व रोल टु हाउस के तहत घर घर सत्यापन किया गया। मतदान केंद्र संख्या 67 मध्य विद्यालय बारियातू में पर्वेक्षक बिमला कुमारी द्वारा किया गया। परियोजना +2 उच्च विद्यालय बारियातू में पर्वेक्षक मो. शमीम व आलोक कुमार दुबे द्वारा भविष्य के मतदाताओं को चुनाव का महत्ता बताते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जल गुणवत्ता बिषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रंडल लातेहार जल जीवन मिशन के तहत जल सहिया, स्वयं सहायता समूह, वार्ड सदस्य, समूह मे जुड़े महिलाओं को प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर नागेन्द्र मिश्रा ने जल गुणवत्ता विषय पर प्रशिक्षण के दौरान जल जांच करने के सम्बन्ध मे कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। जहां जल में क्लोराइड, क्षारियता, आयरन, फ्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट, अमोनिया, क्लोरीन के जांच के बारे में प्रयोग के माध्यम से बताया गया। साथ ही जल हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है इस पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी जल सहिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ने भाग लिया।

### टोरी जंक्शन की ज्वलंत समस्याओं को लेकर झाविस ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



धरना-प्रदर्शन करते झाविस।

**चंदवा।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में शुमार टोरी जंक्शन में यात्री सुविधा बढ़ाने व मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शनिवार को झारखंड विकास समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई रवि डे कर रहे थे। धरना को संबोधित करते हुए समिति के सत्येंद्र प्रसाद यादव व रवि डे ने कहा कि टोरी स्टेशन घोर उपेक्षा का शिकार है। यहां पर यात्री सुविधाएं नाम मात्र की है, जबकि राजस्व देने के मामले में टोरी स्टेशन धनबाद मंडल में सबसे अहम है। जनहित को ध्यान में रखकर जल्दी समस्याओं का समाधान नहीं निकाला गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत रेल मंत्री भारत सरकार, जीएम हाजीपुर व डीआरएम धनबाद के नाम टोरी टी आई संजय कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में टोरी स्टेशन पूर्वी केबिन रेलवे समपार फाटक के पास तत्काल अंडरपास का निर्माण करने, जंक्शन के पूर्वी और पश्चिमी छोर पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण करने, जंक्शन परिसर में यात्री सुविधा बढ़ाने व रेलवे अस्पताल में चिकित्सक व्यवस्था जंक्शन परिसर में एंबुलेंस का प्रबंध करने कई मांगे की गई है। मौके पर पंसस नीलम देवी, शंकर बैठा, राम किशोर राम, सूरज नायक, रामवृक्ष प्रजापति, महेंद्र उरांव, संदीप टोप्पो समेत कई लोग मौजूद थे।

### संत जेवियर में स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



**महुआडांड़।** संत जेवियर महुआडांड़ महाविद्यालय में शनिवार को स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम थी गोल सेटिंग। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, पटना से मुख्य अतिथि के रूप में अंग्रेजी के प्रोफेसर एवं आइक्यूएसी को ऑर्डिनेटर डॉ. सिस्टर ग्रेस और आइक्यूएसी मेंबर मिस्टर पीयूष वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मान दिया। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं उप प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सिस्टर ग्रेस ने कॉलेज के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया कि उन्हें अपने विद्यार्थी जीवन में कौन- कौन से कदम उठाने चाहिए, जिससे कि वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने एवं सर्वांगीण विकास करने हेतु महत्वपूर्ण चरण बतलाए। मिस्टर पीयूष वर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों, विभिन्न कहानियों एवं कई उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह बतलाया कि यदि आपके अंदर आत्मविश्वास है, तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। कार्यक्रम के अंत में डॉ. फादर समीर टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ को बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य सिस्टर कैसलीन जूलियट, डॉ. समीर टोप्पो, डॉ. राजीव तिर्की, डॉ. प्यारी कुजुर आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर उपस्थिति थे।

### राहुल गांधी की सजा पर लगे रोक पर कांग्रेसियों ने सुप्रीम कोर्ट को किया आभार व्यक्त

**बारियातू।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर लगायी गई रोक को लेकर बारियातू के कांग्रेसियो ने शनिवार को कांग्रेस कार्यालय से सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक किया। जानकारी देते हुए राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार ने बताया कि गुजरात की एक अदालत द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को मोदी सरनेम मामले मे दो साल की जेल की सजा सुनायी थी। जिसका सुनवाई सुप्रीम कोर्ट मे चल रहा था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सजा को रोक लगाने पर कांग्रेसियों ने बधाई दिया है। उन्होंने आगे कहा कि कानून व्यवस्था कायम है। हमेशा सत्य का विजयी होता है। मौके पर सुरेश उरांव, राजीव भगत, जगदीश उरांव, रामलाल, सुनील कुमार मो इम्तियाज, अहमद, राजेश संजय सहित कई कांग्रेसी शामिल रहे।

स्पीड न्यूज

## प्रदेश संगठन महामंत्री को प्रदान की आजीवन सहयोग राशि



**बेरमो।** गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत सम्मेद शिखर जी मधुबन मे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधायक पूर्व विधायकए सांसद एपूर्व सांसद जिला अध्यक्ष गण प्रमुख पदाधिकारीगणों की प्रदेश स्तरीय बैठक .सह. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा झारखंड प्रदेशध्यक्ष बाबूलाल मरांडी झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर में सोलहवीं लोकसभा गिरिडीह ष्सांसदष्रविंद्र कुमार पांडेय ने झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को आजीवन सहयोग राशि प्रदान किया।

## भाजपा नेता ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री से की मुलाकात

**बेरमो।** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने आज भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी से दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान दोनों के बीच बेरमो के राजनीतिक एवं सामाजिक मसलों पर विचार विमर्श हुआ।

## हरी झंडी दिखा प्रचार वाहन को किया रवाना

**गिरिडीह।** शनिवार को विधायक गिरिडीह सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रचार-प्रसार हेतु मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गाड़ियां जिला के हर क्षेत्र में जाएगी और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में छात्राओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर उन्हें उनका लाभ दिलाएगी।

## बालीडीह में उत्पीड़न का मामला दर्ज

बोकारो। बोकारो के बालीडीह थाना अंतर्गत नरकरा निवासी संजय रजवार ने बोकारो के हरिजन थाना में एक आवेदन देकर स्थानीय कुछ दबंगों के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। आवेदक के अनुसार टांड बालीडीह, टोला गायत्री नगर, थाना जरीडीह, जिला बोकारो के निवासी राणा प्रताप सिंह व अनमोल कुमार सिंह पिता राणा प्रताप सिंह दबंग किस्म के लोग हैं। पिछले दिनों वे हरवे.हथियार से लैस होकर आवेदक के घर में घुस गये और मारपीट करने लगे। आरोप है कि राणा प्रताप सिंह, रवि प्रकाश सिंह और अनमोल कुमार सिंह सार्वजनिक रूप से चिल्ला.चिल्लाकर गालियां देते हुए 15 दिनों के अन्दर घर खाली कर वहां से अन्यत्र चले जाने की हिदायत दी। इस घटना से पूरा परिवार दहशत में है। आवेदक ने पुलिस से पूरी परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन की प्रतिलिपि बोकारो के पुलिस अधीक्षक व चास के अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गई है।

## भाजपा नेता ने रघुवर दास का किया स्वागत



**बेरमो।** पेटरवार में शनिवार दोपहर को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पुनः भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा के वरीय नेता लक्ष्मण कुमार नायक सहित कार्यकताओं ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत कर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्री दास भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मधुबन जा रहे थे।

### एक ही मंजिल के दो रास्तों पर खड़ी हैं संयुक्त मोर्चा और संयुक्त संघर्ष मोर्चा

# एकजुट होकर सिंदरीवासी आगे बढ़ें : सांसद

- सिंदरी प्रबंधन के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीसरे नोटिस के बाद सिंदरी में हलचल तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांसद के साथ हुई बैठक में शामिल कार्यकर्ता।

**सिंदरी।** एक ही मंजिल के दो राहों पर सिंदरीवासियों को लेकर चलने के लिए संयुक्त मोर्चा और संयुक्त संघर्ष मोर्चा चल पड़ी है। एफसीआइएल सिंदरी प्रबंधन के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तीसरे नोटिस के बाद सिंदरी में हलचल तेज हो गई है। दोनों मोर्चा के प्रतिनिधियों को आँक कर सिंदरीवासी अपने उजड़ने का संकेत दे रहे हैं। इसे सोशल मीडिया पर अपने संदेशों से जानकारी दे रहे हैं। हालांकि दोनों मोर्चा सिंदरी को बचाने के लिए एकजुटता की बात करते हैं लेकिन खुद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने शनिवार की सुबह धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। सांसद ने बताया कि केन्द्रीय खाद्य रसायन राज्य मंत्री भगवंत खूबे ने आश्वासन दिया है कि सिंदरी आकर जनहित के मुद्दों का निराकरण किया जाएगा। सांसद ने सिंदरी के लोगों को एकजुट रहकर संघर्ष करने के लिए भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सिंदरीवासी और व्यवसायीयों के साथ उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए प्रयासरत हूँ। वहीं संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक राजद कार्यालय सिंदरी में शनिवार को हुई और रामू मंडल को मोर्चा का संयोजक घोषित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सिंदरीवासियों को एकजुट कर एफसीआइएल प्रबंधन के सिंदरी उजाड़ो नीति का विरोध किया जाएगा। इसके लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। पीपी एक्ट के नोटिसधारकों, सामाजिक, राजनीतिक संगठनों व बुद्दिजीवियों से संपर्क कर संघर्ष को धार दी जाएगी।

### कार्यक्रम में थे शामिल

संयुक्त मोर्चा सिंदरी के प्रतिनिधिमंडल में शैलेंद्र दुबे, दिनेश सिंह, शैलेश सिंह, कौशल सिंह, विजय सिंह, सत्यदेव सिंह, दिलीप रीटोलिया, ब्रजेश सिंह, संजय प्रसाद, शशि सिंह, पवन शर्मा, मनी सिंह, सूरज प्रसाद, राजू पांडे, कामरान अख्तर, राकेश सोनी, राजेश चौधरी, रूपेश कुमार मुन्ना थे। वहीं संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्यों में अजय कुमार, मनोज घोष, विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, मुनेश्वर यादव, सुरेश राउत, राजीव मुखर्जी, अनिल सिंह, कृष्णा प्रसाद महतो, सुभाष मंडल, रामू मंडल, परशुराम सिंह, शिवचरण महतो शामिल रहे।

## बीएसएल में सीमेंस के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी सभागार में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए सिमेटिक विन सीसी बेसिक कोर्स पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के संकाय कुमार अमलेंदु के सहयोग से आरंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में सीजीएम देवाशीष सरकार तथा जीएम श्रीमती देवाश्री रानी टोप्पो उपस्थित थे। वरीय प्रबन्धक गोपाल कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि तथा सभी प्रतिभागियों के स्वागत के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सीजीएम श्री सरकार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की। जीएम श्रीमती टोप्पो ने भी सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा का धरना-प्रदर्शन



रणधीर वर्मा चौक पर धरना देते भाजयुमो के कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा धनबाद महानगर के द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ । जिसमें राज्य सरकार द्वारा स्थानीय नीति नियोजन नीति और सीटीईटी पास झारखंडी युवाओं को भी राज्य सरकार के द्वारा अवसर प्रदान करने एवं झारखंड राज्य में कानून व्यवस्था को बहाल करने की मांग को लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया। धरना को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि जब तक झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है तब तक झारखंड में खनिज संपदा की लूट चलती रहेगी । वही मौके पर प्रमुख के रूप से धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून श्री संजय कुमार झा उमेश यादव महामंत्री नितिन भट्ट भाजयुमो महामंत्री तमाल राय सुशील सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बहुजन समाज पार्टी की कमेटी का विस्तार



बहुजन समाज पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** जिले के मधुपुर विधानसभा के देवीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसैनाबाद पंचायत स्थित रहबाद क्रिकेट मैदान में बहुजन समाज पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दास ने किया। जिसमें विभिन्न प्रखंड के पार्टी के पदाधिकारीगण एवं देवपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत के कार्यकर्तागण ने भाग लिया। पार्टी के विधानसभा प्रभारी मो जियायुल हक उर्फ टार्जन ने पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित किया। कहा कि जो विकास का बात करता है वह क्षेत्र का विकास नहीं करता है। यहां तो नेताओं और उसके परिवारों का विकास हो रहा है। क्षेत्र में सभी स्कूल बर्बाद के कगार पर हैं। पर्याप्त मात्रा में स्कूल में शिक्षक नहीं हैं। पूरे क्षेत्र में किसान सुखाड़ से जूझ रहा है। सरकार किसान के मुद्दों पर किसी प्रकार का कोई बात नहीं करता है। बैठक में बहुजन समाज पार्टी का प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार किया गया।

### सुनील कुमार दास बने प्रखंड अध्यक्ष

प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दास, उपाध्यक्ष शाहिद अंसारी, लक्ष्मण पुरी, मुमताज अंसारी, विनोद कोल, सचिव मोबारक अंसारी, कोषाध्यक्ष करामत हुसैन को बनाया गया। इस मौके पर निजाम अंसारी, मो रईस अंसारी, मो जाबिर अंसारी, मो मोबिन अंसारी, मो समीर अंसारी, मो बहादुर अंसारी, नीतीश कुमार दास, सफरुद्दीन अंसारी, अख्तर हुसैन, असलम अंसारी आदि दर्जनों मौजूद थे।

## श्रमिक नेताओं के मुद्दों को लेकर सेल अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



**बोकारो।** एचएमएस से संबद्ध स्टील मेटल एंड इंजीनियरिंग वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस संजय बढ़ावकर एवं फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष तथा क्रांइम संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश से दिल्ली स्थित कार्यालय में मजदूरों के 39 माह का बकाया एरियर, नाइट शिफ्ट एलाउंस तथा ठेका मजदूरों के वेज रिवीजन आदि को अंतिम रूप देने की मांग की। सेल अध्यक्ष ने भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए वार्ता में शामिल निदेशक कार्मिक केके सिंह को गाइडलाइन देते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द एनजेसीएस की बैठक बुलाकर सभी मामले का निपटारा करें। इसके बाद निदेशक कार्मिक कार्यालय में बैठक हुई जिसमें सेल के निदेशक कार्मिक के अलावे ईडी कार्मिक बी एस पोपली, मानस रथ एवं उप्पल शामिल रहे। सभी अधिकारियों ने यूनियन की मांग पर सहमति जताते हुए जल्द ही एनजेसीएस की बैठक बुलाकर सभी लंबित मामलों को सुलझाने की बात कही।

## जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं के शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** एलआईसी बोकारो शाखा- 2 के समस्त अभिकर्ताओं के लिए आयोजित मेगा शैक्षणिक सेमिनार में लगभग 350 से अधिक अभिकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में विख्यात जीवन बीमा मोटिवेटर पंजाब सिंह व विशिष्ट सम्मानित अतिथिगण के रूप में सेवानिवृत्त विकास अधिकारी उपस्थित रहे जो खुद एलआईसी के एमडीआरटी अभिकर्ता भी हैं। सभी अभिकताओं ने जीवन बीमा से संबंधित विपणन कौशल की बारीकियों को भलीभांति समझा। कार्यक्रम में बोकारो शाखा-2 के वरीय शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार, सहायक शाखा प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव, बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव दिलीप कुमार झा तथा शाखा उपाध्यक्ष तरुण कुमार उपस्थित रहे। मंच संचालन वंदना सिंह व धन्यवाद ज्ञापन रवि कुमार सिंह ने किया। शाखा के विकास अधिकारी एसके शरण, विष्णु शंकर मिश्रा, बबलू कुमार झा, चन्द्र प्रकाश जायसवाल, अवधेश कुमार, वंदना सिंह, मनोज लोहानी सहित शाखा के सभी अभिकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## चंदनकियारी में तीन लाख की चोरी

**बोकारो/चंदनकियारी।** चंदनकियारी थाना क्षेत्र के दास टोला स्थित रेलकर्मी दिनेश कुमार दास के घर अज्ञात बदमाशों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखे 22 हजार रुपए नकद समेत तीन लाख मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली। रेलकर्मी की पत्नी शिक्षिका चंचल कुमारी के लिखित बयान पर चंदनकियारी थाना में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। कहा गया है कि पति दक्षिण पूर्व रेलवे के भोजूडीह में लोको पायलट हैं, जो अपने कार्यस्थल में ड्यूटी पर थे। वहीं पत्नी बतौर हाई स्कूल शिक्षिका के नौकरी में योगदान के लिए सर्टिफिकेट जांच के कार्य में लातेहार गई हुई थीं। जब पत्नी लातेहार से घर लौटी तो घर के मुख्य दरवाजा में लगे ग्रील का ताला टूटा पाया।

## लायंस क्लब ने लगाया आइवीएफ शिविर

- शिविर में 96 महिलाओं को दी गयी जांच की सलाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** शनिवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कतरास बाजार स्थित निचीतपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रांगण में अंकुरम आईवीएफ सेंटर, रांची द्वारा निचीतपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा लायंस क्लब ऑफ कतरास के संयुक्त तत्वावधान में आईवीएफ संबंधित शिविर लगाया गया । जिसमें करीब 96 मरीजों को निसंतानता संबंधी रोगों का उपचार किया गया एवं परामर्श दिया गया। इस शिविर में अंकुरम आईवीएफ सेंटर की ओर से डॉक्टर मुनुन कुमार, काउंसलर बिट्टू भाई पटेल, शिवानी सिंह और राजेश कुमार ने सभी मरीजों को उचित इलाज एवं परामर्श दिया। यह कैंप लायंस क्लब ऑफ कतरास के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर तथा क्लब डायरेक्टर डॉक्टर रूद्रेश सिंह की निगरानी में हुआ । इस कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ कतरास की ओर से कुमार चंदन, डॉ स्वतंत्र कुमार, विभूति सिंह, कृष्ण कन्हैया राय, अचिंतो बोस तथा कई सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

## नियोजन को लेकर धरना पर बैठा परिवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केंदुआ।** कुसुंडा एरिया 6 के महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य गेट पर अपनी मांगों को लेकर आशा देवी,चिंता देवी,निकी देवी पिछले चार दिनों से अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे ने बताया कि मेरे नाना ससुर डेगन पासवान नयाडीह कुसुण्डा कोलियरी में मजदूर के रूप में कार्यरत थे। डेगन पासवान की पुत्री चिन्ता देवी जब अविवाहित कन्या थी।तभी डेगन पासवान भीआरएस के तहत सेवा निवृत हो गया। उसी वक्त साधु पासवान नामक व्यक्ति डेगन पासवान का फर्जी पुत्र बनकर बीसीसीएल में भीआरएस के अन्तर्गत डेगन पासवान के स्थान पर नियोजन प्राप्त कर लिया। तथा बाद में डेगन पासवान की एकमात्र पुत्री चिन्ता देवी से विवाह कर लिया। विवाहोपरान्त मेरे पति हीरा पासवान एवं अन्य पुत्रो का जन्म हुआ। हीरा पासवान मेरे पति है। जो बड़ा होने पर दिनांक 01 जुलाई 2000 को अपने अधिवक्ता का माध्यम से बीसीसीएल प्रबंधन को फर्जी नियोजन के संबंध में नोटिस दिया परन्तु साधु पासवान को नौकरी वर्खास्त नही किया गया। उसी समय से लगातार साधु पासवान को वर्खास्त करने के लिए प्रयासरत रहने के बावजूद वह नौकरी करते रहा और अन्ततः 22 जून 2019 को सेवा अवधि में बर्खास्त हो गया। स्व० चिता देवी जो मेरी सास है।उसे मेरे नाना ससुर डेगन पासवान के स्थान पर नियोजन मिलना चाहिए था।तथा उसके बाद मेरी सास के स्थान पर मेरे पति हीरा पासवान नियोजन प्राप्त होता परन्तु ऐसा नहीं हुआ। मेरी सास चिन्ता देवी के नियोजन के स्थान पर क्षतिपूर्ति के रूप में मेरे पति हीरा पासवान को बीसीसीएल में अबिलम्ब नियोजन दिलाने हेतु चिंता देवी 2 अगस्त से धरना पर बैठी है। जब तक नियोजन प्राप्त नही होता है।तब तक धरना में बैठे रहेगी।

एक नजर में

## नावाडीह के जल-जमाव क्षेत्र का निरीक्षण



जल-जमाव का निरीक्षण करते प्रखंड विकास पदाधिकारी।

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के आदेशानुसार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी धनबाद श्री ज्ञानेंद्र कुमार, कनीय अभियंता एवं मुखिया के द्वारा ग्राम पंचायत नावाडीह के जल जमाव क्षेत्र के शिकायत कर्ता नितेश कुमार बर्नवाल एवं चमारी राम की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी धनबाद ने बताया कि जल जमाव क्षेत्र का स्तर रोड के स्तर से नीचे है। जिसके कारण जल की निकासी नहीं हो पा रही है। इसका समाधान करने के लिए हीरक रोड के समकक्ष लगभग 2000 फीट नाली का निर्माण करना होगा। नाली को हीरक रोड पर अवस्थित पुल से जोड़कर भूलीबस्ती, पण्डारपला होते हुए पम्पू तालाब से मिलाने से इस समस्या का समाधान संभव हो सकता है।

पेज 3 का शेष

### इमरान फिर गिरफ्तार...

यहां कई बेशकीमती सामान भी होते हैं। इसपर सरकार का नियंत्रण होता है। इमरान खान पर आरोप है कि उन्होंने अपने शासन काल में तोशखाने में रखे कीमती सामानों को बेच दिया। इससे उन्हें 14 करोड़ रुपये मिले। इस तरह उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग किया। यह घटना 2018 से 2022 के दौरान हुई।

### झारखंड की महिला पुलिस...

जबकि सुजाता भगत ने पुश पूल इवेंट के सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। सुजाता भगत ने बताया कि लेट वीजा के कारण बेंच प्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पायी। गौरतलब हो कि इससे पहले झारखंड पुलिस के सिपाही संतोष कुमार बोबेंगा ने वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल जीता था।

### दिल्ली-रांची इंडिगो फ्लाइट की...

फ्लाइट ने सुबह 7 बजकर 20 मिनट पर रांची आने के लिए उड़ान भरी, लेकिन महज 20 मिनट के बाद ही आसमान में ही विमान में तकनीकी खराबी आ गयी। रांची पहुंचे यात्रियों ने कहा कि अचानक तकनीकी खराबी आने की वजह से 20 मिनट तक आसमान में प्लेन घूमती रही। उसके बाद जब जमीन पर प्लेन को लैंड कराया गया तो यात्रियों को दूसरी प्लेन से रांची भेजने की व्यवस्था की गयी। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो प्रबंधन की तरफ से यात्रियों के लिए भोजन और उनके रिफ्रेशमेंट का भी इंतजाम कराया गया था। इससे पहले शुक्रवार को भी पटना एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को सुबह में इमरजेंसी लैंडिंग करायी गयी थी।

### ऑडिट टीम ने अब उठाया सवाल...

हालांकि फिक्स डिपाजिट तड़वाने से पहले जैक ने महालेखाकार कार्यालय और जैक के सीनियर एडवोकेट अनिल कुमार से कानूनी सलाह भी मांगी थी। दोनों के परामर्श के बाद जैक ने माना कि सरकार का आदेश सर्वोपरि है। इसलिए बच्चों व कर्मचारियों के हित के लिए रखे गये पैसे यानि फिकस्ड डिपॉजिट को तोड़कर 250 करड़ो रुपये सरकारी खजाने में जमा करा दिए। अब यही पैसा जैक की गले की हड्डी बन गयी है। जैक को अब जवाब देते नहीं बन रहा है कि आखिर जैक के तत्कालीन अध्यक्ष ने राज्य सरकार को यह पैसे क्यों उपलब्ध कराये। **क्या है मामला :** राज्य की तत्कालीन रघुबर दास की सरकार ने जैक पर दबाव बनाकर यहां जमा किये गए 400 करोड़ को तत्काल सरकार को जमा करने का निर्देश दिया था। यह 400 करोड़ बच्चों से ली गयी फीस से काउंसिल के फंड में जमा हुआ था। इससे बच्चों तथा अकादमिक काउंसिल के कर्मचारियों का भला होना था। पर के दबाव के कारण फिक्स डिपॉजिट कर रखी गयी इस राशि को तुड़वाकर इसमें से 250 करोड़ रुपए सरकार के खजाने में जमा करवा दिया। ऐसा राज्य बनने के बाद पहली बार हुआ, जब वित्त विभाग ने दबाव बनवाकर ऑटोनोमस बॉडी जैक से यह राशि एफडी तुड़वाकर ले ली। बताया जा रहा है कि जैक से 400 करोड़ मांगने का वित्त विभाग का फरमान अनोखा था। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है की किसी भी राज्य में ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। यदि काउंसिल में ज्यादा पैसा आ रहा है, तो इसका मतलब है बच्चों से ज्यादा फीस ली जा रही है। काउंसिल कोई लाभ कमाने की संस्था तो नहीं, जिससे आमदनी कर सरकार अपना खर्च निकाले। काउंसिल में जमा राशि को सरकार अपने कोष में जमा कराये, यह नैतिक नहीं है। **...तब पशोपेश में थे जैक के पदाधिकारी :** सरकार ने जब 400 करोड़ रुपए खजाने में जमा करवाने का दबाव बनाया, तब जैक के अधिकारी पशोपेश में पड़ गए। वित्त विभाग ने 13 दिसंबर, 2018 को जैक को तत्काल पैसा जमा करवाने का निर्देश दिया। जैक में सबको यह चिंता सत्ता रही थी की जो पैसा सालो से कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए एफडी कर रखा गया है, किस आधार पर उस एफडी को तोड़कर सरकार के खजाने में यह राशि जमा कराई जाये। जैक की बैठक में तय किया गया की एफडी तुड़वाने से पहले महालेखाकार कार्यालय और जैक के सीनियर एडवोकेट अनिल कुमार से कानूनी सलाह मांगी जाये। उक्त दोनों से परामर्श के बाद जैक ने माना की सरकार का आदेश सर्वोपरि होगा। इसीलिए बच्चो व कर्मचारियों के हित के लिए रखी गयी एफडी को तुड़वाकर उक्त राशि में से 250 करोड़ सरकारी खजाने में जमा करवा दिया गया था।

### चांद की कक्षा में आ पहुंचा...

इसके बाद चंद्रयान-3 करीब 18 दिन बाद चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की कोशिश करेगा। पूरी दुनिया की निगाहें भारतीय चंद्रयान अभियान पर टिकी है। इसरो ने बताया कि छह अगस्त की रात 11 बजे के आसपास चंद्रयान को चांद की दूसरी कक्षा में प्रवेश करवाया जायेगा। नौ अगस्त की दोपहर पौने दो बजे के आसपास तीसरी ऑर्बिट मैन्यूवरिंग होगी। 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे के आसपास चौथी और 16 अगस्त की सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास पांचवां लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन होगा। 17 अगस्त को प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग होंगे। 18 और 20 अगस्त को चांद की कक्षा की दूरी को और कम किया जायेगा। इसके बाद लैंडर मॉड्यूल 100 गुणा 30 किलोमीटर की कक्षा में जायेगा। इसके बाद इस मिशन का सबसे कठिन पल 23 को आयेगा जब इसे चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग कराया जायेगा। सबसे बड़ी बात की अगर चंद्रयान-3 की लैंडिंग सफल हो जाती है तो चंद्रयान-3, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला अंतरिक्ष यान बन जायेगा। अब इसकी लगातार कम की जायेगी। गति कम होने के कारण चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा को पकड़ने में सफल होगा और इससे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास यान को लैंड कराने में भी सहूलियत होगी।

### मानसून सत्र पर मुख्यमंत्री ने...

25 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से पांच ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब दिया गया। शेष लंबे ध्यान आकर्षण सूचनाओं को प्रश्न और ध्यान आकर्षण समिति को सदन के द्वारा सपोर्ट किया गया है। सदन की कार्यवाही के दौरान 39 निवेदन स्वीकृत हुए। इसके अलावा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखा गया।


WILD WAADI
AN ENTERTAINMENT HUB
Abhi Nhi toh Kabhi Nahi
FREE COSTUME LOCKER & PARKING
Special Price
INR 100
For All Rides and Attractions
Hurry Offer Valid Till 31st August, 2023
Call Us: +91 9304816880
16 Plus Attractions and Rides Only For INR 100
Amusement park | Bird park | Zip line | Hurdle swimming | Water park | 360 cycle | Spinner
Trampoline bungee | GoGo karte | Rope course | Scoopy football | Children Boat | Mata mandir
Fish Spa | Rajwada theme marrige lawn for photoshoot
Plot 311, Dasmile Chowk, Road, near Taurian World School Devi Mandap,
Ranchi, Jharkhand 835221

# हेपेटाइटिस: लक्षण जान तुरंत जांच से ही बचाव संभव




**हेपेटाइटिस** लिवर की बीमारी है जो हेपेटाइटिस वायरस के इन्फेक्शन से होती है। लिवर हमारी बॉडी का दूसरा बड़ा ऑर्गन और डेढ़ किलोग्राम वजन की सबसे बड़ी ग्लैंड है। व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए लिवर का बड़ा योगदान होता है। यह बॉडी के मेटाबॉलिज्म सिस्टम को कंट्रोल में रखता है। बाइल फ्ल्यूड का निर्माण करता है जो भोजन को पचाने, इसमें मौजूद पोषक तत्वों के अवशोषण या स्टोर करने में मदद करता है। ब्लड को फिल्टर कर टॉक्सिक शरीर से बाहर निकाल कर साफ करने का काम करता है। हेपेटाइटिस इंफेक्शन होने से लिवर में सूजन आ जाती है और उसकी कार्यप्रणाली बाधित हो जाती है।

## क्या हैं कारण संक्रमण के

लिवर मूलतः दो कारणों से संक्रमित होता है- वायरस शरीर में प्रवेश करने से और अल्कोहल के सेवन से। दरअसल, आधुनिक जीवन-शैली के चलते हमारे खान-पान और रहन-सहन के तरीके में काफी बदलाव आए हैं जो हेपेटाइटिस की वजह बनते हैं। मसलन, दूषित पानी और भोजन करना, संक्रमित व्यक्ति का ब्लड लेने या ब्लड संबंधी उत्पादों के इस्तेमाल से, संक्रमित सीरिंज के उपयोग से, संक्रमित व्यक्ति के रेजर, ब्रश, नेलकटर का इस्तेमाल करने से, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, असुरक्षित यौन संबंधों से हेपेटाइटिस फैलता है वहीं गर्भवती मां से बच्चे को अल्कोहल, नशीली चीजों या धूम्रपान का अधिक सेवन करना, इंट्रानेजल ड्रग्स लेने या एक ही नीडल शेयर करने से, कुछ मेडिसिन के ज्यादा सेवन से, टैटू निडल से, डॉक्टर, नर्स, लैबोरेटरी टेक्नीशियन आदि में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान इंफेक्शन से भी संक्रमण की आशंका है।

## हैपेटाइटिस के प्रकार

हैपेटाइटिस मुख्यतः पांच प्रकार के होते हैं जिन्हें ए,बी,सी,डी और ई नाम से जाना जाता है। इनमें हेपेटाइटिस बी सबसे खतरनाक माना जाता है। टीका होने के बावजूद इसे पूरी तरह ठीक नहीं किया जा सकता, केवल रोकथाम या बचाव संभव है। पकड़ में न आने के कारण वायरस धीरे-धीरे पनपते रहते हैं और लिवर को नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादा समय तक मौजूद रहने पर लिवर सिरोसिस और लिवर फैल्योर, हेपेटोसेल्युलर कार्सिनोमा का जोखिम बढ़ा देते हैं। ये वायरस बॉडी फ्ल्यूड के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। हैपेटाइटिस सी बड़ों या बच्चों, किसी को भी हो सकता है।

## लक्षण जो पकड़ में नहीं आते

हैपेटाइटिस बी के लक्षण कभी-कभी शुरूआती दौर में पकड़ में नहीं आते जैसे-हल्का बुखार, जी मितलाना, शरीर में कमजोरी, भूख कम लगना, पेट दर्द, मांसपेशियों में दर्द, पेशाब का रंग पीला होना, पेट में पानी भर जाना। कई बार तो छह महीने बाद पता चलता है। रूटीन चैकअप या दूसरी बीमारियों की वजह से अल्ट्रासाउंड या ब्लड टेस्ट करवाने पर भी पता नहीं चल पाता कि उसे कौन-सा हैपेटाइटिस है।

## जांच व वैक्सीनेशन

हेपेटाइटिस का अंदेशा होने पर क्रॉनिक हेपेटाइटिस बी,सी डिजीज की जांच के लिए मरीज का एसजीपीटी ब्लड टेस्ट किया जाता है। वर्तमान में नेशनल प्रोग्राम के तहत नवजात शिशु को हैपेटाइटिस बी वैक्सीन की तीन डोज लगाई जाती हैं। अगर टेस्ट के दौरान गर्भवती को हैपेटाइटिस बी होने का पता चले तो बच्चे को हेपेटाइटिस वैक्सीन के साथ हेपेटाइटिस बी इम्यूनोग्लोबुलिन ऌल्ड्ढइकॠ० वैक्सीन भी लगानी पड़ती है ताकि इंफेक्शन का रिस्क कम हो जाए। वयस्क व्यक्ति भी हैपेटाइटिस वैक्सीन लगवाएं लेकिन यदि एंटीबॉडी टेस्ट पॉजिटिव निकलता है तो वैक्सीन जरूरी नहीं।

**लिवर मूलतः दो कारणों से संक्रमित होता है- वायरस शरीर में प्रवेश करने से और अल्कोहल के सेवन से। दरअसल, आधुनिक जीवन-शैली के चलते हमारे खान-पान और रहन-सहन के तरीके में काफी बदलाव आए हैं जो हेपेटाइटिस की वजह बनते हैं। मसलन, दूषित पानी और भोजन करना, संक्रमित व्यक्ति का ब्लड लेने या ब्लड संबंधी उत्पादों के इस्तेमाल से, संक्रमित सीरिंज के उपयोग से, संक्रमित व्यक्ति के रेजर, ब्रश, नेलकटर का इस्तेमाल करने से, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, असुरक्षित यौन संबंधों से हेपेटाइटिस फैलता है।**

## ओरल टेबलेट भी

हैपेटाइटिस बी के उपचार के लिए ओरल टेबलेट भी उपलब्ध हैं जो मरीज की स्थिति के हिसाब से दी जाती हैं। हैपेटाइटिस सी के लिए तीन महीने का मेडिसिन का कोर्स चलाया जाता है। कुछ मरीजों को लिवर सिरोसिस हो सकता है, जिनका इलाज आगे चलता है।

## हैपेटाइटिस ए और इ

फ्लेवी वायरस से होने वाले इन हेपेटाइटिस को जॉन्डिस या पीलिया कहा जाता है जो दूषित पानी या ऐसे भोजन के सेवन से होता है। मरीज को आंत्रशोथ भी हो जाता है। इसका संक्रमण फीको ओरल रूट के जरिये होता है व सफाई न रखने, हाथ न धोने से फैलता है। यदि व्यक्ति गंदे हाथों से खाने-पीने की चीजें छूता है, तो वायरस उनमें चले जाते हैं। यह वायरस लीवर में बनने वाले पीले रंग बाइलरुबिन फ्ल्यूड की मात्रा बढ़ा देता है जिससे जॉन्डिस हो जाता है। तेज बुखार होता है। आंखें और त्वचा का रंग पीला व यूरिन भी पीला हो जाता है। भूख न लगने, उल्टी या डायरिया की शिकायत रहती है। डॉक्टर हैपेटाइटिस की जांच के लिए मरीज का लिवर फंक्शन टेस्ट और आईएनआर ब्लड टेस्ट करते हैं। आमतौर पर मरीज 3-4 सप्ताह में ठीक हो जाता है। अधिक दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ती। नवजात शिशु को भी हेपेटाइटिस ए से बचाने के लिए वैक्सीन लगाई जाती है।

## रोकथाम के उपाय

अगर आप हेपेटाइटिस से पीड़ित हैं तो परिवार के सभी सदस्यों का परीक्षण कराएं। अगर किसी व्यक्ति को 15-20 साल पहले कभी भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन हुआ हो या सर्जरी हुई हो, डेंटल प्रोसिजर हुआ हो तो हैपेटाइटिस बी और सी के टेस्ट करवाएं। वैवाहिक रिश्ते से बाहर रिलेशन में रहने वाले लोग हैपेटाइटिस टेस्ट व रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन जरूर कराएं। डिस्पोजेबल सिरिंज के इस्तेमाल की मांग करें। पर्सनल हाइजीन की चीजें शेयर करने से बचें। जरूरत पड़ने पर ब्लड रेड क्रॉस सोसाइटी या मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से ही लें। अल्कोहल से बचें। डॉक्टर से कंसल्ट करके ही मेडिसिन लें।

# दालचीनी डायबिटीज सहित कई रोगों के मरीजों के लिए लाभकारी

**डायबिटीज**

दालचीनी डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी लाभकारी है। इसके सेवन से इंसुलिन सेंसेटिविटी को बेहतर बनाया जा सकता है। बता दें कि इंसुलिन एक बेहद महत्वपूर्ण हार्मोन होता है जो एनर्जी और मेटाबॉलिज्म को भी रेगुलेट करता है। दालचीनी में ब्लड शुगर घटाने वाली प्रॉपर्टीज पाए जाते हैं। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**हार्ट डिजीज में फायदेमंद**

बदलती जीवनशैली में लोगों में हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। कम उम्र में ही लोग दिल संबंधी समस्या के शिकार हो रहे हैं। इसकी मुख्य वजह कोलेस्ट्रॉल, ट्राईग्लाइसेराइड का बढ़ना। साथ ही ब्लड प्रेशर बढ़ा रहने का भी सीधा दिल की सेहत पर असर पड़ता है। दालचीनी कोलेस्ट्रॉल और ट्राईग्लाइसेराइड को घटाने का काम करती है। इसके नियमित सेवन से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है।

**न्यूरोडिजनरेटिव डिजीज**

बढ़ती उम्र में बहुत से लोगों को अल्जाइमर्स और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडिजनरेटिव बीमारियां हो जाती है। दालचीनी में ऐसे कंपाउंड पाए जाते हैं जो कि ब्रेन में एक खास तरह का प्रोटीन को जनरेट होने से रोकते हैं जो कि न्यूरो संबंधित इन बीमारियों के होने का कारण बनता है।

**बैक्टीरियल, फंगल इंफेक्शन**

बदलते मौसम में बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का रिस्क काफी बढ़ जाता है। लेकिन दालचीनी के सेवन से अलग-अलग तरह के संक्रमणों से लड़ने में मदद मिलती है। दालचीनी पाउडर दांतों की खराबी और खराब सांसों को सुधारने में भी मदद करता है।

# टीकाकरण और अवेयरनेस से जीवनरेखा में सुधार

पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी कि पांच सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है। प्रतिस्पर्धा का यह दौर डिप्रेशन के रूप में सामने आ रहा है और सेहत के मोर्चे पर इसके दुष्परिणाम तेजी से सामने आने लगे है।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

यदि कोरोना प्रकोप छोड़ दिया जाए तो अब इसमें कोई दोराय नहीं कि दुनिया के देशों में जीवनरेखा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के समग्र प्रयासों का परिणाम है कि अपने समय की जानलेवा बीमारियां टीबी, मलेरिया, टाइफाइड, पोलियो, पीलिया, डायरिया आदि पर काफी हद तक कंट्रोल कर लिया गया हैं। दुनिया के देशों में बाल मृत्युदर लगभग आधी रह गई है तो प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर भी करीब एक तिहाई रह गई है। संस्थागत प्रसव ने हालातों में तेजी से सुधार किया है। दुनिया के अधिकांश देशों में संक्रामक रोगों का असर भी कम हुआ है तो डेंगू, स्वाइन फ्लू व इसी तरह की कुछ जानलेवा बीमारियां सामने आने लगी है।

पिछले कुछ दशकों से हमारे देश ही नहीं दुनिया के लगभग अधिकांश देशों में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके लिए वैक्सीनेशन अभियान और सरकारों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जाने वाले अवेयरनेस और नियंत्रण अभियानों से हालातों में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों की जीवन प्रत्याषा में बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के अपवाद को अलग कर दिया जाए तो जहां 2000 में औसत आयु 67 साल होती थी वह 2019 तक बढ़कर 73 साल हो गई है। यानी की 19 सालों में छह साल अधिक जीने लगे हैं आमनागरिक। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धी है सरकारों और स्वास्थ्य सेवाओं की।

यदि हमारे देश की ही बात करें तो जच्चा-बच्चा सुरक्षा अभियान के तहत महिला के प्रेगनेंट होने के साथ से ही नियमित जांच, दवा और टीकों का अभियान चलने के साथ ही प्रसव के बाद बच्चों की सुरक्षा और भविष्य में बीमारी ना हो इसके लिए नवजात बच्चों को मासिक, त्रैमासिक, छमाही, वार्षिक के साथ ही पाचं सात साल की उम्र होने तक जिस तरह से अलग अलग बीमारियों से सुरक्षा के लिए टीके लगाये जा रहे हैं और सरकारी डिस्पेंसरियों में वार विशेष को टीका लगाने की व्यवस्था होने से लोगों में अवेयरनेस आई है और इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगा है। टीकाकरण और समय समय पर एनिमिया, दस्त निरोधक, कृमि नाशक दवाएं अभियान चलाकर उपलब्ध कराने से सेहत के क्षेत्र में लगातार सुधार आया है। यह वास्तव में चिकित्सा जगत की बड़ी उपलब्धि मानी जानी चाहिए और इसके लिए सरकारों व स्वास्थ्य सेवा से जुड़े लोगों को श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्हीं के प्रयासों से यह संभव हो पाया है।




एक तरफ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जीवन रेखा बढ़ी है तो तस्वीर का धुधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी कि पांच सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गए कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है। हांलाकि मेट्रो सिटीज में गगनचुंबी अट्टालिकाओं के कारण सूर्य भगवान से साक्षात्कार करना लगभग मुश्किल भरा हो जाता है। इसी तरह से काम धंधे की भागदौड़ में धूप सेवन जैसी प्रकृति से सीधे साक्षात्कार का अवसर लाभ नहीं ले पाते हैं। और तो और रंग काला हो जाएगा इसी के चलते धूप से परहेज किया जाने लगा है। इसी तरह से बच्चों का मिट्टी में खेलने तो अब सपना रह गया है। परंपरागत खेल जो शारीरिक व मानसिक व्याधियों से बचाने में सहायक होते थे आज कहीं नेपथ्य में चले गए हैं। आज पैसा खर्च कर जिम में जाकर पसीना बहाने को तैयार है पर प्राकृतिक रूप से मिलने वाले उपहार धूप, हवा पानी से दूर होते जा रहे हैं।

**तस्वीर का धुधला पहलू यह भी सामने आना लगा है कि जो चीजें हमें प्रकृति से आसानी से मिल जाती है जिन तक सहज पहुंच है उन्हीं की डेफिसिएंसी ज्यादा होने लगी है। यह सब हमारे रहन-सहन, खान-पान और दौड़ती भागती जिंदगी का परिणाम है। आज लोगों में विटामिन डी या सी की कमी आम होती जा रही है। जबकि हम जानते हैं कि चंद मिनटों यानी कि पांच सात मिनट प्रतिदिन धूप सेवन ये विटामिन डी की डेफिसिएंसी को दूर किया जा सकता है पर हालात यह हो गए कि हम केमिकल से तैयार दवा लेने को तैयार है पर पांच मिनट धूप सेवन के लिए हमारे पास समय की कमी है।**

## प्रदूषण से डिप्रेषण का शिकार होती युवा पीढ़ी

एक कारण बढ़ता प्रदूषण भी है। इस सबसे अधिक चिंतनीय यह होता जा रहा है कि आज की पीढ़ी तेजी से डिप्रेशन की शिकार होती जा रही है। प्रतिस्पर्धा का यह दौर डिप्रेशन के रूप में सामने आ रहा है और सेहत के मोर्चे पर इसके दुष्परिणाम तेजी से सामने आने लगे है।

खैर जिस तरह से कोरोना प्रकोप के बाद लोगों में और अधिक अवेयरनेस आई है और जिस तरह से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और विस्तार हुआ है इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। सतत विकास लक्ष्य संबंधी हालिया रिपोर्ट तो यही तस्वीर सामने रख रही है। इसे सुखद भी माना जाना चाहिए कि संक्रामक रोगों पर नियंत्रण पाया जा रहा है तो लोगों में स्वास्थ्य के प्रति अवेयरनेस भी आई है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# डॉ नेने का सुझाव घुटने को कैसे बचाएं?

डॉ नेने



**बॉलीवुड** की मशहूर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के पति डॉक्टर नेने बहुत जाने माने कार्डियक और वैस्कुलर सर्जनहैं। अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से श्रीराम नेने ने फैंस के साथ लंबे समय तक घुटनों की ताकत बनाये रखने के लिए साझा किए बेहतरीन टिप्स ।

नेने ने जानकारी देते हुए बताया की शरीर में घुटने बहुत ही मुख्य किरदार निभाते है ।क्यूंकि 80 % शरीर का वजन घुटने ही उठाते है । नेने ने बताया की चलने से लेकर कूदने , झुकने में , नाचने में , ऊपर नीचे चढ़ने उतर ने में घुटने ही हमारी सहायता करते है। घुटने सबसे महत्वपूर्ण जोड़ो में से एक हैं । घुटनों की एहमियत का अंदाजा इसी से लगाया लगाया जा सकता है जैसे की शरीर के बाकी के महत्वपूर्ण जोड़ हैं कंधे, गर्दन और पीठ जैसे हम इनके बिना शरीर को हिला भी सकते ठीक वैसे ही घुटने भी है । अगर ये काम करने बंद कर दें तो हम लाचार और बेसहारा हो जाएंगे ।

**नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को बताया नॉर्मल :**

डॉक्टर नेने ने नी रिप्लेसमेंट सर्जरी को नॉर्मल बताते हुए कहा की आज कल घुटनों की समस्या इतनी बढ़ गई है की नी रिप्लेसमेंट सर्जरी अब आम हो गई है । लेकिन यह समस्या सिर्फ इंडिया में ही नहीं बल्कि बाहर विदेशों में 60 % लोग नी रिप्लेसमेंट करवा रहे हैं । नेने ये बताया की शरीर का 80 % भार उठाने की वजह से हमारी यह जिम्मेदारी बनती है की हम सम्पूर्ण शरीर को फिजिकली एक्टिव और हैल्थी रख कर अपने घुटनों की भी देख भाल अच्छे से करें।

लो इंटेंसिटी एक्सरसाइज घुटनों के लिए बेहद फायदेमंद भी साबित होती है इसके साथ ही ये एक्सरसाइज करने से घुटनों की हेल्थ भी अच्छी बानी रहती है । घुटनों की अच्छी सेहत और मजबूती के लिए हम लो इंटेंसिटी एक्सरसाइज नियमित तौर पर कर सकते हैं जैसे- वॉकिंग,रनिंग,साइकिलिंगऔर स्विमिंग आदि । घुटनों की अच्छी सेहत के लिए यह जरुरी है की हम सही फुटवेयर्स का चुनाव करें । हम शौक और फैशन में खोकर हम किसी भी प्रकार के जूते और सेंडिल खरीद कर ले आते हैं । फैशन को देखते हुए और खुद को सुन्दर दिखने की बात अगर की जाए तो महिलाओं का जिक्र सबसे पहले होता है । महिलाओं जो हाई हील्स पहनती है उनसे घुटनों को सबसे ज्यादा नुक्सान होता है । हाई हील्स की वजह से घुटनों में दर्द और सूजन आने का खतरा भी बढ़ जाता है ।

**वॉर्मअप करना है फायदेमंद:**

अगर आप जिम जाते है और वेटलिफ्टिंग कर रहें हैं । तो ध्यान रखें की उसका सबसे ज्यादा असर आपके घुटनों पर ही पड़ता है। जरुरी नहीं है की कोई एक्सरसाइज ही करें, वॉर्मअप करने के लिए आप ट्रेडमिल पर भी चल सकते हैं ।डॉक्टर नेने ने बताया की वजन बढ़ना घुटनों की समस्याओं के पीछे का एक सबसे बड़ा कारण है । अगर आप भी बढ़ते हुए वजन को लेकर परेशान है तो जल्द से जल्द उसे नियंत्रण में लाने का प्रयास करें । जिससे आपका शरीर और आपके घुटने दोनों ही स्वस्थ रहें ।वजन नियंत्रित रखना जरूरी डॉ. नेने की मानें तो वजन बढ़ना घुटनों के दर्द या अन्य समस्याओं के पीछे आम कारण माना जाता है। अगर आपका वजन ज्यादा है तो ऐसे में वजन नियंत्रित रखें। इससे घुटनों पर पड़ने वाला वजन कम होता है, जिससे घुटनों के दर्द में काफी आराम मिलता है। घुटनों को चोट से बचाएं घुटनों पर ज्यादा वजन पड़ने से मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं साथ ही साथ उनका लचीलापन भी कम हो जाता है। घुटनों को हेल्दी रखने के साथ ही चोट से भी बचाएं।

# इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम का शुभारंभ



देश के प्रसिद्ध हॉस्पिटल चेन्नई महिपाल के हृदय रोग, हड्डी और अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर की सेवा झारखंड वासियों को 1 सितंबर से रांची में ही उपलब्ध हो जाएगी। यह सुविधा राजधानी के लालपुर स्थित कमल फार्मा में मिलेगी, जहां आज इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम का उद्घाटन किया गया ।

मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ ने इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम के कार्यालय का उद्घाटन कमल फार्मा लालपुर चौक में किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रांची में चिकित्सा सहायता केंद्र का खुलना एक बहुत बड़ी सेवा है। इससे मरीजों की समस्याओं का समाधान तो तुरंत हो जाएगा । इसके अलावा दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई के बड़े अस्पतालों के डॉक्टर यहां बैठेंगे। इससे रांची सहित झारखंड के लोगों को इलाज के लिए बाहर के राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।

रांची के पूर्व में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा की बीमारी किसी भी परिवार के लिए सबसे परेशानी वाला सबब होता है। ऐसे समय में बीमार व्यक्ति और उनके परिजनों को सहायता की जरूरत होती है । रांची में इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को मेडिकल सुविधा मुहैया कराई जाएगी जो अनूठी पहल है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा इस संस्था के माध्यम से मरीजों को रांची में ही देश के बड़े हॉस्पिटल के डॉक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है और उन्हें इलाज में सहयोग किया जाएगा ह्व जो झारखंड और रांची के लिए पहली और अनूठी पहल है।

रांची इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम के एसोसिएट पार्टनर बजरंग वर्मा और कमल नाथ महतो ने बताया कि सितंबर महीने से चेन्नई के प्रसिद्ध महिपाल अस्पताल के हृदय, हड्डी सहित अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर यहां अपनी सेवा देंगे। जिससे रांची समेत झारखंड के जिलों के मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा।

इसके अलावा हमारी संस्था की ओर से यदि कोई पेशेंट इलाज के लिए बाहर जाते हैं। तो उनकी सारी व्यवस्था वाहन, ठहरने के लिए रूम के साथ संबंधित हॉस्पिटल में इलाज में मरीजों और उनके परिजनों को सहयोग किया जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में इंडिया ट्रीटमेंट डॉट कॉम के सीईओ सुमित वैद्य, एसपी चट्टोराज, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ करुणा शाहदेव, वार्ड 11 के पूर्व पार्षद अभय कुमार सिंह, रमेश सिंह, अजय पोद्दार, श्रीराम शर्मा, बसंत दास, अजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक

**चतरा।** आगामी 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है इसी निमित कार्यक्रम को जिले में सफलतापूर्वक आयोजन कराने के उद्देश्य से उपायुक्त अबु इमरान की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि यह अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा।

### इंटर स्टेट ड्रग पेडलर पर कार्रवाई

**चतरा।** जिले के बशिष्ठनगर थाना पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 96.600 किलो अफीम का डोडा चूर्ण बरामद किया है। आरोपी के पास से एक कार (ल्फ04ए7732) भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी संजू पंजाब के मोहाली जिले के मुबारकपुर का रहने वाला है। हालांकि घटना में संलिप्त स्थानीय आरोपी संजय यादव फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। आरोपी संजू हरियाणा नंबर की कार से चतरा से अफीम का डोडा चूर्ण खरीदकर पंजाब में महंगे दामों पर बेचने का धंधा करता हैं। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सरदम गांव की ओर से एक कार (ल्फ04ए7732) से अंतरराज्यीय तस्कर अफीम या डोडा लेकर जाने के फिराक में है। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में जोरी प्रतापपुर पक्की सड़क पर वाहन चेकिंग लगाकर उक्त वाहन की तलाशी ली गई।

### शिविर का आयोजन

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के बैनर तले जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय पंचायत परिषद के उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी मौजूद थे। शिविर के माध्यम से बढ़ते सड़क दुर्घटना को नियंत्रण में कैसे लाया जाए इसकी जानकारी दी गई। साथ हीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को यह बताया गया कि अदि किसी प्रकार के सड़क दुर्घटना होता है तो पहले लोग केश हो जाने से डरते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है अब अस्पताल पंहुचाने वाले को पुरुष्कार दिया जाता है। अगर आप कोई सड़क दुर्घटना में घायल को सड़क पर पड़े देखते है तो आप तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाए।

### महुआ शराब के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** एसपी कुमार गौरव के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारो में चल रहे महुआ शराब के अवैध कार्य को रोकथाम के लिए शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब दो क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया गया तथा शराब बनाने की तीन भट्ठी को ध्वस्त किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने बताया कि महुआ शराब के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा और पकड़े जाने पर आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापामारी अभियान के दौरान एसआई पंचम तिग्गा, एएसआई विकेश कुमार आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### कोडरमा में कल से चलेगा सघन मिशन इंद्रधनुष

**कोडरमा।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 7 अगस्त से सघन मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान के दौरान शून्य से 5 वर्ष आयु वाले छूटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं का पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा। उक्त बातें शनिवार को कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने कही। वहीं उन्होंने बताया की यह अभियान तीन चरणों मे चलेगा, प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा 11 से 16 सितंबर और तीसरा चरण एक से 14 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के दौरान टीकाकरण से छूटे हूए शून्य से 5 वर्ष आयु वाले 3769 बच्चों के अलावे 677 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा, अभियान को पूरी तरह सफल बनाने के लिए जिला और प्रखंड स्तर पर अलग अलग मोनेटरिंग टीम बनाई गई है।

### प्रमुख ने की पंसस के साथ बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में वर्ष 22-23 के लिए योजनाओं का चयन किया गया। वहीं प्रमुख अंजू देवी ने बताई कि अंचल में राजस्व उप निरीक्षक की प्रतिनियुक्ति किया जाए क्योंकि अभी मात्र तीन आरएसआई है, जिसमें से एक सीआइ के प्रभार में है।

### प्राथमिक अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनानगर पंचायत स्थित मंझलानगर निवासी साकिना खातून पति जिलानी खान ने नजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से मारपीट व दीवार तोड़ने व चोरी करने को लेकर थाने में आवेदन दी है। आवेदन के आलोक में नवलशाही पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया की नवलशाही थाना कांड संख्या 54/23 के प्राथमिकी अभियुक्त 45 वर्षीय निसार खान पिता स्व.बशीर खान साकिन पूर्णानगर टोला मंझलनागर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सीएम नीतीश खोल सकते हैं पिटारा, बैठक के बाद महागठबंधन के नेता बोले

# नियोजित शिक्षकों को जल्द मिलेगी बड़ी खुशखबरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग पर शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर महागठबंधन की बैठक की गई। इसमें महागठबंधन के सभी छह दलों के मुख्य-मुख्य विधायक-मंत्री के साथ कई नेता मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस विधायक मदन मोहन झा ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा बिहार की जनता के हित की बात में सोचते हैं और आज भी उन्होंने हम सभी लोगों को आदरपूर्वक कहा कि आप लोग की जो मांग है।

वह हम पूरा करेंगे और लोकसभा चुनाव में अभी काफी समय है, उससे पहले नियोजित शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि नियोजित शिक्षकों के लिए जो भी नियम संगत काम हो सकता है। वह सही समय पर हो जाएगा। भाकपा माले के विधायक महबूब अली ने कहा कि हम लोगों ने शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग पर मुख्यमंत्री से बात की। मुख्यमंत्री ने हम लोग की मांगों पर सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि इस पर हम विचार करते हैं। इस पर कैसे क्या हो सकता है। इस पर विचार की जाएगी और जो भी नियम संगत जो कानूनी प्रक्रिया के तहत जो काम होना है। इसके बाद जल्द ही इस संबंध में कुछ अच्छा निर्णय होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को भी इस पर निर्णय लेने के लिए निर्देश भी दिए हैं। बैठक में शिक्षा विभाग के साथ-साथ कई बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि आज की बैठक अति महत्वपूर्ण था। नियोजित शिक्षकों के अच्छे के लिए निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम लोग बीजेपी नहीं हैं कि जो वादा करते हैं उसे पूरा नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी लोगों की बात सुने और उन्होंने आश्वासन दिया कि हम शिक्षकों के हित में जितना अच्छा से अच्छा हो सकेगा वह करेंगे। शिक्षकों को सिर्फ राज्य कर्मी नहीं बल्कि ट्रांसफर पोस्टिंग पर भी चर्चा हुई है।

### झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा बांझेडीह व डीवीसी कामगार यूनियन की संयुक्त बैठक

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह में झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा बांझेडीह एवं डीवीसी कामगार यूनियन का संयुक्त बैठक शनिवार को एडीएम बिल्डिंग प्रांगण में किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के सचिव विजय पासवान एवं संचालन एटक जिलाध्यक्ष विनोद पासवान ने किया। बैठक में आगामी 8 अगस्त को बांझेडीह पावर प्लांट में कार्य कर रहे मजदूरों के विभिन्न मांगो को लेकर प्लांट के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय धरना की तैयारी पर चर्चा की गई।

### स्वतंत्रता दिवस प्रदर्शनी मैच को लेकर हुई बैठक

**दुमका।** स्वतंत्रता दिवस प्रदर्शनी मैच के आयोजन समिति की बैठक इंडोर स्टेडियम में शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उमाशंकर चौबे ने की। बैठक में जिला फुटबॉल संघ के गठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में से निर्णय लिया कि 10 अगस्त को होने वाली अगली बैठक में जिला फुटबॉल संघ का गठन किया जाएगा।

## तजम्मुल बने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एवं जन कल्याण संगठन के राज्य महासचिव



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर निवासी मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर के अध्यक्ष मोहम्मद तजम्मुल हुसैन जॉनी को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन का झारखंड प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संगठन के नेशनल चीफ सेक्रेटरी ने मनोनयन पत्र जारी किया है। राज्य महासचिव बनाए जाने पर तजम्मुल हुसैन ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा जरूरतमंदों की सेवा करना एवं लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। कहा कि पूर्व में भी संगठन में रहते हुए जन कल्याण के कई कार्य किये है।

पूर्व के अनुभव एवं संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्यों के साथ जनसेवा के कार्य करेंगे। इधर तजम्मुल के मनोनयन पर शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार मिश्रा, डॉक्टर मंगलेश पाठक, हाजी अरशद अहमद खान, हाजी अब्दुल हकीम, सरताज आलम, कमरुल शेख आदि ने बुके एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन-डे पर संगोष्ठी का आयोजन

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन-डे के मौके पर पौधरोपण एवं प्रकृति रक्षा जीवन सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेते हुए अतिथियों द्वारा पेड़ में रक्षा सूत्र बांधा गया एवं पौधरोपण किया गया। ततपश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### सीडब्ल्यूसी ने जमुई के दो बालकों को उनकी मां के हवाले किया

**दुमका।** बिहार के जमुई जिला के झाझा थाना क्षेत्र के रहनेवाले 14 और 11 वर्ष के दो बालक दलाल के झांसे में आकर 15 दिन पूर्व काम करने के लिए पश्चिम बंगाल के सिउड़ी इलाके में चले गये थे। उन्हें वहां भेंड़ चराने का काम करने के नाम पर ले जाया गया था। इन दोनों बालकों को भटकता हुआ पाने पर शुक्रवार की देर शाम मुफस्सिल थाना की पुलिस ने बाल कल्याण समिति के सदस्य रंजन कुमार सिन्हा के आवास पर प्रस्तुत किया था।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में कंप्यूटर क्विज का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यह प्रतियोगिता इंटर हाउस थी। वर्ग 4 से 5 में पानी हाउस के नैतिक, सृष्टि, नेहा, पवन हाउस की रोली, गौरव और धरती हाउस की आशी, पृथ्वीराज, वर्ग 6 में पवन, पानी, आकाश, वर्ग 7 में पानी, धरती, पवन वर्ग 8 में पानी, धरती और पवन हाउस को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग 9 से 10 में पानी हाउस को प्रथम, धरती-आकाश हाउस को द्वितीय और पवन हाउस को तृतीय स्थान मिला। इसमें कंप्यूटर से संबंधित सवाल पूछे जा रहे थे, जिसका जवाब बच्चे हाउसवाइज दे रहे थे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, कामिनी सहाय, पायल सिंह और फैयाज कैशर का विशेष योगदान रहा। जबकि अन्य प्रतिभागियों में अनन्या, स्वीटी, रूही झा, सुशांत कुमार, अनुराग कुमार समेत अन्य बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। मौके पर प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा सफलता के लिए अनिवार्य है। ऐसे में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों के विकास में काफी सहायक सिद्ध होगा।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर स्कूलों में तैयारी जोरों पर

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सीबीएसई पैटर्न से संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल परसाबाद में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक परेड की तैयारी की जा रही है। वहीं प्राचार्य नीरज कुमार सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक परेड मार्च निकाला जाएगा। वहीं निर्देशक सोनिया यादव ने कहा कि पूरा विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए संकल्पित है, बेहतर अनुशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्षेत्र में विद्यालय की अपनी पहचान है। मौके पर शिक्षक भीम यादव, सूरज कुमार, आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

बिना विभागीय निर्देश के हल्की बारिश में बंद कर दिया जाता है विद्यालय

## पूर्व में भी उमवि इचाक में अनियमितता बरते जाने की प्राप्त हुई थी सूचना : बीडओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** एक ओर जहां सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों तक पहुंचा सके इसकेलिए लाखों खर्च कर रही है, तो वही दूसरी तरफ कुन्दा प्रखण्ड क्षेत्र के नवादा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक के शिक्षक मौज की सैलरी उठाने में व्यस्त है।आपको जानकर हैरानी होगी की सुदूरवर्ती गाँव इचाक विद्यालय में वर्तमान में तीन शिक्षक पदस्थापित है उसके बावजूद विद्यालय बंद रहता है।वही जब विद्यालय बंद




रहने पर वहाँ के ग्रामीणों व बच्चों से इसकी पड़ताल की गई तो पता चला की शिक्षक एक या दो घंटे विद्यालय खोलने के बाद बच्चों की छुट्टी कर देते है और बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाने के लिए विद्यालय के आस -पास बने रहते हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार शिक्षकों को सिर्फ विद्यालय पहुंचने के लिए सैलरी देती है या बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसके लिए दी जाती हैं।वही विद्यालय में पढ़ने वाली आठवीं क्लास की छात्रा को अपने प्रधानाध्यापक का नाम तक पता नहीं है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उक्त विद्यालय में कितनी अनियमितता बरती जा रही है।

### विद्या कुमारी की सफलता पर विश्वकर्मा समाज ने दी बधाई

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित कोडरमा बाजार आदर्श मुहल्ला निवासी और गृह रक्षक वृंदा देवी की पुत्री विधा कुमारी के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित नेट जेआरएफ की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 161 प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित करने पर झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, जिलाध्यक्ष सुभाष राणा, प्रो कैलाश राणा, समाज के गिरिडीह जिला महासचिव देवकी राणा, डॉ. नारायण शर्मा, लखन राणा, नारायण विश्वकर्मा, शम्भू राणा, रामदेव शर्मा, अजित राणा, अरुण राणा आदि ने बधाई देते हुए विधा कुमारी की उज्वल भविष्य की कामना की है।

## गैंगस्टर अमरनाथ सिंह हत्याकांड में संलिप्त दो और अपराधी गिरफ्तार, गये जेल

**दुमका/निजसंवाददाता।** गैंगेस्टर अमरनाथ सिंह हत्याकांड में दुमका पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो अपराधी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार अपराधी पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर से बागबेड़ा थाना क्षेत्र के गाढाबासा गांव के विशाल सिंह एवं सीताराम डेरा थाना क्षेत्र के होम पाईप छायानगर गांव के अजीत मंडल है।




विशाल सिंह मूलरूप से यूपी के देवरिया जिला के खामपार थाना क्षेत्र के छपिया बघेल गांव निवासी है। इसकी जानकारी शनिवार को एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 27 जुलाई को जरमुंडी थाना क्षेत्र में प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचे जमशेदपुर का रहने वाला गैंगेस्टर अमरनाथ सिंह का कावंर यात्रा के दौरान गोली मार हत्या कर दी थी। पुलिस मामले में थाना कांड संख्या. 54/23 के तहत भादवी की धारा 302/34 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज के तहत मामला दर्ज कर जरमुंडी एसडीपीओ अमोद नारायण सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी को लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस घटना में प्रर्युक्त एक देसी पिस्टल एवं तीन जिंदा कारतुस बरामद करने में सफल रही। पुलिस घटनास्थल से 7 खोखा बरामद की थी।

पुलिस तकनीकी सहयोग से घटना में शामिल अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए जमशेदपुर के एमजीएम पुलिस के सहयोग से अपराधी दीपक चौधरी उर्फ टेका एवं अभिषेक सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को हथियार एवं जिंदा कारतूस समेत धर दबोचने में सफल रही। इस संबंध में एमजीएम थाना कांड संख्या 96/23 के तहत आर्म्स एक्ट 25(1-बी),ए/26/35 के तहत मामला दर्ज की। इधर दुमका पुलिस लगातार छापामारी करती रही। पुलिस की दबिश से कांड में फरार चल रहे अप्रशि उत्तम महतो जमशेदपुर न्यायालय में मानगो(औलीडीह ओपी)में दर्ज कांड संख्या. 124/18 में भादवी की 302/120बी/34 में आत्मसमर्पित कर दिया। बीते 4 अगस्त को छापेमारी के दौरान टाटानगर जंक्सन से पुलिस विशाल सिंह एवं अजित मंडल को गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिसिया पूछताछ में अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकारा। अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर दुमका पुलिस की छापामारी जारी है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। अपराधी हत्या, मारपीट, आर्म्स एक्ट समेत कई आपराधिक मामले में नामजद आरोपी है।

## एक नजर में

### डोभा निर्माण को लेकर आपसी रंजिश को ग्रामीणों एवं कर्मियों ने सुलझाया

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में डोभा निर्माण को लेकर उषा देवी पति राजदेव दांगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह को लिखित आवेदन देकर कानूनन कार्रवाई करने की मांग की थी। जिसका सत्यापन करते हुए कुमारी प्रेमा पति मुकेश दांगी ने योजना को सही सलामत बताया और इस बात को लेकर दोनों के बीच रंजिश मनमुटाव हुई थी। जोकि गांव के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि के साथ कर्मियों ने आपस में बैठक कर गांव में ही मामले को सुलझाया।

### छह माह तक के नवजात शिशु के लिए स्तनपान संपूर्ण आहार है : डीडीसी

**चतरा।** डीआरडीए के सभागार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम (गोष्ठी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिथियों के आगमन पर उपस्थित सेविका द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति कर स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा विश्व स्तनपान सप्ताह एक अगस्त से सात अगस्त तक चलाया जा रहा है। इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें और सभी माताओं को स्तनपान की महत्ता की जानकारी देकर जागरूक करें। छः माह तक के नवजात शिशु के लिए स्तनपान सम्पूर्ण आहार है। शिशु में रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है।

### संगठन विस्तार को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने की बैठक

**टंडवा।** भामाशाह भवन में शनिवार को भारतीय मजदूर संघ चतरा ज़िला का एक संगठातमक बैठक किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि बृजेश कुमार संगठन मंत्री भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश उपस्थित थे। बैठक कि अध्यक्षता कुलदीप साव जिला मंत्री भामस एवं बैठक का संचालन आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के सचिव शिव कुमार सिंह ने किया। अतिथि के साथ क्षेत्र से पदाधिकारियों में आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र से सीसीएल कल्याण सदस्य मुकेश कुमार झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ (ठेका श्रमिक संघ)के महामंत्री रमेश कुमार वर्मा ठेका श्रमिक अध्यक्ष गुरुदयाल साव सीसीएल आम्रपाली क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार लालजित महतो शंभू उपस्थित थे।

### अभाविप ने किया सीएम का पुतला दहन

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का पुतला बनाकर चिनिया मोड़ से रंका मोड़ ले जाया गया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, हेमंत सोरेन होश में आओ, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, छात्र विरोधी काला कानून वापस लो सहित कई अन्य नारे लगाये। मौके पर प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान समय में हेमंत सरकार के द्वारा झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पारित किया गया है, जो अंग्रेजी हुकूमत की रलेट एक्ट के भाति ही काला कानून छात्रों के लिए साबित होने जा रहा है।

### इच्छाओं के दमन से ही परमात्मा की ओर होंगे अग्रसर : जीयर स्वामी

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा है कि मनुष्य चाहता है कि हमारी सभी इच्छाएं पूर्ण हो, लेकिन आश्चर्य यही है कि संसार के किसी भी प्राणी की सभी इच्छाएं कभी पूरी नहीं हुई है। क्योंकि इच्छाओं का दमन नहीं हो पा पाता है। एक इच्छा की पूर्ति होने के बाद स्वतः दूसरी इच्छा खड़ी हो जाती है और यही दुख का कारण है। इसलिए इच्छाओं की पूर्ति से ज्यादा इच्छाओं का दमन जरूरी है। जब तक इच्छाओं का दमन नहीं होगा तब तक हम परमात्मा की ओर अग्रसर नहीं हो सकते।

### वित्त पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार को एसकेएमयू का कुलानुशासक का मिला अतिरिक्त प्रभार

**दुमका/निज संवाददाता।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के सह प्राध्यापक एवं वर्तमान वित्त पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार को कुलानुशासक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बीते शुक्रवार को अधिसूचना जारी किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ. कुमार वित्त पदाधिकारी के अतिरिक्त विश्वविद्यालय का कुलानुशासक का भी पद अगले आदेश तक संभालेंगे। निवर्तमान कुलानुशासक डॉ. काशीनाथ झा का कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण उन्हें एसपी कॉलेज, दुमका में योगदान देने के लिए निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो इनसे पूर्व भी वर्ष 2019 से 2021 तक डॉ. राजीव कुमार कुलानुशासक का पद संभाला चुकें हैं।

### कैबिनेट में परीक्षा विधेयक पारित करने पर अभाविप ने फूंका सीएम हेमंत का पुतला

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् की नगर इकाई ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का टिन बाजार चौक पर पुतला फूंका। अभाविप ने वर्तमान समय मे हेमंत सरकार के झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक पारित करने के खिलाफ पुतला फुका। अभाविप ने पारित विधेयक को अंग्रेजी हुकूमत की रॉलेट एक्ट के भाती ही काला कानून छात्रो के लिए बताया है। विभाग छात्रा प्रमुख कशिश गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से हेमंत सोरेन ने ये काला कानून ला रही है। इस कानून का अभाविप विरोध करती है। यदि परीक्षा भवन में विद्यार्थी द्वारा किसी प्रकार की गतिविधि होती है तो उसे जांच करने की आवश्यकता है, नहीं की पकड़कर सीधे जेल में डाल दे। संविधान का हवाला देते हुए कहा कि दोष सिद्ध ना हो जाने तक कोई व्यक्ति दोषी नहीं माना जा सकता है। जबकि विधेयक के अनुसार सिर्फ आरोप लगने पर ही परीक्षार्थियों को परीक्षा देने से वंचित कर देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा की यदि इस विधेयक को हेमंत सरकार वापस नहीं लेती है तो अभाविप सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेगी।मौके पर उपस्थित प्रदेश जनजातीय कार्य प्रमुख मनोज सोरेन , विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, जिला संगठन मंत्री धनंजय साह, विभाग छात्रा प्रमुख कशिश गुप्ता, नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता, नगर सह मंत्री नील महत्ता, टीएसवीपी प्रमुख कुणाल कुमार, गायत्री कुमारी, खुशी कुमारी, सुमित कुमार, उपेन्द्र दास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से की जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**हंसडीहा।** सरैयाहाट प्रखंड के चिहुंटया गांव में पिछले दस दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर दस दिन पहले अचानक जल गया। ट्रांसफार्मर जलने से उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जलने की सूचना बिजली विभाग के सहायक विधुत अभियंता को दी है, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी बिजली विभाग की ओर से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ट्रांसफार्मर जलने से पूरा गांव अंधकारमय हो गया है। इस गर्मी में रात्रि के समय लोगों को काफी असुविधा हो रही है। खासकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कठिन परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है।